दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — कोरोना के गंभीर रोगियों पर एम्स प्लाज्मा...

4 अभिव्यक्ति — आधुनिक भारत का स्वप्नदृष्टा राजीव गांधी...

9 मनोरंजन/खेल — यूलिया वंतूर को लांच करेंगे सलमान...

11 व्यापार — उबर के बाद अब ओला के 1400 कर्मचारियों...

www.navpradesh.com

रायपुर, गुरुवार 21 मई 2020, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी , विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-100 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना वायरस से भी कही ज्यादा खतरनाक सिद्ध हो रहा है अफवाह वायरस। जो सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाया जा रहा है। दिहाड़ी मजदूर पहले ही परेशान है, अफवाह बाज उन्हे और परेशान कर रहे है। नई दिल्ली हो या मुंबई हर महानगरों में अफवाह के चलते मजदूरों की भारी भीड़ रेलवे स्टेशन और बस स्टाप पर उमड़ पड़ती है। जिन्हे पुलिस की लाठीयां खानी पड़ती है। कुछ स्वनाम धन्य नेता भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए मजदूरों के साथ क्रूर मजाक करने से बाज नहीं आ रहे है। गरीब मजदूरों की आह लेने वाले धंधेबाजों का बेड़ा गर्क होना तय है।

आज से किसानों को सीधे खाते में 'न्याय'

गुरुवार को शुरू होगी छत्तीसगढ़ सरकार की राजीव गांधी गांधी किसान न्याय योजना

■ कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होंगे कार्यक्रम में शामिल

■ पहली किश्त के रूप में अंतरित होगी 1500 करोड़ की राशि

■ चार किश्तों में डीबीटी के माध्यम से दिए जाएंगे 5700 करोड़ रु.

पहले ही हो चुके 900 करोड़ वितरित

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गतिशील और मजबूत बनाने के लिए लॉकडाउन जैसे संकट के समय में किसानों को फसल बीमा और प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत 900 करोड़ की राशि उनके खातों में अंतरित की गई है।

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के किसानों को उनके हक के अतिरिक्त पैसे आज से सीधे उनके खाते में जमा होना शुरू हो जाएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के शहादत दिवस 21 मई गुरुवार के दिन छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू कर रही है। दिल्ली से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए इस योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्रीमण्डल के सदस्यगण मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे स्वर्गीय राजीव गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके पश्चात न्याय योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली 5700 करोड़ रुपए की राशि में से प्रथम किश्त के रूप में 1500 करोड़ रुपए की राशि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना संकट काल में साबित होगी बड़ी राहत

कोरोना संकट के काल में किसानों को छत्तीसगढ़ सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से बड़ी राहत प्रदान करने जा रही है। इस योजना का उद्देश्य फसल उत्पादन को प्रोत्साहित करना और किसानों को उनकी उपज का सही दाम दिलाना है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने तथा कृषि के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करने लिए यह महत्वाकांक्षी योजना लागू की जा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश के 19 लाख किसानों को 5700 करोड़ रूपए की राशि चार किश्तों में सीधे उनके खातों में अंतरित की जाएगी। यह योजना किसानों को खेती-किसानी के लिए प्रोत्साहित करने की देश में अपने तरह की एक बडी योजना है।

हितग्राहियों के साथ संवाद भी होगा

मुख्यमंत्री बघेल कार्यक्रम के आरंभ में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के संबंध में संक्षिप्त उद्बोधन देगें । कार्यक्रम में किसानों को दी जाने वाली 5700 करोड़ रुपए की राशि में से प्रथम किश्त के रूप में 1500 करोड़ रूपए की राशि के कृषकों के खातों में अंतरित की जाएगी। इस अवसर पर जिला मुख्यालयों में उपस्थित योजना के हितग्राहियों के साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और लघु वनोपज के हितग्राही तथा गन्ना और मक्का उत्पादक किसानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा भी की जाएगी।

ये हैं योजना की अन्य खूबियां

- *खरीफ2019 से धान तथा मक्का लगाने वाले किसानों को सहकारी समिति के माध्यम से उपार्जित मात्रा के आधार पर अधिकतम 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से अनुपातिक रूप से आदान सहायता राशि दी जाएगी।*
- *धान के लिए 18 लाख 34 हजार 834 किसानों को प्रथम किश्त के रूप में 1500 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की जाएगी।*
- *योजना से प्रदेश के 9 लाख 53 हजार 706 सीमांत कृषक, 5 लाख 60 हजार 284 लघु कृषक और 3 लाख 20 हजार 844 बड़े किसान लाभान्वित होंगें।* ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अम्फान ने बरपाया कहर

बंगाल के तट से टकराया भीषण चक्रवाती तूफान, उखड़े पेड़ व खंभे

■ ओडिशा-प. बंगाल के कई क्षेत्रों में जोरदार बारिश

6.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा | **3** की मौत हुई प. बंगाल व ओडिशा में | **165** किमी/घंटा की रफ्तार से चली हवा

नई दिल्ली/वार्ता। भीषण चक्रवाती तूफान अम्फान ने बुधवार को बंगाल के तट पर दस्तक दे दी। इसकी वजह से पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हो रही है। सर्वाधिक असर प. बंगाल में हुआ है। यहां 165 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। जगह-जगह पेड़ व बिजली के खंभे गिर गए। राज्य में दो लोगों की मौत भी हो गई। कमोबेश ऐसा ही आलम ओडिशा में देखने को मिला। यहां भी कई जगह कच्चे मकान धराशायी हो गए। भद्रक जिले में एक की मौत की खबर सामने आई है। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय मोहपात्रा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह तूफान पश्चिम बंगाल के तट से टकरा गया है। तट से टकराने की यह की प्रक्रिया अपराह्न 2.30 बजे शुरू हुई थी। यहां अनेक क्षेत्रों में पेड़ उखड़ कर गिर गये हैं।

25 मई से उड़ेंगे विमान

■ घरेलू विमान सेवा होगी शुरू

नई दिल्ली ए.। कोरोना संक्रमण के कारण देश में लॉकडाउन का चौथा चरम जारी है। इस बीच सरकार देश की रुकी हुई गति को धीरे-धीरे रफ्तार देने में जुटी हुई है। लॉकडाउन के बीच केंद्र सरकार ने रेलवे के बाद अब डोमेस्टिक फ्लाइट सर्विस शुरू करने का फैसला किया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस बात की जानकारी दी है। देश के सभी हवाईअड्डों और डोमेस्टिक एयरलाइंस को 25 मई से पहले सभी तैयारी पूरी कर लेने के लिए कहा गया है। इससे पहले सरकार ने ट्रेन चलाने का फैसला लिया था। पहले एसी ट्रेन चलाए गए। अब रेलवे ने नॉन एसी ट्रेन चलाने का भी फैसला किया है।

खुल चुके नए हवाई रूट

केंद्र सरकार ने नए हवाई रूट खोलने के फैसला लिया था। इससे आने वाले दिनों में हवाई सफर के समय में 20-25 फीसदी का समय बच जाया करेगा।

सुरक्षाबलों पर आतंकी हमला, 2 जवान शहीद

श्रीनगर/ए.। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के पंदाच इलाके में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टीम पर बुधवार को आतंकियों ने हमला कर दिया। इस हमले में बीएसएफके दो जवान घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हमले में गंभीर रूप से घायल होने के कारण दोनों ही जवान शहीद हो गए। बताया गया कि हमलावर आतंकियों बीएसएफ जवानों की राइफ्ल लेकर भाग गए हैं। श्रीनगर के गांदरबल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अच्छी खबर

दिव्यांग टीम के खिलाड़ी ने सीएम कोष में दिए 10 हजार

रायपुर (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री सहायता कोष में असहाय तथा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए बड़ी संख्या में लोग सामने आ रहे है। इसमें समाज का हर वर्ग स्वस्फूर्त होकर सहयोग देने के लिए तत्पर है। इसी क्रम में दिव्यांग भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी और रायपुर निवासी श्री पृथ्वी राज रामटेके ने कोरोना संकट से लड़ने हेतु मुख्यमंत्री सहायता कोष में 10 हजार रूपए की सहयोग राशि प्रदान की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पृथ्वी राज रामटेके द्वारा दिए गए इस दान के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	1,11,602	3,426
अमेरिका	1,573,845	93,708
ब्रिटेन	248,818	35,341
इटली	226,699	32,169
स्पेन	278,803	27,778
फ्रांस	180,809	28,022
ब्राजील	271,885	17,983
बेल्जियम	55,983	9,150
जर्मनी	177,989	8,209
ईरान	126,949	7,183
नीदरलैंड	44,447	5,748
कनाडा	79,112	5,912
मैक्सिको	54,346	5,666
टर्की	151,615	4,199
स्वीडन	31,523	3,831
रूस	308,705	2,972

अब हफ्ते के सभी कार्य दिवसों में खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

■ पंजीयन के लिए पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक कराना जरूरी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के सभी पंजीयन कार्यालय दस्तावेजों के पंजीयन हेतु सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में खुले रहेंगे। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक छत्तीसगढ़ ने बताया है कि पूर्व में 4 मई 2020 से राज्य के पंजीयन कार्यालय को सीमित ढंग से खोलने की अनुमति दी गई थी। अब नई व्यवस्था के अनुसार 20 मई 2020 से राज्य के सभी पंजीयन कार्यालय सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में दस्तावेजों के पंजीयन हेतु खुले रहेंगे। अब दस्तावेजों के पंजीयन के लिए प्रत्येक कार्य दिवस के लिए अपार्टमेंट बुक किया जा सकेगा। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं दस्तावेजों के पंजीयन के लिए पूर्व में बनाई गई व्यवस्था के अनुसार ऑनलाईन अपार्टमेंट बुक करा सकते हैं।

फिजिकल डिस्टंसिंग का पालन जरूरी

सभी पंजीयन कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं पंजीयन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

125 नग हीरों के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हीरों की कीमत करीब 20 लाख

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। गरियाबंद जिले में पुलिस विभिन्न चीजों के अवैध व्यापार में लिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने बुधवार को हीरा तस्करों के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने 125 नग हीरों के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बाजार में इन हीरों की कीमत 20 लाख रुपए है। इस संबंध मे विस्तृत जानकारी देते हुए बुधवार को पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार 125 नग हीरों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार आरोपियों के नाम जोखोराम पिता उज्जवल राम मेहर (56), व विकास पिता सुन्दर सिंग मांझी (25) है। दोनों पड़ोसी राज्य ओडिशा के नुआपाड़ा जिला अंतर्गत सीनिपाली थाना क्षेत्र के ग्राम सीनापाली रहने वाले हैं। एसपी ने बताया कि इसके पूर्व भी दो हीरा तस्करों से 56 नग हीरा जब्त कर उन्हें जेल दाखिल किया गया है।

डिप्टी कलेक्टर के ड्राइवर समेत 14 नए पॉजिटिव

■ कोरोना के मामले राज्य में बढ़कर हुए 113

■ 59 डिस्चार्ज, अब राज्य में 56 एक्टिव पॉजिटिव

राजनांदगांव/रायपुर/डोंगरगढ़ / नवप्रदेश। कोरोना के मामले प्रदेश में लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बुधवार को राजनांदगांव के डिप्टी कलेक्टर के ड्राइवर समेत 14 नए पॉजिटिव मामले आए हैं। वहीं ड्राइवर डोंगरगढ़ तहसील के घोटिया गांव का रहने वाला है। राजनांदगांव के अलावा सरगुजा से 1, रायगढ़ से 3, बालोद से 2, बलौदाबाजार के 2 तथा बिलासपुर के 5 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। राजनांदगांव के जिन डिप्टी कलेक्टर के ड्राइवर की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, वे डोंगरगढ़ के अनुभागीय अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी ड्यूटी राजनांदगांव जिले के बागनदी बॉर्डर पर लगी है। बागनदी बॉर्डर वही जगह है जहां से होते हुए छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों के प्रवासी श्रमिक आना-जाना कर रहे हैं। इस पॉजिटव के साथ ही अब राज्य में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 56 हो गई है। वहीं कुल मामलों की बात करें ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

नजरिया

मुख्यमंत्री अपने लोगों को घर लाने प्रयासरत, स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव बता रहे हैं बड़ा खतरा, भाजपा का कटाक्ष आपसी सहमति की कमी

सीएम भूपेश ट्रेन चलवाने में जुटे, मंत्री सिंहदेव विरोध में आमादा

सुकांत राजपूत

रायपुर। जब अपने ही बाहर फंसे लोगों के लिए संचालित ट्रेनों की खिलाफत करने लगे तो फिर विरोधियों को मौका मिल ही जाता है। एक तरफ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बाहरी राज्यों में फंसे छत्तीसगढ़ के हर उन वर्गों को घर लौटाने के लिए प्रयासरत हैं। ऐसे में उनके ही मंत्री मंडल के नंबर दो मंत्री टीएस सिंहदेव ट्रेनों के परिचालन का पुरजोर विरोध करने लगे हैं। हालांकि स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव प्रदेश के लिए बाहर से आने वालों व ट्रेनों का विरोध संक्रमण के संकट के मद्देनजर कर रहे हैं। लेकिन सियासी गलियारों में विपक्ष को बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि भूपेश सरकार में मुख्यमंत्री किसी की सुनते नहीं और सरकार के कद्दावर मंत्री उनकी नीतियों पर भरोसा नहीं करते। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पक्ष में सीएम भूपेश तो विरोध में सिंहदेव



1 जून से शुरु होने वाली 200 नई ट्रेनों के अलावा बाहरी राज्यों से घर लौट रहे छत्तीसगढ़ के लोगों को भी स्वास्थ्य मंत्री विरोध करते हुए चिंता जाहिर कर रहे हैं। जबकि बाहरी राज्यों में फंसे अपनों को लाने के अलावा जो रह गए उनके लिए रेल मंत्रालय से शुरु होने वाली 200 नॉर्मल ट्रेन परिचालन का भी सीएम समर्थन कर रहे हैं। सीएम के पक्ष में रहने के बाद भी मंत्री सिंहदेव ट्रेनों में आने वाले खतरों, कोरोना मरीजों की संख्या में ईजाफा को लेकर चिंता जाहिर करते हुए इस फैसले पर राज्य शासन से अनुमति नहीं देने के लिए सीएम से मुलाकात करेंगे। सिंहदेव का

इधर सीएम की कोशिशों से 45 ट्रेनें मिली हैं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर अन्य राज्यों में फंसे प्रवासी श्रमिकों को वापस लाने 45 ट्रेनों के लिए सहमति मिली है। खासी मशक्कत के बाद सीएम के हस्तक्षेप से यह मौका मिला है। अब तक मुख्यमंत्री श्री बघेल की कोशिशों से ही अब तक प्रदेश के 34,284 श्रमिकों को लाने के लिए 23 ट्रेनों का भाड़ा तकरीबन 2 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया है। विभिन्न राज्यों के रेल मंडलों को यह राशि छत्तीसगढ़ से सीएम ने अपने राज्य के लोगों को सकुशल सुरक्षित लाने के लिए दिया है। अब तक 15 ट्रेनों से 22 हजार 172 श्रमिक सकुशल राज्य लौट आए हैं। जबकि वाहन एवं अन्य

सीएम ने घर वापसी और रोजगार भी दिलाया

छत्तीसगढ़ के 2 लाख 51 हजार 867 प्रवासी श्रमिक सहित तीन लाख से अधिक लोगों को जो देश के अन्य राज्यों में होने की सूचना मिलने पर उनके द्वारा बतायी गई समस्याओं का त्वरित निदान करते हुए उनके लिए भोजन, राशन, नगद, नियोजकों से वेतन तथा रहने एवं चिकित्सा आदि की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही श्रम विभाग के अधिकारियों का दल गठित कर विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं, नियोजकों एवं प्रबंधकों से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नेपाल ने जारी नया नक्शा, लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को बताया अपना

■ नेपाल सरकार ने अपने देश का नया राजनीतिक और प्रशासनिक नक्शा जारी कर दिया है

■ नेपाल ने कुल 395 वर्ग किलोमीटर के भारतीय इलाके को अवैध रूप से अपना बताया है

नेपाल के भू प्रबंधन और सुधार मंत्रालय की ओर से मंत्री पद्मा अरयाल ने नया नक्शा जारी किया

काठमांडू (ए.)। भारत सरकार के विरोध के बाद भी नेपाल सरकार ने अपने देश का नया राजनीतिक और प्रशासनिक नक्शा जारी कर दिया है। इस नए नक्शे में नेपाल ने लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा के कुल 395 वर्ग किलोमीटर के भारतीय इलाके को अपना बताया है। नेपाल के भू प्रबंधन और सुधार मंत्रालय की ओर से मंत्री पद्मा अरयाल ने नेपाल का यह नया नक्शा जारी किया। इससे पहले नेपाल सरकार ने ऐलान किया किया था कि वह नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपने क्षेत्र में शामिल करेगी। इस नक्शे को अब स्कूलों और सभी सरकारी कार्यालयों में इस्तेमाल किया जाएगा। पद्मा ने कहा कि नए नक्शे को संसद के समक्ष रखा जाएगा ताकि उसमें किए गए संशोधनों को मंजूरी दिलाई जा सके। नेपाल ने अपने नए नक्शे में कुल 395 वर्ग किलोमीटर के इलाके को शामिल किया है। लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी के अलावा गुंजी, नाभी और कुटी गांवों को भी शामिल किया गया है। नेपाल के नए नक्शे में कालापानी के कुल 60 वर्ग किलोमीटर के इलाके को अपना बताया है। इसमें लिंपियाधुरा के 335 किलोमीटर के इलाके को जोड़ दें तो यह कुल 395 वर्ग किलोमीटर हो जाता है। इस तरह से नेपाल ने भारत के 395 किलोमीटर के इलाके पर अपना दावा ठोका है। इससे पहले सोमवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक के दौरान इस मैप को मंजूरी दी गई थी। इसके मुताबिक, लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी को नेपाल का हिस्सा बताया था। जबकि ये इलाके भारत में आते हैं। नेपाली कैबिनेट से नए नक्शे के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने कहा था, 'लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी इलाके नेपाल में आते हैं और इन इलाकों को वापस पाने के लिए मजबूत कूटनीतिक कदम उठाए जाएंगे।' मंगलवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने संसद में कहा था कि कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख हमारा है और हम उसे वापस लेकर रहेंगे।

नेपाल और भारत के रिश्तों में दरार?

दरअसल, पिछले दिनों धारचूला से लिपुलेख तक नई रोड का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से उद्घाटन किया गया था। इस रोड पर काठमांडू ने आपत्ति जताई है। इस रोड से कैलाश मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्रियों की दूरी कम हो जाएगी। नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली ने भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा को तलब कर लिया था।

भारत ने दिया था साफजवाब

जवाब में भारत ने अपनी पोजिशन साफकरते हुए कह था कि 'उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में हाल ही बनी रोड पूरी तरह भारत के इलाके में हैं।' ग्यावली ने सोमवार को एक ट्वीट में जानकारी दी कि 'कैबिनेट ने 7 प्रान्त, 77 जिलों और 753 स्थानीय निकायों वाले नेपाल का नक्शा प्रकाशित करने का निर्णय लिया है। इसमें लिंपियाधुरा, लिपुलेक और कालापानी भी होंगे।'

ब्राजील में एक दिन में 17 हजार नए केस, विशेषज्ञों को आशंका-कोरोना का अगला केंद्र न बन जाए

रियो डे जिनेरियो। दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील कोरोना वायरस का नया केंद्र बनता दिख रहा है। यहां एक दिन में 17,408 नए केस सामने आए हैं और 1,179 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही यहां मृतकों का आंकड़ा 17,971 हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यहां बुरा दौर अभी खत्म नहीं हुआ है और मई के बाद मामले और बढ़ेंगे। यहां कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 271,628 है यानी कि यहां कोरोना मरीजों की संख्या अमेरिका और रूस के बाद सबसे अधिक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यहां जून में वायरस का आंकड़ा शीर्ष पर पहुंचेगा और पर्याप्त टेस्टिंग ने के कारण संकट गहरा सकता है। ब्राजील के कई राज्यों ने लॉकडाउन घोषित कर दिया था जिसका राष्ट्रपति जायर बोसोनारो विरोध कर रहे थे। उन्होंने कोरोना को छोटी बीमारी करार देते हुए कहा था कि लॉकडाउन से इकॉनमी तबाह हो रही है। यहां तक कि आम लोग भी लॉकडाउन के खिलाफ सड़कों पर उतर आए थे। शायद अब उन्हें देश की हालात का अंदाजा हो रहा होगा। वहां के स्वास्थ्य मंत्री बता रहे हैं कि 1.46 लाख लोगों का फिलहाल देश में इलाज चल रहा है और 1.06 लाख लोग रिकवर हो गए हैं। एक दिन में यहां 1000 से ज्यादा मौतों की पुष्टि है जबकि स्वास्थ्य मंत्री बता रहे हैं कि ये सभी एक दिन के मामले नहीं हैं क्योंकि उनकी पुष्टि में देरी हुई है। देश के महत्वपूर्ण शहर साओ पोलो में 5,147 और रियो डे जेनेरियो में 3,079 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

बस पॉलिटिक्स में कूदे रॉबर्ट वाड्रा, बोले-

हम कर रहे मजदूरों की मदद

■ यूपी में मजदूरों की बसों को लेकर पॉलिटिक्स जारी, इस बीच प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा भी मामले पर अपनी राय रखी

■ वाड्रा बोले- ऐसे मौके पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, कांग्रेस ने कम से कम जो बसें भेजी हैं, उनका इस्तेमाल होना चाहिए

लखनऊ (ए.)। यूपी में मजदूरों की बसों को लेकर पॉलिटिक्स जारी है। इस बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा भी मामले पर अपनी राय रखी है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा है कि ऐसे मौके पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कम से कम जो बसें भेजी हैं, उनका तो इस्तेमाल करना ही चाहिए। रॉबर्ट वाड्रा ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हम मजदूरों की मदद कर रहे हैं जबकि बीजेपी राजनीति कर रही है। वाड्रा ने मोदी सरकार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि लॉकडाउन के पहले से कोई तैयारी नहीं की गई। एकदम से रात में 8 बजे बोला गया कि हम 12 बजे लॉकडाउन कर रहे हैं। एक निजी चैनल से बातचीत करते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने ये बातें कहीं।

क्या बोली यूपी कांग्रेस

यूपी कांग्रेस कमिटी के संयोजक ललन कुमार कहते हैं, 'हम तो बसों का इंतजाम करके गरीबों,मजदूरों की मदद करना चाहते थे लेकिन बीजेपी ने उसे भी राजनीतिक मुद्दा बना दिया। यह जो कुछ भी बीजेपी सरकार की ओर से किया जा रहा है, उसका जवाब उत्तर प्रदेश की जनता ही देगी।

900 बसों का तो इस्तेमाल करे सरकार: कांग्रेस

आपको बता दें कि कांग्रेस पार्टी की ओर से मजदूरों के लिए मंगाई गई बसों को नोएडा में डीएनडी फ्लाईओवर के पास बसों को पुलिस ने रोक दिया है। दूसरी ओर कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला का कहना है कि अगर 63 बसों के नंबर गलत निकले तो बाकी की 900 बसों का तो इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

नोएडा में मूवमेंट पर रोक: एडीसीपी

नोएडा के अडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह ने कहा कि हम गाइडलाइंस का पालन कर रहे हैं। गाइडलाइंस के मुताबिक, नोएडा में इंटरस्टेट मूवमेंट को मना किया गया है, इसलिए दिल्ली से जो भी बसें आ रही है हम उन्हें यहां रोक रहे हैं। जिन गाड़ियों के पास उचित पास होगा हम केवल उन्हीं गाड़ियों को एंट्री देंगे।

कांग्रेस नेता के विवादित ट्वीट पर सोशल मीडिया पर बवाल, गिरफ्तार करने की मांग

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पंकज पूनिया के एक विवादित ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर जबरदस्त आक्रोश है। ट्विटर पर #अरेस्टपंकजपूनिया टॉप ट्रेंड कर रहा है। पूनिया ने यूपी में प्रवासियों और बस मुद्दे पर किया था आपत्तिजनक ट्वीट। पूनिया ने अपने ट्वीट में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर भी निशाना साधा था। हालांकि विरोध बढ़ने पर उन्होंने अपना ट्वीट डिलीट कर लिया था। हरियाणा के कांग्रेस नेता पंकज पूनिया ने यूपी में कांग्रेस के 1000 बसों पर चल रहे विवाद पर किया था ट्वीट। बाद में बवाल बढ़ता देख पूनिया ने अपने ट्वीट के लिए खेद जताया था। पूनिया अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के भी सदस्य हैं। अब ट्विटर पर पूनिया के आपत्तिजनक ट्वीट के लिए उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है। यूजर्स पूनिया की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। लकी राघव नामक एक यूजर्स ने लिखा कि पूनिया के खिलाफकेस दर्ज करवाया जाएगा। रोहित सोंडिक नामक एक यूजर ने भी पूनिया के गिरफ्तारी की मांग की है।

यूपी बस पॉलिटिक्स : मायावती ने बीजेपी-कांग्रेस में मिलीभगत

नई दिल्ली (ए.)। यूपी में प्रवासी मजदूरों के मुद्दे पर जारी बस पॉलिटिक्स के बीच बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने मजदूरों को घर भेजने के नाम पर बीजेपी और कांग्रेस पर घिनौनी राजनीति का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं, बीएसपी प्रमुख ने कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाते हुए गूगली फेंकी है कि बसें हैं तो पहले अपनी सरकार वाले राज्यों में मदद करनी चाहिए। मायावती ने बुधवार को सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए शक जताया कि बीजेपी और कांग्रेस आपसी मिलीभगत के जरिए बस पॉलिटिक्स कर रही हैं ताकि कोरोना त्रासदी के मुद्दे से ध्यान भटकाया जा सके। उन्होंने कहा कि बीएसपी बिना किसी प्रचार के प्रवासी मजदूरों की मदद में जुटी है। अगले ट्वीट में मायावती ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि उसे बसों के जरिए मजदूरों को भेजने पर अड़ने के बजाय मजदूरों के लिए टिकट लेकर ट्रेन से उन्हें भेजना चाहिए। मायावती ने कहा कि बीएसपी के लोगों ने बिना प्रचार किए जरूरतमंदों की मदद की है जबकि बीजेपी और कांग्रेस ने मदद की आड़ में घिनौनी राजनीति की है। उन्होंने लिखा, 'जबकि इन्हीं सब बातों को खास ध्यान में रखकर ही बीएसपी के लोगों ने अपने सामर्थ्य के हिसाब से प्रचार व प्रसार के चक्कर में ना पड़कर बल्कि पूरे देश में इनकी हर स्तर पर काफी मदद की है अर्थात् बीजेपी व कांग्रेस पार्टी की तरह इनकी मदद की आड़ में कोई घिनौनी राजनीति नहीं की है।

'घिनौनी राजनीति कर रही हैं बीजेपी और कांग्रेस'

बीएसपी प्रमुख ने ट्वीट किया, 'पिछले कई दिनों से प्रवासी श्रमिकों को घर भेजने के नाम पर खासकर बीजेपी व कांग्रेस द्वारा जिस प्रकार से घिनौनी राजनीति की जा रही है यह अति-दुर्भाग्यपूर्ण। कहीं ऐसा तो नहीं ये पार्टियाँ आपसी मिलीभगत से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करके इनकी त्रासदी पर से ध्यान बांट रही हैं?'

ईद की नमाज के लिए मस्जिद खोलने के मामले में हाईकोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार

प्रयागराज (ए.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ईद-उल-फित्र पर सामूहिक नमाज व दुआ के लिए प्रदेश के ईदगाहों व मस्जिदों को खोलने और जून महीने में जुमे की नमाज पढ़ने की अनुमति देने का समादेश जारी करने की मांग के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि याची अपनी मांग को लेकर सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रत्यावेदन प्रस्तुत करे। यदि कोई आदेश नहीं होता है या प्रत्यावेदन लटकाए रखा जाता है तो वह हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता है। सरकार को अर्जी दिए बगैर हाईकोर्ट में सीधे याचिका दाखिल नहीं की जा सकती। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति गोविंद माथुर एवं न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा की खंडपीठ ने शाहिद अली सिद्दीकी की ओर से मुख्य न्यायाधीश को लिखे पत्र पर कायम जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि समादेश जारी करने के लिए याची को अपनी मांग शासन के समक्ष रखनी चाहिए। कोई आदेश न होने या विपरीत आदेश होने के बाद याचिका दाखिल की जा सकती है।

पुलिस के बैरियर्स के चलते हुआ था एक्सीडेंट, 5 साल बाद युवक को मिला 75 लाख रुपए मुआवजा

■ पीड़ित को पुलिस की लापरवाही और फेल्योर पर हर्जाने का दावा करने का अधिकार

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सड़क हादसे का शिकार हुए युवक को 75 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है। दिल्ली पुलिस यह रकम बतौर हर्जाना पीड़ित को देगी। याचिकाकर्ता धीरज की गाड़ी दिल्ली पुलिस की ओर से रोड पर लगाए गए स्पीड ब्रेकर से टकरा गई थी। उस वक्त धीरज की उम्र 21 साल थी। हादसे के बाद धीरज की जिंदगी बर्बाद हो गई थी। उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है। जस्टिस नवीन चावला ने कहा कि बैरिकेड्स पर ठीक से लाइट और रिफ्लेक्टर्स नहीं लगे थे कि उन्हें दूर से देखा जा सके। हादसा दिसंबर 2015 में हुआ था। तब धीरज और उसके पिता बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में रोड को बंद करने के लिए पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखे थे जिससे गाड़ी टकरा गई।

पीड़ित को अस्पताल में कई सर्जरी से गुजरना पड़ा था। बेहोशी में ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। पीड़ित की आंखें दर्द से खुलती हैं मगर चाहने पर नहीं। मरीज की हालत में अबतक कोई बदलाव नहीं आया है। अदालत ने कहा, बैरियर पर कोई पुलिसवाला नहीं था। घटनास्थल से कोई हेलमेट ना मिलना यह साबित नहीं करता कि याचिकाकर्ता नंबर 1 (धीरज) हेलमेट नहीं लगाए थे या तेज रफ्तार में बाइक चला रहे थे।

याचिकाकर्ता को दिल्ली पुलिस की लापरवाही और विफलता से हुए नुकसान पर हर्जाने का दावा करने का अधिकार है। दिल्ली पुलिस ने अदालत में दावा किया कि हादसा धीरज की गलती की वजह से हुआ। पुलिस के मुताबिक, वह तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और ठीक वक्त पर ब्रेक नहीं लगा सके। पुलिस का यह भी दावा था कि बैरिकेड्स ऐसी जगह थे जहां पर्याप्त रोशनी थी और दूर से दिखाई पड़ रहे थे।

कोरोना केस, सीएम नीतीश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव का किया ट्रांसफर

पटना (ए.)। कोरोना संक्रमण काल में नीतीश सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार को हटाकर पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव उदस सिंह कुमावत को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेवारी सौंप दी है। सरकार ने आनन-फानन में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को हटाने का फैसला किन परिस्थितियों और क्यों लिया यह फिलहाल साफनहीं हो सका है। प्रवासी मजदूरों की घर वापसी के बाद से ही बिहार में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। बिहार सरकार कोरोना संक्रमित मरीजों को 21 दिन क्वारंटीन सेंटर में रख रही है। क्वारंटीन सेंटर से भी आए दिन खराब व्यवस्था की शिकायतें मिल रही है। ऐसे में सरकार का स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार को आनन-फानन में हटाने के पीछे क्या वजह रही फिलहाल इसबारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। बता दें कि 1990 बैच के आईएएस अधिकारी संजय कुमार दो साल पहले झारखंड से वापस बिहार आए थे। बिहार आने के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा दिया गया था और कोरोना महामारी के बीच लगातार सोशल मीडिया के जरिए तमाम आंकड़े जारी कर रहे थे। लेकिन अब उन्हें पर्यटन विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है और पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव उदय सिंह कुमावत को अब बड़ी जिम्मेदारी देते हुए स्वास्थ्य का प्रधान सचिव बनाया गया है। बिहार में कोरोना वायरस संक्रमण के 60 नये मामले प्रकाश में आने के साथ प्रदेश में कोविड-19 से संक्रमित रोगियों की संख्या बढ़कर 1,579 हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार ने बुधवार को बताया कि बीती रात कोरोना वायरस संक्रमण के प्रकाश में आए 60 मामलों के के बारे में रिपोर्ट आज सुबह प्राप्त हुई है, जिनमें खगड़िया के 15, भागलपुर के 12, बांका के 11, नालंदा, मधुबनी एवं दरभंगा के छह-छह, सुपौल के दो, कटिहार एवं गोपालगंज के एक-एक मामले शामिल हैं।

मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों की भगदड़ से बौखलाया ड्रैगन, कहा- भारत नहीं ले सकता चीन की जगह

बीजिंग (ए.)। एक के बाद एक कई कंपनियों के चीन से निकलकर भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के ऐलान से ड्रैगन बौखला गया है। चीन सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने एक लेख में कहा है कि लॉकडाउन से अर्थव्यवस्था प्रभावित होने के बावजूद भारत बड़ा सपना देख रहा है, लेकिन चीन का विकल्प नहीं बन पाएगा। उसने चीन से भारत की तुलना को लेकर वेस्टर्न मीडिया को दलाल तक कह दिया।

गौरतलब है कि जर्मनी की जूता कंपनी ने अपना मैन्युफैक्चरिंग यूनिट चीन से आगरा शिफ्ट करने की बात कही है तो ओप्पो और ऐपल जैसी मोबाइल कंपनियों ने भी अब भारत शिफ्ट होने की बात कही है। बताया जा रहा है कि पहले अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर और अब कोरोना वायरस महामारी में सप्लाई चेन प्रभावित होने की वजह से करीब एक हजार कंपनियां चीन से निकलना चाहती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत का उत्तरी राज्य उत्तर प्रदेश ने चीन से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शिफ्ट करने की सोच रही कंपनियों को आकर्षित करने के लिए एक इकनॉमिक टास्क फोर्स बनाया है। हालांकि, ऐसे प्रयासों के बावजूद यह यह उम्मीद करना भ्रम है कि कोरोना महामारी के कारण चीन की अर्थव्यवस्था पर जो दबाव है उससे भारत दुनिया के लिए नई फैक्ट्री बन जाएगा।'' भारत को चीन का विकल्प बताने वालों को कट्टरपंथी कहते हुए मुखपत्र ने आगे लिखा कि जो कट्टरपंथी कह रहे हैं कि भारत चीन की जगह लेने को सही रास्ते पर हैं वह राष्ट्रवादी डींग है। इतना ही नहीं चीन ने इस मुद्दे को सीमा विवाद से भी जोड़ दिया और कहा कि यह गुमान आर्थिक मुद्दों से सैन्य स्तर तक पहुंच गया है। जिससे उन्होंने गलती से मान लिया है कि वे अब चीन का मुकाबला सीमा विवादों से कर सकते हैं। यह सोच खतरनाक है। ग्लोबल टाइम्स ने अपनी खींझ पश्चिमी मीडिया पर भी निकाली और कहा कि पश्चिमी मीडिया चीन से भारत की तुलना करके उत्साह के साथ दलाली कर रही है। इससे कुछ भारतीयों को सही स्थिति को लेकर भ्रम हो गया है। यह सोचना अवास्तविक है कि इस समय भारत चीन की जगह ले सकता है।

चीन पर ट्रंप का तीखा हमला- ऐतिहासिक ट्रेड डील पर मेरी राय बदल गई

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इस साल की शुरुआत में चीन के साथ उन्होंने जिस व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे अब उसे लेकर उनके विचार बदल गए हैं। ट्रंप ने किसी समय इस समझौते को ऐतिहासिक करार दिया था। चीनी नेतृत्व को लेकर अपनी नाराजगी एक बार फिर जाहिर करते हुए उन्होंने कोरोना वायरस को फैलने देने का आरोप लगाया। मंगलवार तक कोविड-19 के कारण करीब 92,000 अमेरिकियों की मौत हो गई और 15 लाख अमेरिकी संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। दुनियाभर में कोरोना वायरस के कारण अब तक करीब 3,20,000 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका और चीन ने अपने बीच 22 महीने से जारी व्यापार युद्ध खत्म करते हुए जनवरी में एक समझौता किया था। इसके तहत पेइचिंग ने 2020-2021 में अमेरिकी उत्पादों की खरीद 200 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर सहमति जताई। ट्रंप ने वाइट हाउस में कैबिनेट बैठक में संवाददाताओं से कहा, 'तीन महीने पहले मैं इस समझौते को लेकर जो सोचता था, वह अब बदल गया है।' उन्होंने कहा, 'क्या होता है, देखेंगे। लेकिन बहुत ही निराशाजनक हालात हैं। चीन के साथ बहुत ही निराशाजनक बात हुई है क्योंकि एक महामारी फैली, जो नहीं होनी चाहिए थी और इसे रोका जा सकता था।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा है कि वे आधुनिक सोच वाले राजनेता थे। वे देश को उच्च तकनीक से पूर्ण करने की आकांक्षा रखते थे। स्वर्गीय गांधी ने देश में संचार क्रांति, कम्प्यूटर क्रांति, युवाओं को मताधिकार और पंचायती राज जैसे अभिनव पहल की। उनके पुण्यतिथि को आंतकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हम संकल्प लें कि आंतकवाद, नक्सलवाद जैसे बुराईयों का डटकर सामना करेंगे और एकजुट होकर देश-प्रदेश को इनसे मुक्त करेंगे।

राज्यपाल ने एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए किए गए कार्यों की सराहना की

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसईया उइके ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए किये गए कार्यों की सराहना की है। राज्यपाल ने कहा है कि एनएसएस युवाओं में सेवा भावना और नेतृत्व की भावना के बीज का रोपण करता है। मैं स्वयं एनएसएस से जुड़ी रही और यह महसूस किया। इसके कारण मुझे समाज सेवा करने की प्रेरणा मिली। राज्यपाल ने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही लॉकडाउन के दौरान पुलिस के साथ मिलकर लोगों को घर में रहने की अपील की जा रही है। कुछ स्थानों पर भोजन, मास्क और सेनिटाइजर वितरण में भागीदारी निभाई जा रही है। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिए चिन्ह भी बनाए जा रहे हैं। ये समस्त कार्य सराहनीय हैं। इन स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे सहयोग से हम देश-प्रदेश को कोरोना से मुक्त करने में सफल होंगे।

रेरा ने 25 मार्च या उसके बाद के प्रोजेक्टस के पंजीयन की अवधि को बढ़ाया 6 माह

रायपुर। छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) द्वारा प्रदेश के ऐसे समस्त रियल एस्टेट प्रोजेक्टस जिनकी पूर्णता 25 मार्च 2020 या उसके बाद है, की पंजीयन अवधि में 6 माह का विस्तार किया गया है। रेरा के अध्यक्ष श्री विवेक ढांड के निर्देशानुसार प्राधिकरण द्वारा ऐसे सभी रियल एस्टेट प्रोजेक्टस के लिए पृथक से नवीन पंजीयन जारी किए जाएंगे। इसी तरह प्राधिकरण द्वारा जनवरी से मार्च 2020 तक की त्रैमासिक अद्यतन की अवधि को पहले एक माह बढ़ाकर 31 मई 2020 नियत की गई थी।

पटरी पर...

रायपुर(नवप्रदेश)। शहर में सराफा दुकानें खुलीं, सदर बाजार के सराफा लाइन में लगता रहा जाम।

प्रदेश कुनबी समाज ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया 51 हजार रूपए का चेक

रायपुर। प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन द्वारा कोरोना महामारी से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में 51 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई है। समाज के पदाधिकारियों ने इस राशि का चेक गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को बुधवार को रायपुर निवास कार्यालय में सौंपा।

इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत भाऊ मुनेश्वर, संरक्षक एस.एस. ब्राह्मणकर, कार्यकारी अध्यक्ष डी.एन. चौधरी, कोषाध्यक्ष हेमराज हत्तिमारे एवं प्रदेश प्रवक्ता अमित डोये उपस्थित थे।

कोरोना के गंभीर रोगियों पर एम्स प्लाज्मा थैरेपी का क्लिनिकल ट्रायल करेगा

- आईसीएमआर के राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे वृहद शोध का भाग बनेगा एम्स
- प्लाज्मा थैरेपी के प्रभाव को गंभीर रोगियों पर परख कर डेटा लिया जाएगा
- एम्स में 50 से अधिक रोगियों का डेटा और प्लाज्मा है प्रयोग के लिए सुरक्षित

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देशभर में होने वाले प्लाज्मा थैरेपी के क्लिनिकल ट्रायल का भाग बनने जा रहा है। इसके माध्यम से आईसीएमआर द्वारा किए जा रहे वृहद स्तर के क्लिनिकल ट्रायल में एम्स भी अपना अहम योगदान देगा। यदि ट्रायल सफल रहता है और मानक संस्थाएं इसे मंजूरी प्रदान करती हैं तो कोविड-19 के गंभीर रोगियों को प्लाज्मा थैरेपी की मदद से ठीक किया जा सकेगा।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के निर्देशन में देशभर के चिकित्सा संस्थानों में कोवल्सेंट प्लाज्मा थैरेपी का क्लिनिकल ट्रायल किया जा रह है। इसी कड़ी में एम्स रायपुर भी पिछले ढाई माह में 75 से अधिक रोगियों का इलाज करने के बाद इस ट्रायल का हिस्सा बन गया है।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि कोविड-19 के गंभीर रोगियों में इसके दुष्प्रभावों को रोकने के लिए एम्स रायपुर में प्लाज्मा थैरेपी का क्लिनिकल ट्रायल किया जाएगा। इसके साथ ही परखा जाएगा कि एंटी सार्स कोव-2 प्लाज्मा का उपचार रोगियों पर सुरक्षित है या नहीं। प्रो. नागरकर का कहना है कि वर्तमान में कोविड-19 का कोई भी उपचार उपलब्ध नहीं है। प्रारंभिक शोध में प्लाज्मा थैरेपी को अधिक उपयुक्त माना जा रहा है। ऐसे में इसकी क्लिनिकल प्रमाणिकता को परख कर सुरक्षित पाए जाने पर इसका बड़े पैमाने पर प्रयोग किया जा सकता है।

रिसर्च प्रोटोकॉल के अनुसार इस ट्रायल में उन रोगियों को शामिल किया जाएगा जो 18 वर्ष से अधिक आयु के हैं और उनके रक्त से संबंधित डोनर प्लाज्मा उपलब्ध है। इसमें गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करवा रही महिलाओं और किसी अन्य ट्रायल से संबंधित रोगियों को शामिल नहीं किया जाएगा। एम्स में वर्तमान में कोविड-19 के 75 से अधिक रोगियों का या तो उपचार किया जा रहा है या किया जा चुका है। ऐसे में इन रोगियों और उनके परिजनों की सहमति लेकर उन्हें क्लिनिकल ट्रायल का भाग बनाया जा सकता है। इसके लिए प्लाज्मा प्रदान करने वाले रोगियों के लिए भी अभ्यर्थता तय की गई है।

क्लिनिकल ट्रायल के अंतर्गत इंटरवेंशन और कंट्रोल आर्म ग्रुप बनाए जाएंगे जिसमें इंटरवेंशन आर्म में शामिल रोगियों को 200 मिली का कोवल्सेंट प्लाज्मा दिया जाएगा जबकि कंट्रोल ग्रुप में सामान्य उपचार प्रदान किया जाएगा।

कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका सराहनीय : भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ में करीब साढ़े तीन सौ कैडेट्स जुटे हैं सेवा कार्य में

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण को काफी हद तक नियंत्रण रखने में सरकार के साथ राज्य के लोग स्वयं आगे आकर सहभागिता कर रहे हैं। राज्य में नेशनल कैडेट्स कोर (एनसीसी) के कैडेट्स की भी सक्रियता काफी महत्वपूर्ण रही है। राज्य के बिलासपुर में 65, जांजगीर-चांपा में 50, दुर्ग में 25, रायगढ़ में 45, जगदलपुर में 17 और रायपुर जिले में 139 एनसीसी कैडेट्स कोरोना वायरस की रोकथाम नियंत्रण एवं बचाव के कार्यो में पुलिस और प्रशासन के साथ महत्वपूर्ण सहयोग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार को रोकने एनसीसी सीनियर डिवीजन के कैडेट्स (छात्र-छात्राएं) सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कैडेट्स लोगों फिजिकल और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने, शहरों एवं अन्य स्थानों पर बेहतर यातायात प्रबंधन और लोगों को अनिवार्य रूप से घर से बाहर निकलने पर मास्क लगाने के लिए प्रेरित करने के साथ ही पुलिस और प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इन सभी कैडेट्स और उनके माता-पिता तथा समाज के सभी वर्गो की सक्रिय सहयोग की प्रशंसा करते हुए सराहना की है।

पीसीसी चीफ पहले बताएं, सेवा दल कहां छुपा बैठा है : उपासने

- लॉकडाउन और कोरोनाकाला में कांग्रेस सेवा दल लापता है

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता सच्चिदानंद उपासने ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की टिप्पणी को उनकी राजनीतिक समझ व सोच का दीवालियापन बताते हुए पलटवार किया है। श्री उपासने ने कहा कि सेवा-समर्पण का कीर्तमान स्थापित कर रहे रास्वसं के बारे में प्रलाप कर रहे वह अशोभनीय कृत्य हैं। संघ के बारे में जानकारियाँ मांगकर चुनौती देने का हास्यास्पद उपक्रम कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम पहले इस बात का जवाब दें कि प्रदेश में कोरोना संकट के चलते जारी लॉकडाउन में फँसे लोगों और प्रवासी मजदूरों की सेवा-सहायता के समय कांग्रेस का सेवा दल कहां छुपा बैठा है? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री उपासने ने कहा कि कोरोना की रोकथाम और सेवा-सहायता के काम में अपनी विफलता के चलते मुँह चुराते कांग्रेस के नेता अब रास्वसं पर ऊलजलूल टिप्पणियां करके प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने की सियासी लफ्फाजियों पर उतर गए हैं। रास्वसं के संबंध में मिथ्या प्रलाप करने और संघ के सरसंचालक से सवाल पूछने से पहले कांग्रेस के नेता और विशेषकर कांग्रेस अध्यक्ष मरकाम अपनी अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से तो यह पूछें कि कांग्रेस के सेवादल कार्यकर्ता आखिर कहां लापता हो गए हैं? कोरोना संकट की इस घड़ी में लॉकडाउन में फँसे प्रवासी मजदूरों और प्रभावित परिवारों की सहायता करना क्या उनका फर्ज नहीं था?

सेवा...

रायपुर। श्यामनगर स्थित वृद्धाश्रम में जैतुसाव मठ ट्रस्ट में उपाध्यक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं दुधाधारी मठ के राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास तथा ट्रस्टी की ओर से वृद्धजनों को वस्त्र, फल, सेनेटाइजर वितरित किया गया।

अभियान | जिस तालाब की सफाई पर पूर्व सीएम रमन सिंह ने किया था तंज वहां 10 दिनों में इतनी सफाई

बूढ़ा तालाब से 700 डंपर जलकुंभी और गाद निकाला गया बाहर

नवप्रदेश संवादाता

- नगरीय प्रशासन मंत्री भी पहुंचे श्रमदान करने

रायपुर। 25 मई तक बूढ़ातालाब को जलकुंभी व गाद से निजात दिलाने में नगर निगम की टीम कोई कसर नहीं छोड़ रही है और बुधवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डा. शिव डहरिया भी श्रमदान करने पहुंचे। 10 दिनों में अब तक 11 ट्रकों, 7 पोकलेन मशीनों, 50 मछुआरों,105 सफाई कर्मचारियों एवं 165 श्रमिकों की सहायता से 700 डंपर जलकुंभी व गाद तालाब से बाहर निकाला जा चुका है।

श्रमदान करने के बाद श्री डहरिया ने महापौर एजाज ढेबर सहित निगम के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की सकारात्मक सोच व कार्यप्रणाली की सराहना की। उन्होने कहा कि पिछले लंबे अर्से से रायपुर का बूढातालाब उपेक्षित था एवं जलकुंभी से अटा पडा था। ऐसे में महापौर ने पर्यावरण संरक्षण हेतु बूढातालाब की ऐतिहासिक धरोहर की सफाई व सौंदर्यीकरण कर उसको पुनर्जीवित करने जो कार्य करवाया है उसके लिए वाकई उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की जानी चाहिए। डहरिया ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बूढातालाब के भीतर गंदा पानी जाने से रोकने का प्रबंधन तत्काल करवाये एवं इसके लिए आवश्यक कदम अविलंब उठाये। मंत्री डॉ. डहरिया ने बूढातालाब की तरह राजधानी के अन्य तालाबों को एक-एक करके गंदगी व जलकुंभी से मुक्त करने के निर्देशित भी दिए। निगम अधिकारियों ने मंत्री डहरिया को बताया कि विगत 11 मई से लगातार 10 दिन में अब तक लगभग 700 से अधिक डम्पर जलकुंभी व गाद बाहर निकाला जा चुका है।

कई ऐतिहासिक तालाबों की सफाई अब भी कागज पर

सबसे बूढ़े तालाब ने महज 10 दिनों की सफाई में अगर 700 ट्रक कीचड़ उगला है तो फिर समझा जा सकता है कि राजधानी रायपुर के अन्य ऐतिहासिक तालाबों की स्थिति क्या होगी। महाराजबंध तालाब, लेंडी तालाब, कुकरी तालाब, राजातालाब समेत कई अन्य की सफाई भी लंबे वक्त से नहीं की गई है। पूर्व में भी चंद तालाबों में सौंदर्यीकरण, पचरी निर्माण और सुरक्षा दीवाल का निर्माण हुआ पर सफाई का रजिस्टर देखें तो वह सिर्फ कागजों में ही हुई है।

होटल फ्लोरेंस के किचन में सिलंडर ब्लास्ट से लगी भीषण आग

- किचन से फैली आग होटल के सेंट्रल हॉल को कर दी स्वाहा
- जब तक पहुंचा दमकल तब तक होटल का सबकुछ जल गया

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। राजधानी की होटल में आग लगने से इलाके में सनसनी फैल गई। आग लगने की वजह से होटल का हाल और किचन जलकर खाक हो गया। फिलहाल अभी किसी भी प्रकार की हताहत की खबर नहीं है। यह घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है, जहां वीआईपी रोड स्थित होटल फ्लोरेंस में आग लग गई। आग ने होटल के हाल और किचन को चपेट में ले लिया है। घटना की सूचना मिलने पर दमकल अमला मौके पर पहुंचा और दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। इसके साथ ही तेलीबांधा पुलिस भी मौके पर मौजूद है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड़ स्थित होटल फ्लोरेंस में भीषण आग लग गई है. यह आग होटल के किचन रूम में लगी है और हाल तक फैल गया. आग इतनी भयावह थी कि दूर-दूर तक धुएं का गुब्बार नजर आ रहा है. आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की टीम दो गाड़ियां लेकर घटना स्थल पर पहुंची हुई है. फायर ब्रिगेड की मदद से आग बूझाने का काम जारी है. तेलीबांधा पुलिस भी मौके पर मौजूद है। जानकारी के मुताबिक फ्लोरेंस होटल में करीब 3 बजे के आसपास आगजनी हुई है. जिस समय आग लगी उस समय होटल के अंदर गार्ड और दो कर्मचारी मौजूद थे. जैसे ही आग लगी तुरंत कर्मचारियों ने किचन में रखे गैस सिलेंडर को बाहर निकाल लिया, नहीं तो ब्लास्ट हो सकता था।

घटना स्थल पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है. आग लगने की वजह से किचन और हॉल को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचा है. प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है।

संपादकीय

श्रमिकों के लिए विशेष ट्रेनें

लॉकडाउन के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में उद्योग धंधे बंद होने की वजह से लाखों दिहाड़ी मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है ऐसे सभी श्रमिक अब अपने गृह प्रदेश का रूख करने के लिए विवश हो गए है। रेल और बस सेवा बंद होने के कारण उन्हे सैकड़ो किलोमीटर की दूरी पैदल चल कर तय करनी पड़ रही है। देर से ही सही लेकिन केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों ने उनकी सुध ली है। रेलवे ने ऐसे मजदूरों की घर वापसी के लिए विशेष श्रमिक ट्रेनें चलाने की घोषणा की और उस पर अमल भी किया। उत्तर प्रदेश सहित कुछ राज्यों ने बड़ी संख्या में विशेष श्रमिक ट्रेनें चलाने की अनुरोध किया, किन्तु कई राज्यों ने गिनी-चुनी ट्रेनों की मांग की थी। ऐसा लगाता है कि वे राज्य सरकारें चाहती ही नहीं है कि उनके श्रमिक वापस लौटें, क्यों कि लाखों श्रमिकों की मेडिकल जांच करने और उनके लिए रोजी रोटी का साधन जुटाने के नाम पर उनके हाथ पांव फूल रहे थे। यही वजह है कि उन्होने ज्यादा ट्रेनों की मांग ही नहीं की और केन्द्र सरकार पर आरोप लगा दिया कि वह पर्याप्त मात्रा में श्रमिक ट्रेन नहीं चला रही है। गौरतलब है कि श्रमिक ट्रेनों के लिए केन्द्र सरकार 85 प्रतिशत खर्च खुद वहन कर रही है जबकि राज्य सरकारों को मात्र 15 प्रतिशत किराए का ही भुगतान करना है। इसके बावजूद कुछ राज्यों द्वारा विशेष श्रमिक ट्रेन चलवाने में रुची नहीं ली जा रही है, न ही उन राज्यों में श्रमिकों के लिए बसों की भी पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। नतीजतन लाखों श्रमिकों को अभी भी सड़कों पर पैदल चलना पड़ रहा है। राज्य सरकारों के इस असहयोगात्मक रवैये को देखते हुए अब केन्द्र सरकार ने श्रमिक ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है और अब राज्य सरकार चाहे मांग करें या न करें रेलवे प्रतिदिन 400 विशेष श्रमिक ट्रेनें चलाएगा जो श्रमिकों को उनके राज्यों में पहुंचाने का काम करेंगी। इसके अलावा एक मई से 200 नान एसी ट्रेनें अलग से चलाई जाएंगी जिसके लिए टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू की जा रही है। रेलवे ने श्रमिकों के लिए विशेष ट्रेनें चलाकर अब तक लाखों श्रमिकों को उनके गृह राज्य भेजा और इस पर केन्द्र सरकार ने लगभग एक हजार करोड़ रूपए खर्च किए है। अब रेलवे ट्रेनों की संख्या बढ़ाने जा रही है इससे उम्मीद बंधी है कि श्रमिकों को पैदल चलने से और अपनी जान जोखिम में डालने से मुक्ति मिलेगी। राज्य सरकारों को चाहिए कि वे अपने राज्यों के श्रमिकों की वापसी के लिए केन्द्र सरकार का सहयोग करें और उन मजदूरों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था करें।

विचार- माचिस की तिलियॉ और आदमी

प्रीति हर्ष

कभी लगता है आदमी इंसान है, कभी लगता माचिस की तीलियों सा,
क्या उसके भी मस्तिष्क में बारूद होता है,...? क्योंकि टांगे तो सामान ही दिखती हैं,
ऐसे समय पर हाथ क्यों अदृश्य हो जाता है,...? या कि छिपाया हुआ रहता है जानबूझकर,
हमें तो बनाकर भर दिया जाता है डिब्बियों में,
समय पर उपयोग के लिए डरी ,
सहमी,सटी पड़ी रहतीं हम एक दूसरे का हाथ थामें... ना कोई बुढ़ा, ना कोई बच्चा, ना कोई स्त्री, ना कोई पुरुष, सबकी समान उम्र, समान लंबाई,
कोई भेदभाव नहीं, अचानक कभी डिब्बा खुलता है, और हमारी टांग खींच, नींद से जगा दिया जाता,
माथे को रगड़ कर एक चिंगारी पैदा की जाती है, जो कभी काष्ठ अरण्य को राख कर देती,
तो कभी मंदिर दीप प्रज्वलित करती, लेकिन हम स्वयं नहीं, कोई मानव ही हर बार हाथ बढ़ाता है, जिससे अग्नि पैदा हो,
हम नहीं लगाते धर्म के आग, कि जले सभ्यताएं, हम नहीं करते ईर्ष्या,द्वेष, या नहीं चलते राजनीति की कुटिल चाल,
जो धर्म से आच्छादित हों, केवल स्वार्थ के लिए, लेकिन सभी कहते हैं, आग लगाना है तो......
दियासलाई लाओ ..... जलकर हम झुक जाती हैं, शायद लज्जा से,
लेकिन आत्ममुग्ध मानव के चेहरे....
फिर भी मुरझाए हुए क्यों हैं.? वे जीवन क्यों नहीं जीते... मेधा पुलक से.... निस्वार्थ कौतुक से.... क्योंकि वे ग्रसित हैं...?
अपने अवचेतन के रोग से ..... अपनी मानस ग्रन्थियों के विकार से.. जो सदियों से जला आ रहे सभ्यताओं को,
एक दूसरे से हिकारत के भाव से संबंध बनाए हुए, प्रेम निरालंब से....
पंख विहीन मानव पंख लगाकर उड़ते हुए... ये जानते हुए कि मृत्यु सब कुछ छीन लेती है..
सब का अंत एक.. तो दिलों में प्रेम क्यों नहीं रख पाते..?
एक दूसरे के समानांतर, नहीं चलते हम तीलियों की तरह..
हम तो निर्जीव हैं. मजबूर हैं.. यही चाहते हैं कि गरीब के चूल्हे जलाएं,
मंदिर के दीप जलाएं, लोग ईद और दीवाली मनाएं...
जो तमस और कालिमां को दूर करें, तो क्या तुम भी निर्जीव हो...?
मानव.....?

आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा राजीव

डॉ संजय शुक्ला



राजीव गांधी 31 अक्टूबर 1984 से 1 दिसम्बर 1989 तक देश के प्रधानमंत्री रहे, इस कार्यकाल में उन्होंने अनेक अहम फैसले लिए जिसमें कुछ फैसलों में सराहना मिली तो कुछ में आलोचना भी हुई। सूचना क्रांति के आज के भारत की बुनियाद राजीव गांधी ने ही रखी थी, उनका मानना था कि विज्ञान और तकनीक से ही देश का आर्थिक और औद्योगिक विकास हो सकता है। देश में पहले कम्प्यूटर आम लोगों की पहुँच से दूर थे मगर राजीव ने अपने वैज्ञानिक मित्र सैम पित्रोदा से मिलकर देश में कंप्यूटर क्रांति लाने की दिशा में पुरजोर काम किया।भारतीय रेलवे सहित अनेक संस्थानों में कम्प्यूटरीकरण व्यवस्था राजीव गांधी के दौर से ही आरंभ हुआ था लेकिन तब उनके राजनीतिक विरोधियों ने उनकी खूब आलोचना की थी। आधुनिक भारत में देशवासियों की सूचना प्रौद्योगिकी और कम्प्यूटर पर बढती निर्भरता ने साबित कर दिया है कि राजीव सही थे। आज जिस डिजीटल इंडिया की चर्चा है दरअसल इसकी बुनियाद राजीव गांधी ने ही रखी थी। इसी तरह देश में दूरसंचार सुविधाओं की पहुँच महानगरों से गांवों तक सुलभ कराने के उद्देश्य से 1984 में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और एमटीएनएल की स्थापना हुयी।

भारत में कम्प्यूटर क्रांति के जनक स्व. राजीव गांधी ने उन्नीसवीं सदी में ही इक्कीसवीं सदी के आधुनिक भारत का सपना देख लिया था। निःसंदेह राजीव गांधी युवाओं के सबसे लोकप्रिय नेता थे जिन्होंने युवा भारत की कल्पना की थी। उनका विचार था कि भारत एक प्राचीन देश लेकिन युवा राष्ट्र है मैं जवान हूँ और मेरा भी सपना है कि भारत को मजबूत, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और दुनिया के सभी देशों में से प्रथम रैंक में लाना और मानव जाति की सेवा करना।÷ महज चालीस साल के उम्र में देश के प्रधानमंत्री का ओहदा संभालने वाले राजीव गांधी में आधुनिकता के साथ प्राचीन परंपराओं के साथ बेहतर तालमेल की कार्यशैली परिलक्षित होती थी। राजीव गांधी के सरकार द्वारा लिए गए फैसलों का साकार रूप आज के भारत में दृष्टिगोचर हो रहा है। दूरसंचार, कम्प्यूटर, सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था उन्हीं के सरकार की देन है। इस दौर में आर्थिक उदारीकरण की जहां शुरुआत हुयी वहीं युवाओं को 18 वर्ष में मताधिकार और स्थानीय शासन और पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देकर युवाओं और महिलाओं को सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम भी उठाए गए । दलबदल कानून बनाकर जहाँ उन्होंने राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार और अवसरवादिता पर नकेल कसने का प्रयास किया वहीं पंजाब समझौता, असम समझौता और मिजोरम समझौते ने भारत में वर्षों से जारी उग्रवाद और अलगाववाद की आग को बुझा दिया और इन राज्यों में शांति कायम हुयी।देश में सांप्रदायिक सौहार्द स्थापित कर एकता और अखंडता कायम कर समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाने का प्रयास उनके प्राथमिकताओं में था। राजीव गांधी के ही दौर में ही भारत का अनेक देशों के साथ कूटनीतिक संबंध सुधारने का प्रयास आरंभ हुआ जिसने वैश्विक मंच में भारत की अहमियत को स्वीकार्यता को स्थापित किया।पूंजीवाद परस्त आज की राजनीतिक व्यवस्था में राजीव गांधी किसानों, गरीबों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं को युवाओं को अपने विचारों के केंद्र में रखते थे। सही अर्थों में वे भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी राजनीति के पक्षधर थे।

गौरतलब है कि राजीव एक सरल स्वभाव के उदार व्यक्ति थे उनकी रूचि राजनीति में नहीं थी लेकिन प्रारब्ध को कुछ और ही मंजूर था। राजीव के छोटे भाई और गांधी परिवार के राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी संजय गांधी के असामयिक निधन के बाद अपनी माँ श्रीमती इंदिरा गांधी को संबल और सहयोग देने के लिए आखिरकार उन्हें राजनीति में उतरना पड़ा। यदि राजीव गांधी के महज दस वर्षों के राजनीतिक जीवन के सफर पर नजर डालें तो वे इस दौरान निजी रूप से राजनीतिक छल-प्रपंच से दूर राजनीति में शुचिता, जवाबदेही और नैतिकता के प्रबल पक्षधर नजर आए। बहरहाल 1981 में उत्तरप्रदेश के अमेठी संसदीय सीट से निर्वाचित होकर राजीव ने अपनी संसदीय राजनीति की शुरुआत की इसी साल उन्हें अखिल भारतीय युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया बाद में वे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव बने। वक्त ने फिर करवट ली और 31 अक्टूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नृशंस हत्या के बाद उन्हें प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया। राजीव गांधी के नेतृत्व में 1984 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी को लोकसभा के 533 सीटों में से 404 सीटों पर ऐतिहासिक जीत मिली।

इस पहल से शहरों, कस्बों से गांवों तक दूरसंचार का जाल बिछना शुरू हुआ और जगह - जगह टेलीफोन पीसीओ खुलने लगे जिससे आम लोगों का आसान संपर्क देश और दुनिया से होने लगा।

महात्मा गांधी के पंचायती राज व्यवस्था के अवधारणा को सुनिश्चित करने के लिए राजीव गांधी ने पुरजोर प्रयास किया, उनका मानना था कि जब तक पंचायती राज व्यवस्था मजबूत नहीं होगी तब तक गांवों तक लोकतंत्र की पहुँच नहीं हो सकती। उनके प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में तैयार विधेयक के आधार पर ही नरसिम्हा राव सरकार ने 73 वां संविधान संशोधन कर त्रि - स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को आर्थिक और प्रशासनिक रुप से मजबूती और स्वायत्तता प्रदान की गई। फलस्वरूप सरकारों को गांव से लेकर जिला स्तर पर पंचायतों के चुनाव के लिए बाध्य होना पड़ा। दरअसल राजीव गांधी इस विधेयक के द्वारा सत्ता का विकेंद्रीकरण और योजनाओं की सीधी पहुंच गांवों तक चाहते थे। गरीब और मेधावी बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देश भर में जवाहर नवोदय स्कूलों की स्थापना राजीव गांधी के शिक्षा में समान अवसर उपलब्ध कराने की सोच को प्रदर्शित करता है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने जवाहर रोजगार योजना की शुरुआत की। राजीव गांधी किसानों के समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील थे उनका विचार था कि ÷यदि किसान कमजोर हो जाते हैं तो देश आत्मनिर्भरता खो देती है लेकिन यदि वे मजबूत हैं तो देश की स्वतंत्रता भी मजबूत होती है। कृषि और किसानों की प्रगति से ही देश की गरीबी मिट सकती है।÷ छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार ने भारत रत्न राजीव गांधी के किसानों के प्रति विचारों को साकारात्मक स्वरूप प्रदान करने के लिए उनके बलिदान दिवस के अवसर पर ÷ राजीव गांधी किसान न्याय योजना ÷शुरू करने का फैसला किया है। उम्मीद है यह योजना कोरोना काल में राज्य के किसानों के लिए संजीवनी साबित होगी।

राजीव गांधी के राजनीतिक जीवन में विवादों का भी ग्रहण लगा था जिसने उनके ÷मिस्टर क्लीन÷ की छवि को नुकसान पहुंचाया था। 1984 में इंदिरा गांधी के हत्या के बाद दिल्ली सहित देश के अन्य हिस्सों में भड़के सिख विरोधी दंगों में हजारों सिक्खों की मौत हो गई तथा उनके घरों व व्यवसायिक संस्थानों में लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी हुयी थी। कुछ सिक्ख समुदायों और मानवाधिकार संगठनों का मानना था कि भले ही इन दंगों में राजीव गांधी की सीधी भूमिका नहीं थी लेकिन इसमें कुछ कांग्रेसी नेताओं की प्रत्यक्ष भूमिका थी जिन्हें राजीव के दौर में कांग्रेस ने बड़े पदों से नवाजा था। इसी प्रकार उनके राजनीतिक विरोधियों ने राजीव को बोफोर्स कांड, शाहबानो प्रकरण और अयोध्या मामले में कठघरे में खड़ा किया था । श्रीलंका में तमिल विद्रोहियों के खिलाफराजीव गांधी और तत्कालीन श्रीलंकाई राष्ट्रपति जयवर्धने के साथ हुए समझौते के बाद तमिल विद्रोहियों के खिलाफ भारतीय सेना भेजने के निर्णय का देश में काफी विरोध हुआ था। आखिरकार यह समझौता ही राजीव गांधी के हत्या का कारण बना। 21 मई 1991 को आमचुनाव के प्रचार अभियान के दौरान तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में श्रीलंकाई तमील उग्रवादी संगठन ÷लिट्टे÷ के आत्मघाती हमले में राजीव गांधी की हत्या हो गई। उनकी असामयिक मौत से देश ने एक संभावनाओं भरा राजनेता खो दिया जिसने भारत की नयी सदी की सोच का सपना देखा था लेकिन तब तक वे देश को प्रगति का राह दिखा गए थे जिसे युवा भारत आज महसूस कर रहा है। राजीव गांधी को मृत्युपरांत 1991 में ÷भारत रत्न÷ अलंकरण से अलंकृत किया गया। समूचा देश राजीव गांधी के पुण्ययतिथि को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाता है, इस अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित है।

संकट की घड़ी में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता भारत

डॉ. सुशील त्रिवेदी

भारतीय अर्थव्यवस्था को नया संवेग देने वाले इस पैकेज के चार आयाम हैं- पहला - व्यवस्था में सुधार लाने का है, दूसरा- अर्थव्यवस्था में लिक्विडिटी अर्थात नगदी की व्यवस्था करने का है, तीसरा- बुनियादी संरचनाओं को मजबूत बनाने का है और चौथा- संकट में पड़े व्यवसायों और उद्यमों को सहायता पहुंचाने का है । व्यवस्था में सुधार लाने के लिए मध्यम, लघु और सूक्ष्म उपक्रमों की परिभाषा बदली गई है जिससे कि वे अपने कार्यकलाप के लिए अधिक आर्थिक साधन प्राप्त करने में सक्षम हों।

इस समय पूरी दुनिया एक ऐसे विकराल संकट से जूझ रही है जिसने मानवता के समक्ष अपने अस्तित्व को बचाने का प्रश्न खड़ा कर दिया है। कोविड-19 नामक वाइरस से फैली लगभग अबूझ बीमारी ने पूरे विश्व में अब तक का सबसे भयावह आर्थिक संकट उपस्थित कर दिया है। उसने पृथ्वी पर मनुश्य के लिए जीवन जीने के हर पक्ष को झझकोर दिया है। लेकिन यह मनुष्य है जो हर संकट को एक चुनौती मानता है और चुनौती को अपने जीवन को बेहतर बनाने का अवसर मानता है। इस समय हर देश दो बुनियादी सवालों से जूझ रहा है । पहला तो यह कि उसके देश में यह बीमारी किस गति से बढ़ रही है और बीमारी की इस गति को कैसे थामा जाए और दूसरा यह कि बीमारी का सामना करते हुए अपने जीवन स्तर को किस तरह बेहतर बनाया जाए। इस समय विश्व का ध्यान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी और दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत पर लगा है कि वह किस प्रकार इन दो सवालों का उत्तर निकालता है।

भारत ने कोविड-19 महामारी के विरूद्ध जबरदस्त अभियान चलाया है, न केवल लॉकडाउन के रूप में, बल्कि बीमारी का सामना करने के लिए उपलब्ध साधनों के अधिकतम बेहतर उपयोग करने में, न केवल मास्क और पी.पी.ई. तैयार करने में बल्कि दुनिया को इस बीमारी का सामना करने के लिए मांगी जाने वाली दवाइयां उपलब्ध कराने में । बहरहाल, जिस तरह इस महामारी के कारण अन्य सभी देशों के अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व क्षति पहुंची है उसी तरह भारत को भी उसके आर्थिक जीवन के सबसे कठिन संकट का सामना करना पड़ रहा है। भारत अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सभी साधनों को जुटाकर सेवा का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है और देश की अर्थव्यवस्था को न केवल संभालने, बल्कि उसे नया जीवन देकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए तैयारी कर रहा है। जहां कोविड-19 महामारी ने भारत की आबादी के सबसे कमजोर वर्ग किसानों और मजदूरों को सबसे अधिक संकट में डाला है तो वहीं मध्यम, लघु, और सूक्ष्म उद्यमियों के अस्तित्व पर सवाल खड़े किए हैं तथा बड़े उद्यमों को भी आर्थिक और प्रबंधकीय तूफानों से जूझने को मजबूर कर दिया है। ऐसे समय में एक बड़ा नवाचार करते हुए भारत ने अपनी जीडीपी के दस प्रतिशत के बराबर बीस लाख करोड़ रूपये के एक पैकेज को लोकार्पित किया है ।

कोयला, बाक्साइट जैसे खनिजों के खनन की प्रणाली को सरल बनाया गया है जिससे लाभकारी उत्पादन हो सके । रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा को बढ़ाया गया है जिससे देश में ही शस्त्र आदि का निर्माण हो सके और आयात में कमी आए तथा निर्यात की संभावना बढ़े । हवाई अड्डे और विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण को सुनिश्चित किया गया है जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिल सकें । एक अन्य बड़ा सुधार करने के लिए सार्वजनिक उपक्रमों के लिए नई नीति बनाई गई है जिससे इन उपक्रमों वाले क्षेत्रों से बुनियादी आवश्यकताओं की बेहतर पूर्ति हो सकें। अर्थव्यवस्था में लिक्विडिटी को बढ़ाने के लिए छोटे-छोटे व्यवसायों के लिए कोलेटेरल फ्री अर्थात संपार्श्विक प्रतिभूति से मुक्त ऋण तथा इक्विटी की सुविधा सुनिश्चित की गई है अर्थात अब छोटे-छोटे काम-धन्धों के लिए आम लोगों को बिना प्रतिभूति की चिन्ता के रकम की व्यवस्था मिल जाएगी । देश में नान-बैंकिग फाईनेंस कंपनियों को विशेष लिक्विडिटी और आंशिंक गारंटी की सुविधा दी गई है जिससे वे लोगों को अधिक ऋण उपलब्ध करवा सकें। पावर कंपनियों को बड़ी निधि उपलब्ध कराई गई है जिससे वे बेहतर विद्युत सुविधा दे सकें। कर्मचारियों को उनके प्रॉविडेंट फंड में योगदान को इस तरह सहज किया गया है जिससे उनके हाथ में अधिक पैसा आ सके । किसानों को 2.3 लाख करोड़ रूपये की अतिरिक्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सब शब्दों का ही तो

सब शब्दों का ही तो खेल था जो तुमने कभी कहे ही नहीं पर मेरे अंतस को झकझोर गए भीतर तक और मैं भी कभी कहां कह पाई? इन होंठों पर स्मित बन रुक गए जो शब्द हां! उन शब्दों को तुम्हें भी आत्मसात करना होगा क्योंकि तुम्हारे शब्दों की तरह ये भी बिना कहे बहुत कुछ बोल जाते हैं। कभी दिल से सुनना तुम भी!!.. **- सीमा भाटिया**

हिन्दुस्तान के सभी

हिन्दुस्तान के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रीयो से हाथ जोड़ कर विनती करता हुँ इस आपदा की घड़ी मे पार्टी के मुखिया या बडे नेता क्या सोचेगे ये भूलकर गरीब बेसहाराओ के लिए अपना सर्वोच योगदान दे मानव जाति कि सेवा करने का ऐसा मौका किसी के जीवन मे दुबारा नही आयेगा ।। **- अरविंद राजपूत**

खास पाती | आज भारत के सड़कों पर

आज भारत के सड़कों पर मजदूरों की जो स्थिति दिख रही है वो हर किसी के दिल को दहला रही है। पर ! एक शब्द जो बार - बार प्रयोग किये जा रहे हैं वह है ऋप्रवासी मजदूर। जब फ़िल्म इंडस्ट्री में सारे कलाकार जो देश के विभिन्न भागों से आते हैं उन्हें हम प्रवासी कलाकार नहीं कहते पार्लियामेंट में विभिन्न राज्यों के नेता को प्रवासी नेता नहीं कहते फिर यह शब्द हमारे गरीब मजदूरों के लिए ही क्यों use हो रहा है। सच में आज हमारे मजदूर अपने ही देश में प्रवासी हो गए हैं। **- सत्या शर्मा कीर्ति**

सादा जीवन उच्च विचार सुन्दर

सादा जीवन उच्च विचार, सुन्दर हो अपना व्यवहार। समय नही बिताना बेकार बनना नही किसी पर भार। हक किसी का नही मारना, निज हृदय बोझ नही धरना। नही किसी से नफ़रत करना सदा सभी से प्रेम ही करना। वर्जित कर्म कभी ना करना। सदा आत्मा की कही करना। मानव हो मानव बनके रहना मानवता कभी ना मरने देना। सदा देश का करना सम्मान। कभी नही मिटने देना मान। कायम रहे आन-बान-शान चाहे देना पड़ जाए प्रान। **- मंजू श्रीवास्तव**

गहरा तम है छाया देख घनेरा तम

गहरा तम है छाया देख घनेरा तम मन मेरा अकुलाया तेरी प्यासी आँखें आँखों से लेकर तन-मन तक में झाँकें चुप-चुप सी रहती हो क्या ग़म है जिसको तुम चुप-चुप सहती हो क्या खूब नज़ारा है सूनी रातों में कोई न हमारा है जग सारा अपना है साथ रहें मिलकर ये मेरा सपना है हम दोनों की आँखें कितनी हसरत से इक - दूजे को ताकें। **- नीलोफर नीलू**

मजदूर के फटे पांव

मजदूर किये थे मतदान इन्हीं दोनों पावों से चलकर जीते थे नेता श्रीमान इन्हीं पावों को चरण स्पर्श कर इन्हीं पावों से चलकर गारा ईंट ढोकर बनाये महानगर काश ! चुनाव के समय कोरोना ढाता अगर ऐसा कहर फटते नहीं मजदूर के पांव पांव पांव गांव की ओर चलकर सारे नेता सारी सुविधा लेकर अविलंब सेवा के लिए रहते तत्पर। **- परमेश्वर वैष्णव**

वैभव के विराट स्लेट पर लिख गये

वैभव के विराट स्लेट पर लिख गये जीवन हौले से पतझड सावन मधुमासों में गढ़ गये जीवन हौले से हृदय-हृदय का तार जोड़ गये प्राकृतिक उपबंधों से हे ! कुलश्रेष्ठ ,तुम साँझ-उषा में पढ़ गये जीवन हौले से !! हे ! क्षितिज- हे! गगन। **- पंकज कुमार बसंत**

वो मेरी थी वही देखो मेरी होकर ना

वो मेरी थी वही देखो मेरी होकर ना हो पाई ।। मिलन से आँख मिलते ही जुदाई संग चली आई।। हाथ छूटा बात रूठी कली दिल शाख से टूटी । ज़माने के निशाने थे चाह रोने की ना रो पाई ।। हज़ारों ख़्वाब तोहफ़े में दिये उसने मगर देखो ।। बहुत अलसाई रात आँखों जालिम नींद ना आई। **- प्रियंवदा अवस्थी**

आभासी दुनिया यही लगने लगी

आभासी दुनिया यही, लगने लगी पवित्र ।लाइव लाइव खेल में , उलझ गए सब मित्र ।। उलझ गए सब मित्र, धुरंधर भी बौराये । गायब मंच प्रपंच , निठ्ले कवि घबराये ।। हे कोरोना देव , चली क्या चाल सियासी । लगती अब तो यार, भली दुनिया आभासी। **- राजेश प्रखर**

QUIZ TIME

1) चाइना कप किस खेल से संबंधित है?
2) भारत में शून्य आधारित बजट तकनीक किस देश की देन मानी जाती है? (रूस / अमेरिका)
3) किसकी प्रदूषित जल में अधिक मात्रा होने से शिशुओं में नीला वर्ण बीमारी होती है?
4) भारतीय संविधान में पहला संशोधन किस वर्ष लाया गया? (क) 1951 (ख) 1952 (ग) 1953 (घ) 1954
5) लेखिका का नाम बताए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जिम्नास्टिक्स (2) अमेरिका (3) नाइट्राइड (4) 1951 (5) गीता हरिहरन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1502: पुर्तगाल के जोआओ दा नोवा ने दक्षिण अटलांटिक महासागर में सेंट हेलेना द्वीप की खोज की। 1819: अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर की सड़कों पर पहली बार साइकिल देखी गई जिसे स्विफ्ट वॉकर कहा जाता था। 1840: न्यूजीलैंड को ब्रिटेन का उपनिवेश घोषित किया गया। 1851: दक्षिण अमेरिका के कोलंबिया में गुलामी प्रथा समाप्त हुई। 1881: अमेरिकी रेड क्रॉस संस्था की स्थापना। 1904: पेरिस में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) की स्थापना। 1918: अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने महिलाओं को मतदान की अनुमति दी। 1927: अमेरिका के एक पायलट चार्ल्स लिंडनबर्ग ने एक छोटे से विमान से न्यूयॉर्क से पेरिस के बीच बिना रुके पहली अटलांटिक पार उड़ान भरी।

आज से किसान न्याय योजना का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिए राज्य शासन द्वारा कृषि आदान सहायता हेतु राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू की जा रही है। योजनांतर्गत खरीफ मौसम के धान, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी, रामतिल, कोदो, कुटकी, रागी तथा रबी में गन्ना फसल को सम्मिलित किया गया है। इसका शुभारंभ आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। योजना का उद्देश्य. फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, फसल के कास्त लागत की प्रतिपूर्ति कर कृषकों के शुद्ध आय में वृद्धि करना, कृषको को कृषि में अधिक निवेश हेतु प्रोत्साहन, कृषि को लाभ के व्यवसाय के रूप में पुर्नस्थापित करते हुए जीडीपी में कृषि क्षेत्र की सहभागिता में वृद्धि।

योजनांतर्गत सम्मिलित फसल एवं पात्रता. योजनांतर्गत खरीफ मौसम के फसल को सम्मिलित किया गया है। कृषकों द्वारा पंजीकृतध्वास्तविक बोए गए रकबा के आधार पर निर्धारित राशि प्रति एकड़ की दर से अनुपातिक रूप से उनके बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से सहायता राशि अंतरित किया जाएगा। अनुदानग्रहिता कृषक यदि गत वर्ष धान की फसल लगाया था एवं इस वर्ष धान के स्थान पर योजनांगर्तत शामिल अन्य फसल लगाता है तो उस स्थिति में कृषकों को अतिरिक्त सहायता अनुदान प्रदान किया जाएगा। कृषकों द्वारा उपरोक्त फसलों के बोए गए रकबा के आधार पर लाभ प्राप्त करने हेतु घोषणा पत्र के साथ विभागीय पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। क्रियान्वयन एजेंसी. राज्य एवं जिला स्तर पर योजना का क्रियान्वयन क्रमशः संचालक कृषि एवं जिलों के उप संचालक कृषि द्वारा जिला कलेक्टर की देख.रेख में किया जाएगा। खरीफ 2019 में योजना का क्रियान्वयन. योजना का आंशिक क्रियान्वयन भूतलक्षी प्रभाव से खरीफ 2019 से किया जाएगा। खरीफ 2019 में धान तथा मक्का लगाने वाले कृषकों को अधिकतम राशि रू 10000 प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि किश्तों में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

बोरई वेयरहाउस गोदाम में धरना देकर जताया विरोध

ठेकेदार की मनमानी के खिलाफ संघ ने खोला मोर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। ट्रक मालिक संघ के नियमों का उल्लंघन कर मनमानी पर उतर आए ठेकेदार एवं ट्रक मालिक अमर सिंह यादव के खिलाफ संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ के सदस्य बोरई वेयर हाउस गोदाम में जुटे और धरना देकर विरोध दर्ज करवाया गया। लॉकडाउन में धरना के दौरान सदस्यों ने सोशल डिस्टेसिंग एवं शासन. प्रशासन के निर्देशों का पालन किया। गोदाम से आम दिनों की तरह चावल का परिवहन भी होता रहा लेकिन संघ सदस्यों ने उसे बाधित करने का प्रयास नही किया। जिससे धरना पूर्णतरू शांतिपूर्ण रहा। दुर्ग ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष गुरदीप सिंह का कहना था कि ठेकेदार व ट्रक मालिक के मनमानी से संघ द्वारा कलेक्टर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। कार्यवाही नहीं होने से संघ ने शांतिपूर्वक विरोध दर्ज करवाया है। कार्यवाही करना या नही करना यह अधिकारियों का अधिकार है लेकिन ठेकेदार की मनमानी से संघ सदस्यों में आक्रोश का माहौल है। गुरदीप सिंह ने बताया कि दुर्ग ट्रक मालिक संघ अपने नियमों का उल्लंघन होने से सख्त नाराज है। ठेकेदार व ट्रक मालिक अमर सिंह यादव चांवल परिवहन मामले में मनमानी करने पर उतर आया है। वह स्वयं के ट्रकों से चांवल का परिवहन कर संघ के नियम.कानूनों को दरकिनार कर रहा है। जबकि ठेकेदार से सहमति लेने के बाद ही संघ द्वारा ट्रकों का भाड़ा तय किया जाता है। इस मनमानी से संघ से जुड़े ट्रक मालिकों का हित मारा जा रहा है। जिससे दुर्ग ट्रक मालिक संघ में तनाव का माहौल है। ऐसी मनमानी पूर्व में बड़े विवाद का कारण भी बन चुकी है। इसे देखते हुए ठेकेदार व ट्रक मालिक अमर सिंह यादव की मनमानी पर जिला प्रशासन को रोक लगाकर संघ को न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। धरना में दुर्ग ट्रक मालिक संघ के सचिव मनप्रीत पाल सिंह, संरक्षक उलजिंदर सिंह, गुरदीप सिंह गिल, सुखविंदर सिंह, मंजीत सिंह, रिम्पाल सिंह, रवि सिंह एवं अन्य सदस्य सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए शामिल हुए।

3 करोड़ से जेआरडी स्कूल बनेगा मॉडल स्कूल : वोरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शासन ने झाडूराम देवांगन शासकीय बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने 3 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। विधायक अरूण वोरा ने कहा कि जेआरडी स्कूल के उन्नयन से सैकड़ों छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा का लाभ मिलेगा। स्मार्ट क्लासेस, विज्ञान, कम्प्यूटर व गणित के लैब स्थापित होने से छात्रों को बेहतर शिक्षा की सुविधाएं मिलेगी।

कोरोना वायरस की महामारी से प्रभावित छात्र छात्राओं के भविष्य और शिक्षा के नए मॉडल पर आज विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल से विस्तार में चर्चा की। लॉक डाउन के दौरान काम धंधे बंद रहने से मध्यम वर्ग, छोटे व्यवसायी व गरीबों की आर्थिक स्थिति चरमराई हुई है। स्कूल बंद होने के बावजूद लगातार फीस की मांग किए जाने की शिकायतें आ रही हैं। विधायक अरूण वोरा की पहल करने के बाद सभी शासकीय व निजी स्कूलों को शिक्षण सत्र प्रारंभ होने तक फीस स्थगित रखने के आशय का पत्र शिक्षा विभाग द्वारा भेज दिया गया है। निगम क्षेत्र में 72 शासकीय स्कूल हैं। इसमें प्राथमिक शाला 37, पूर्व माध्यमिक 22, हाईस्कूल 2 और 11 हायर सेकेण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों के 14 हजार 30 छात्र.छात्राएं कोरोना के कहर से शिक्षा से वंचित हैं।

छात्र.छात्राओं को भविष्य की चिंता सता रही है। विधायक व महापौर ने शिक्षा के ऑनलाईन मॉडल पर भी चर्चा की। वोरा ने बताया कि दुर्ग निगम क्षेत्र में नए शिक्षा सत्र में अंग्रेजी स्कूल का चयन नहीं किया गया है। चर्चा के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश शर्मा, अंशुल पाण्डेय, आयुष शर्मा, गौरव उमरे मौजूद थे।

नपा अध्यक्ष ने अधिकारियों के लिए मैराथन बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

जामुल। नपा अध्यक्ष सरोजनी चंद्राकर ने आज सीएमओ श्री नायक सहित समस्त अधिकारियों का मेराथन बैठक लिया। नपा अध्यक्ष ने कड़े तेवर दिखाते हुए सख्त निर्देश दिया कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी साथ ही पेयजल कार्य में लगे कर्मचारियों को अनुशासन में रहते हुए कार्य करने की हिदायत दी। किसी भी प्रकार के संक्रामक बिमारी नगर में न हो इसके लिए व्यापक तैयारियां कराने अधिकारियों को निर्देश किए। वर्तमान में डेंगु, पीलिया का कोई प्रकोप हुआ या बिमारी फैली तो जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर कार्यवाही होगी। श्री नायक ने सभी विभागों की समीक्षा करते हुए बताया कि वर्तमान में पेयजल कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। सफाई कार्य में तेजी लाने का निर्देश संबंधित प्रभारियों को दिये और कहा कि कुछ कर्मचारियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर शासन के नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। प्लेसमेंट में कार्यरत कुछ लोगों के खिलाफ भी शिकायत मिलने पर सीधे कार्य से हटाने का भी निर्देश दिया। साथ ही वाहन चालकों, पंप आपरेटरों, सफाई कर्मचारियों को कहा कि कोई भी कर्मचारी समय से पूर्व कार्य स्थल न छोड़े, सामाजिक दूरी, मास्क पहनना अनिवार्य है।

आपूति बाधित

भिलाई.03। नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न ओव्हर हेड टैंक एवं सम्पवेल पानी टंकियों की सफाई आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए किया जाना है। 22 मई को देवबलौदा में पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। इसके बाद नियमित रूप से पूर्व की भांति पानी की सप्लाई यथावत रहेगी।

सीईओ के हाथो सेक्योर भवन का लोकार्पण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के अत्याधुनिक बार एवं रॉड मिल के वर्क्स बिल्डिंग जिसे सेक्योर भवन के नाम से जाना जाता है। 19 मई, 2020 को इस सेक्योर भवन का लोकार्पण सेल के निदेशक (प्रोजेक्ट्स एवं बिजनेस प्लानिंग) एवं बीएसपी के सीईओ श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। इस भवन के प्रारंभ होने से मिल के विभिन्न प्रशासनिक व प्लानिंग कार्यों को गति मिलेगी। इस लोकार्पण में संयंत्र के सीईओ अनिर्बान दासगुप्ता सहित संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) राकेश, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएँ) एके भट्टा और कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एस के दुबे आदि उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर बीआरएम के महाप्रबंधक प्रभारी संजय शर्मा तथा मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएँ-यूटिलिटी एवं स्टील) एस के मेहता विशेष रूप से मौजूद रहे।

कोटक महेन्द्रा इंश्योरेंस देगी 9 लाख क्षतिपूर्ति राशि

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मोटरयान अधिनियम की धारा 166 के एक मामले में कोटक महेन्द्रा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड गौरवपथ पुलिस हेड क्वार्टर रोड रायपुर आवेदिका को 60 दिन के भीतर 9 लाख क्षतिपूर्ति की राशि देगा। अन्यथा की स्थिति में क्षतिपूर्ति राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक दर पर साधारण ब्याज देय होगा। एवार्ड राजीनामा आवेदन की राशि में से 1 लाख आवेदिका को नगद देगा, शेष राशि उसके नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में 5 वर्ष की अवधि के लिए जमा किए जाने का आदेश भी दिया गया है। यह आदेश दुर्ग के प्रथम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अजीत राजभानू ने आवेदिका भावना श्रीवास्तव 45 वर्ष पति सत्येन्द्र श्रीवास्तव राजीव नगर निवासी के राजीनामा आवेदन पर दिया है।

डेंगु के फैलाव के चलते अलर्ट मोड पर निगम

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। जनजनित बीमारी पीलिया के बढ़ते प्रकोप व नगर में डेंगु के फैलाव के बीच रिसाली निगम भी चौकन्ना हो गई है। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश व जोन आयुक्त रमाकांत साहू के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अमला द्वारा निगम क्षेत्रों के वार्डो में युद्ध स्तर पर जनजनित बीमारी पीलिया के रोकथाम हेतु घरों में पहुंचकर मितानिनों के सहयोग से व्यापक रूप में क्लोरिन टेबलेट का वितरण तथा बचाव हेतु लोगों में जागरूकता लाने उबला हुआ एवं साफ पानी पीने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है। साथ ही साथ निगम वार्डो रूआबांधा, पुरैना व स्टेशन मरोदा के कुओं में ब्लिचिंग पाऊडर के घोल को मिलाकर कुओं के प्रदुषित पानी का शुद्धिकरण किया जा रहा है। वार्डों के सभी हैण्डपंप एवं पावर पंपों के आसपास साफ सफाई कर प्रतिदिन नियमित रूप से ब्लिचिंग पाऊडर का छिड़काव किया जा रहा है। वार्डों में मच्छरों से बचाव हेतु प्रतिदिन रात्रि में फागिंग कार्य में तेजी लाने के कड़े निर्देश निगम आयुक्त सर्वे ने अधिकारियों को दिये है। अमला द्वारा प्रथम चरण उपरांत सभी वार्डों में आज तक 6900 टेमीफास की बोतलें व पीलिया के बचाव हेतु 11000 क्लोरिन टेबलेट वितरण किया।

जलस्तर.... बारिश पूर्व जल प्रवाह बनाने बड़े नालों युद्धस्तर पर की गई साफ- सफाई

जलभराव से ग्रीष्मऋतु में निस्तारी में मिलेगी सहूलियत

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए तालाबों की सफाई कराकर जलभराव किया जा रहा है। तालाबों में जलभराव होने से आसपास के लोग निस्तारी कर पाएंगे तथा समीप के क्षेत्रों के हैंड पंप, नलकूप, कुआं, बोरवेल आदि का जलस्तर बढ़ेगा। तालाब में निस्तारी की समस्या न हो इसलिए जलभराव किया जा रहा है निगम क्षेत्र के तालाबों से झिल्ली, पन्नी व कचरे की सफाई भी कराई जा रही है। तालाबों में जलभराव पश्चात जल शुद्धिकरण के लिए व्यवस्था की गई है। ग्रीष्म ऋतु में पानी की अधिक खपत तथा नलकूप व बोर मे पानी की कमी हो जाने के बाद लोग तालाबों में निस्तारी करते है। ऐसे लोगों के लिए निस्तारी की व्यवस्था को बेहतर बनाने निगम प्रशासन तालाबों में जलभराव का कार्य कर रही है। स्वच्छता अधिकारियों ने बताया कि तालाबों में फैली गंदगी, झिल्ली पन्नी व अन्य कचरे तथा कीचड़ को निकालने के साथ ही आवागमन के लिए तालाब के आस.पास सफाई भी किया जा रहा है। गंदा पानी तालाब में ना जाएं इसलिए नाली के मुहाने पर जाली लगाई जा रही है। वार्ड 28 के दर्री तालाब, वार्ड 21 श्यामनगर, वार्ड 27 के घासीदास नगर तालाब में और अधिक जलभराव के लिए गहरीकरण का कार्य किया है। जोन1 के वार्ड 1 में जुनवानी तालाब, आलाबंद, वार्ड 02 के स्मृतिनगर, वार्ड 03 के भेलवा, जोन 02 में वार्ड 27 घासीदास नगर, वार्ड 16 के नकटा, ढौर व कुरूद के शीतला, जोन 04 के सूर्यकूंड तालाब में सफाई पश्चात जलभराव किया जा रहा है ताकि क्षेत्र के आम नागरिक ग्रीष्मऋतु में तालाब में निस्तारी कर सके।

जलभराव से पूर्व बड़े नालो की सफाई

निगम क्षेत्रांतर्गत बड़े नालो का सफाई कार्य किया जा रहा है। बारिश से पूर्व नालों की सफाई निगम द्वारा कराई जा रही है ताकि बारिश होने पर जल का प्रवाह तीव्र गति एवं जलजमाव व जलभराव की स्थिति न बने, जोन अंतर्गत नालियों की सफाई की जा रही है साथ ही कई स्थानों पर नालियों की खुदाई की जा रही है। ऐसे क्षेत्र जहां पर जलजमाव की स्थिति बन सकती है उन इलाकों में भी नाली को व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। नाला सफाई कार्य में लगे एजेंसी द्वारा दो चैन माउंटेन, दो जेसीबी और चार डंपर के माध्यम से नालों की सफाई की जा रही है।

पार्षद ने किया कोरोना योद्धाओं का सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सिद्धार्थ नगर में वरिष्ठ पार्षद मदन जैन ने वार्ड 31 एव 34 के समस्त कोरोना योद्धा व सुपर वाइजर एव सफाई कामगारों जिन्होंने जान को जोखिम में डालकर शहर को साफ सफाई करते है। पार्षद मदन जैन ने वार्ड 31 में सिद्धार्थ नगर काली मंदिर के पास सफाई सुपर वाइजर एव सफाई कामगारों का स्वागत व सम्मान कर सेनिटाइजर एवं मास्क का वितरण किया। उन्होंने कामगारो का आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं सफाई कामगारों से बहुत खुश हूँ उन्होंने जान जोखिम में डालकर वार्डो में नाली, सड़क को साफ रखा एसफाई कामगारों का सहयोग मैं अपने जीवन काल में नही भुला सकता। महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी दुर्ग निगम के कोरोना योद्धाओं के रूप में काम करने वाले सभी सफाई कामगारों वाहन चालकों का आभारी हैं कि पूरे कोरोना काल में कोरोना योद्धाओं ने दृढ़ता से कार्य किया है जो काबिले तारीफ है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट नम्बर /2019-20 — पक्षकार का नाम सीमादेवी साव — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202005100400021

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सीमादेवी साव पति प्रमाद कुमार साव निवासी कुरुद रोड कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह.व जिला दुर्ग	2019	0.040 हें 4000 वर्ग.	पेट्रोल पंप वाणिज्यिक
	2067	0.040 हे. 4000 वर्ग	कुल 8000

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा साहू पति राकेश साहू निवासी भाठापारा बेमेतरा मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 88/28 रकबा 0.011 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार नंदकुमार साहू पिता धरम सिंह साहू से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.04.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./859/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित सरीन पिता बी.के. सरीन निवासी ग्राम स्मृति नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 138/11 नया खसरा 419 का टु. रकबा 135.6 वर्गफीट हें. भूमि को विक्रेता रमेश कुमार नाडमवार पिता मारोतीराव नाडमवार निवासी ग्राम श्रीवास भवन स्मृति नगर भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.01.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.05.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./381/अ-74/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राज कुमार खाती पिता लूनाराम खाती निवासी ग्राम गयानगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम खम्हरिया तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 249/11 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400031

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सुवर्षा राव पति स्व. श्री रुप कुमार राव निवासी जी 2/16 पांच बिल्डिंग दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1138/2 रकबा 0.039 हें/ 4212 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 05 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400036

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री छबिलाल साहू अन्य 02 आ. श्री रामभगत निवासी कातुलबोर्ड हरिनगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 290/133 रकबा 0.009 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400023

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका अनीता आ. श्री मुरली निवासी परसाही पोस्ट फेकारी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पुरई प.ह.न. 40 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1041/7 रकबा 0.020 हें/ 2206 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी- राजस्व

मामला क्रं. 202005101200006/

विषय:-अ-74 — सन् 2019-20

जंजगिरी (प.ह.न. 00037)

पक्षकारों का वितरण - आवेदक पक्षकार - बालमुकुंद

अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.05.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। बालमुकुंद पिता नीलकंठ निवासी जंजगिरी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जंजगिरी प.ह.नं. 37 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 52, 94, 610, 1056/2, 1327/2, 1330/2 रकबा 0.21, 0.35, 1.03, 0.35, 0.32, 0.69 हे. कुल रकबा 2.95 हे. लगान 4.82 रु. भूमि भूमिस्वामी बालमुकुंद पिता नीलकंठ पता जंजगिरी के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.05.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.05.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम सुधार

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता शिव शंकर मोला (Shiv Shankar Mola) आ. एम.एस. चन्दुदु (M.S. Chandrudu) निवासी सड़क नं. 14 स्मृति नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। जो कि निम्नलिखित अभिकथन शपथपूर्वक करता हूं यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा नाम सही शिव शंकर मोला (Shiv Shankar Mola) आ. एम.एस. चन्दुदु (M.S. Chandrudu) है। त्रुटिवश मेरा नाम एम शिव शंकर (M. Shiv Shankar) हो गया है जो कि गलत है। यह कि शिव शंकर मोला (Shiv Shankar Mola) आ. एम.एस. चन्दुदु (M.S. Chandrudu) एवं एम शिव शंकर (M. Shiv Shankar) दोनों व्यक्ति एक ही अर्थात मैं स्वयं हूं। यह कि शिव शंकर मोला (Shiv Shankar Mola) आ. एम.एस. चन्दुदु (M.S. Chandrudu) एवं एम शिव शंकर (M. Shiv Shankar) दोनों ही एक ही व्यक्ति होने के संबंध में तथा शिव शंकर मोला (Shiv Shankar Mola) आ. एम.एस. चन्दुदु (M.S. Chandrudu) जाने पहचाने व पुकारे जाने के संबंध में यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है। अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन : मैं शिव शंकर मोला (Shiv Shankar Mola) आ. एम.एस. चन्दुदु (M.S. Chandrudu) निवासी सड़क नं. 14 स्मृति नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र में लिखी बाते मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार सही व सत्य है।

शपथकर्ता

न्यूज गैलरी

नपं मारो पहुँच कलेक्टर ने किया क्वारेंटाइन सेन्टर का मुआयना

बेमेतरा/साजा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने आज मंगलवार को नगरपंचायत मुख्यालय-मारो का दौरा कर विकास कार्यो का जायजा लिया। उन्होने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को स्वीकृत अप्रारंभ कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इनमे मुक्तिधाम एवं हाट बाजार सहित जितने भी कार्य स्वीकृत हुए है उसे शीघ्र प्रारंभ करने को कहा। जिलाधीश ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत बनाये जा रहे आवास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। इसके अलावा मारो के जमीन संबंधि विवादों को भी तहसीलदार नवागढ़ एवं नायब तहसीलदार नांदघाट को शीघ्र सुलझाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हायर सेकेण्ड्री स्कूल मे बनाये गयें क्वारेंटाइन सेन्टर का मुआयना किया। उन्होंने क्वारेंटाइन सेंटर मे सभी आवश्यक जरुरी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवागढ़ डीआर डाहिरे, तहसीलदार कुमारी रेणुका रात्रे, नगर पंचायत अध्यक्ष कुमारी बाई कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशिप्रभा गायकवाड़, नगर पंचायत के पार्षदगण सीएमओ एवं उपअभियंता उपस्थित थे।

व्यापारी संघ के सहयोग से श्रमिकों को किया चप्पल वितरण

बेमेतरा/साजा। प्रवासी श्रमिको के सुविधा को ध्यान मे रखते हुए बेमेतरा के जूता-चप्पल व्यापारियों द्वारा स्वेच्छा से चप्पल दान करने की इच्छा जाहिर की गई। इसी क्रम मे आज व्यापारियों के सहयोग से बेमेतरा के नवागढ़ चैक मे श्रमिको को जूता-चप्पल का वितरण किया गया। संकट की घड़ी मे व्यापारी संघ पीड़ित मानवता की सेवा करने हमेशा तत्पर रहा है। इस अनुकरणीय पहल के लिए श्रमिको ने व्यापारियों एवं जिला प्रशासन के प्रति सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर संजय कुमार दीवान, एएसपी विमल कुमार बैस, डीईओ सीएस ध्रुव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, प्रभारी तहसीलदार अजय कुमार चंद्रवंशी, नायब तहसीदार राजकुमार मरावी, स्वच्छता श्रीनिवास द्विवेदी उपस्थित थे।

मोहनराव मदनकार श्रम विभाग के प्रतिनिधि नियुक्त

महासमुंद। लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू ने मोहनराव मदनकार को श्रम विभाग के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री मदनकार सांसद की गैरमौजूदगी में श्रम विभाग से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं, शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन की देखरेख करेंगे। साथ ही अलग अलग क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक व मजदूरों के हितों में कार्य करने के अलावा शासकीय योजनाओं से जोड़ने व जागरूकता अभियान चलाएंगे। सांसद प्रतिनिधि नियुक्त होने पर सभापति संदीप घोष, राजेन्द्र चंद्राकर, पार्षद रिंकू चंद्राकर, जगतराम महानंद, संतोष वर्मा, गोलू मदनकार, कपिल साहू, अरविंद प्रहरे, पवन साहू, मोहन साहू, लालू यादव, रिकेश यादव सहित मित्रों ने बधाई दी है।

नगर पालिका आरंग के लिए नवीन कार्यालय परिसर का भूमिपूजन

आरंग। नगर की बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए नगर के प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय, नगर पालिका परिषद आरंग के लिए नए भवन की सख्त आवश्यकता थी जिसकी मांग परिषद के अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर चन्द्राकर एवम पार्षदों द्वारा क्षेत्रीय विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री माननीय डॉ डहरिया जी से किया गया जिसे माननीय मंत्री जी ने सहर्ष स्वीकृति दी। 3.48 करोड़ की लागत से बनने वाले सर्व सुविधायुक्त नवीन कार्यालय भवन परिसर निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 14 में बैल बाजार की रिक्त भूमि में किया जाना है। जिसका भूमिपूजन नगर पालिका के अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर चंद्राकर, वार्ड 14 के पार्षद एवम लोक निर्माण विभाग के सभापति श्री शरद गुप्ता जीतू, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री नरसिंग साहू, पार्षदद्वय श्री समीर गोरी, राममोहन लोधी, श्रीमती गौरी बाई देवांगन, दीपक चंद्राकर, श्रीमति धनेश्वरीखिलावन निषाद, श्रीमती दीक्षा सूरज सोनकर, भीम जलछत्री एवम निकाय के सीएमओ श्री सौरभ शर्मा, एई श्री मनीष स्वर्णकार व उपयंत्री श्री साहू व दुबे जी के साथ नगरपालिका के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

9 करोड़ की लागत से किए गए विकास कार्य

बैकुंठपुर। पर्यावरण अनुकूलन के साथ वनवासियों के जीवन स्तर मे बदलाव लाने व आजीविका में आमदनी की वृद्धि हेतु कोरिया जिले में जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2017/18 बैकुण्ठपुर विकासखंड के मुरमा ग्राम पंचायत के देवखोल में लगभग 170 एकड़ वन अधिकार के तहत प्राप्त भूमि व निजी भूमि में कृषि को बढ़ावा देने जिला प्रशासन द्वारा लगभग 9 करोड़ रुपये जिला खनिज न्यास व मनरेगा के तहत खर्च कर कई विकास कार्य कराये गए। ताकि यहाँ के किसानों को खेती के साथ साथ मुनगा उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके किन्तु पथरीली भूमि पे अच्छी उत्पादन होना भी किसी चुनौती से कम नही फिर भी जिला प्रशासन ने जिला खनिज न्यास से उक्त राशि खर्च कर जिले में एक मिसाल पेश करना चाहा जो अब दम तोड़ चुकी हैं।

कोरोना काल में योजना का मिलता लाभ

यदि आज इस योजना का क्रियान्वयन सही तरीके से किया गया होता तो आज कोरोना काल के संकट में यहां के 70 किसानों के आत्मनिर्भरता से पूरे कोरिया जिला को लाभ मिलता। 170 एकड़ की भूमि में किए गए विभिन्न प्रकार के सब्जी, फल इत्यादी प्लांटेशन का जिले को भरपूर लाभ मिलता। कोरोना काल में आज बाहर के कई राज्यों से मंहगे दामों में सब्जियां मंगाई जा रही है वही सब्जी हमारे जिले से हमर जंगल हमर आजीविका के तहत मिलता, जिससे 70 किसानों के साथ कई मजदूरों को रोजगार मिल जाता जिससे वह आत्मनिर्भर बने होते किन्तु विभागीय उदासीनता से अब यह योजना भी दम तोड़ चुकी।

वही अब अधिकारी भी इस क्षेत्र में राशि खर्च होने के पश्चात जाना उचित नही समझते जब कि जिला खनिज से स्वीकृत कई योजना पूर्व में करोड़ो खर्च करने के बाद भी दम तोड़ चुकी थी फिर भी अधिकारियों ने एक ही छेत्र में करोड़ो रूपये खर्च किये वही अब एक बार फिर जिला प्रशासन चिरमिरी क्षेत्र में जिला खनिज न्यास योजना से 50 करोड़ रुपये खर्च कर एडवेंचर पार्क बनाने की तैयारी में है।

योजना का लाभ नहीं

आज की स्थिति में यहां पर इस योजना का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। पूरी जमीन परित पड़ी हुई है। फेसिंग वॉल भी टूट चुकी है। डेम व तालाबों की स्थिति भी दयनीय है। एक नाले में 4 से 5 स्टॉप डेम बना दिए गए, जिससे पानी भी नहीं मिलता। दो ट्रक मुनगे के बीज लगाने के लिए आए थे, वह भी सूखकर खराब हो गए। ऐसा उस किसी भी अधिकारी का आना जाना नहीं होता है - उदय सिंह, सरपंच, ग्राम पंचायत -मुरमा, बैकुंठपुर।

कार्य की जांच की मांग -

वहां की वास्तविक स्थिति क्या है यह वहां पर जाने पर पता चलेगा। मैं वहां जाकर उन किसानों से मिलूंगा और इसके वास्तविक स्थिति को जान लूंगा। यदि इसमें भ्रष्टाचार हुआ है तो इसकी जांच होगी और उन किसानों को इसका लाभ दिलाया जाएगा - वेदांती तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोरिया।

भरत कुंभकार पार्षद द्वारा राशन सामग्री का वितरण

खरोरा। नगर मे कोरोना के चलते नेता जी सुभाष चन्द्र बोस वार्ड के गरीब परिवार वालो को राहत पहुंचाने पार्षद द्वारा राशन समान का वितरण किया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 09मे रोजी मजदूरी करने वाले गरीब परिवार को कोरोना के चलते आर्थिक तंगी का सामना करना पड रहा है जिसे देखते हुए वार्ड क्रमांक 09के पार्षद भरत कुम्भकार द्वारा पार्षद निधि से राशन समग्री का वितरण वार्ड मे घर घर जाकर किया इस अवसर पर पार्षद भरत कुम्भकार के साथ खरोरा के मुख्यनगर पालिका अधिकारी सतिस यादव, राजस्व निरीक्षक नगर पंचायत खरोरा के नेहरु निर्मलकर, सनत पाल, सहित नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

टाटीबंध चौक पर प्रवासी मजदूरों की मदद के लिए साहू समाज ने बढ़ाए हाथ

खरोरा। कोरोना वायरस की वजह से पूरे देश में लॉकडाउन लगा हुआ है लॉकडाउन का बुरा असर दिहाड़ी मजदूरों पर पड़ा है काम बंद होने से सभी मजदूर अपने घर जाना चाहते हैं यही वजह है कि मुंबई हावड़ा से जुड़ने वाली टाटीबंध चौक पर रोजाना हजारों की संख्या में मजदूरों की भीड़ पहुंच रही है ऐसे में भूखे प्यासे मजदूरों की मदद के लिए शहर के सामाजिक संगठनों के साथ स्वंय सेवी संगठनों ने मदद का बीड़ा उठाया है साहू समाज ने भी प्रदेश साहू संघ के मार्गदर्शन में लगातार दूसरे दिन आज टाटीबंध से भूखे प्यासे गुजर रहे विभिन्न राज्यों के प्रवासी मजदूरों के लिए खाने पीने के साथ दवाई का इंतजाम किया गया रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ द्वारा बिस्किट, केला, फ्रूटी सहित पानी के साथ दवाई का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी, युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष सरिता साहू, प्रदेश कार्यालय छात्रावास प्रभारी राजू साहू, विद्या देवी साहू, चित्रलेखा साहू, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत साहू, युवा प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष त्रिलोक साहू, युवा प्रकोष्ठ रायपुर संभाग अध्यक्ष प्यारेलाल साहू, सुधा साहू, शहर जिला उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, सुरेश साहू, रायपुर संभाग महामंत्री प्रकाशमणि साहू, उपाध्यक्ष द्वय ललित कुमार साहू, प्रेम साहू, संगठन सचिव द्वय शिवशंकर साहू, डॉक्टर पुनीत साहू, युवराज साहू, रायपुर संभाग सोशल मीडिया प्रभारी अनिल साहू, दीपक साहू, सुखुराम साहू, राजकुमार साहू, सेवन साहू, उद्धव साहू, डॉक्टर डी पी साहू, प्रदीप साहू, एवं मनोज साहू सहित रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गनियारी में चला दान रथ

खरोरा। समीपस्थ ग्राम पंचायत गनियारी में ग्रामवासियों के द्वारा गरीब मजदूर वर्गों एवं लॉकडाउन से प्रभावित दूर-दराज क्षेत्र के व्यक्तियों को आवश्यक सुविधा पहुँचाने हेतु जनपद पंचायत तिल्दा द्वारा संचालित दान रथ को सुखा राशन दान किया गया जिसमें लगभग 7 क्विंटल चावल, 10 किलो दाल, 10 किलो गेंहू, 25 किलो आलू, 25 किलो प्याज, 4 लीटर तेल व 721? नगदी दान के रूप में देकर इस संकट की घड़ी में सहयोग प्रदान किया। राशन सामान को एकत्रित करने में सरपंच श्रीमती मेनुका महेश साहू, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक रविशंकर वर्मा, समस्त पंच, ठाकुर राम वर्मा, रिंकू वर्मा, चेतन वर्मा, स्व-सहायता समूह से झालेश्वरी वर्मा एवं भूपेश्वरी चौहान एवं अन्य सदस्य, पंचायत सचिव राजकुमार साहू एवं गांव के अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया।

पढई तुंहर द्वार के लिए मीडिया प्रकोष्ठ की स्थापना

खरोरा। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना पढई तुंहर द्वार के माध्यम से बच्चों को घर बैठे आनलाइन शिक्षा प्रदान करने व उनके नियमित मानिटरिंग के उद्देश्य से प्रत्येक जिले मे मीडिया प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिसमें रायपुर जिले से एपीसी पूनम तिवारी को जिला मिडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं पूनम तिवारी ने बताया पढई तुंहर द्वार के प्रचार प्रसार हेतु जिले स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सूचना, शिक्षा, संचार, क्रिएटिविटी तैयार कर मीडिया प्रकोष्ठ व शिक्षा विभाग द्वारा रायपुर जिले में बेहतर प्रयास किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप जिले में अब तक 8199 शिक्षको का पंजीयन किया जा चुका है। पूरे जिले में 98 प्रतिशत शिक्षक पंजीयन कर वर्चुअल कक्षाएं संचालित कर रहे है। जिसके माध्यम से घर बैठे ही शिक्षा प्राप्त कर छात्र छात्राएं लाभान्वित हो रहे है। इस संबंध में मंगलवार को जिला समन्वयक के. एस. पटले द्वारा तिल्दा विकासखंड में सभी सीएसी की बैठक लेकर सिस्को वेबेक्स ऐप के माध्यम से वर्चुअल कक्षायें सुगमता से संचालित करने संबंधी आवश्यक जानकारी देते हुए समीक्षा बैठक लिए जिसमें शत्प्रतिशत शिक्षको व बच्चों की पंजीयन पर जोर दिया गया। एवं शिक्षको को वर्चुअल क्लास संचालन मे हो रही समस्याओं का समाधान भी किया गया।

मंगलवार को मद्रास पुणे और कानपुर से आये 1121 श्रमिकों को भेजा गया सेंटर

■ बुधवार को भी पुणे से आये श्रमिक उतर रहे है भाटापारा

भाटापारा। मंगलवार को तीन राज्यो से अलग अलग ट्रेनों में आये लगभग 1121 श्रमिको को उनके जिले के क्वार टाईन सेंटर में भेज दिया गया तो वही बुधवार को भी पुणे से आई एक ट्रेन से मजदूर श्रमिको को उतार कर उनकी जाँच प्रकिया कराई जा रही है।

मंगलवार को सबसे पहले दोपहर में मद्रास से लेकर श्रमिक ट्रेन भाटापारा पहुँची, इस ट्रेन से लगभग171 श्रमिक यहाँ उतरे जिनमे बलौदा बाजार भाटापारा जिले के ही श्रमिक आये थे जिनको जाँच उपरांत उनके ब्लाक के हिसाब से बनाये गए क्वार टाईन सेंटर पर भेजा गया। वही महाराष्ट्र के पुणे शहर से भी देर शाम एक स्पेशल ट्रेन पहुँची। इस ट्रेन से लगभग 799 श्रमिक यहाँ उतरे और सभी मजदूरों का थर्मल स्कैनिंग करा कर उनको उनके जिले और सेंटर के लिए रवाना कर दिया गया है। पुणे से आई इस ट्रेन में ज्यादतर मजदूर बेमेतरा जिले के थे जिन्हें उनके जिले के लिए बस से रवाना किया गया, जबकि पुणे से आये बलौदा बाजार भाटापारा जिले के मजदूरो को उनके ब्लाक के हिसाब से उनके सेंटर के लिए रवाना कर दिया गया।

मंगलवार को ही तीसरी ट्रेन उत्तरप्रदेश के सुबेरगंज कानपुर से आई।

यह ट्रेन रात के लगभग 11 बजेके आसपास आई। इस ट्रेन को दोपहर लगभग 12 बजे के करीब यहाँ पहुचना था लेकिन यह स्पेशल ट्रेन करीब 11 घंटे विलम्ब से यहाँ पहुँची। इस स्पेशल ट्रेन के इन्तजार में मौजूद अधिकारीयो कर्मचारीयो ने ट्रेन से आये लगभग 151 यात्रियो की जाँच के पश्चात उनको भी उनके केंद्र के लिए रवाना कर दिया।

बुधवार को भी दोपहर में पुणे से फिर लगभग 736 मजदूरों को लेकर ट्रेन यहाँ पहुँचीइस ट्रेन मे बेमेतरा जिले के ज्यादा मजदूर थे जबकि बलौदा जिले के मजदूरो की संख्या कम बताई जाती है। ट्रेन से उतरे सभी श्रमिको को प्रशासन के द्वारा खाने का पैकेट अलग से दिया जा रहा था। भरी दोपहरी में आई इस ट्रेन के श्रमिको को भी पुरे जज्बे के साथ जवाबदारी निभाते अधिकारी कर्मचारी लगे रहे। बुधवार की शाम को पंजाब के अमृतसर से भी ट्रेन आई।

जिले में कोरोनॉ संक्रमित आधा दर्जन मरीजो के मिलने के बाद प्रशासन ने थोड़ी कड़ाई बरतते हुए कोई भी ढील नही दी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल और एसपी श्री प्रशांत ठाकुर के नेतृत्व में सम्पूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हुई। कुछ मजदूरों का स्वाब नमूना भी कोरोना परीक्षण के लिए लिया गया। वापस आये मजदूरो ने बताया कि वे आगे बाहर कमाने-खाने नहीं जाएंगे। वहीं काम करेंगे। मजदूरों ने सुरक्षित और मुफ्त में घर वापसी के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया तथा जिला प्रशासन के नेतृत्व में स्टेशन में की गई व्यवस्था की सराहना की है। स्टेशन में मजदूरों की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उनको आयर्वेद काढ़ा के पैकेट भी वितरित किये जा रहे है। जिला पंचायत की ओर से सभी श्रमिकों को छत्तीसगढ़ी मुर्रा-लाई के पैकेट भी दिया गया।

कोरोना पॉजीटिव मरीजों का कोविड अस्पताल में ईलाज जारी

अम्बिकापुर। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर के मीडिया प्रभारी ने बताया है कि 20 मई 2020 की संध्या 4 बजे तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर में 3 कोविड मरीज भर्ती है। चिकित्सों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा सतत निगरानी के द्वारा उपचार किया जा रहा है। मरीजों का बी.पी. पल्स एवं ऑक्सीजन सेच्यूरेषन एवं अन्य वाईटल्स सामान्य है। 19 मई को मरीज नम्बर 1 का 3 दिवस उपरांत सैंपल भेजा गया है। आईसोलेशन वार्ड में कोविड मरीजों के प्रथम एवं द्वितीय संपर्क के 14 लोगों और 19 मई 2020 को एक संदिग्ध प्रसव की मरीज एवं 3 अन्य को आईसोलेशन में भर्ती कर आरटीपीसीआर सेम्पल जांच के लिए भेजा गया है जिसकी रिपोर्ट अपेक्षित है।

भाठागांव मे नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग: जोगी कॉंग्रेस

अर्जुनी। जिला मुख्यालय से लगा हुआ ग्राम भाठागाँव, कोकड़ी, परसाभदेर, रिसदा, आदि ग्रामो मे सप्ताह भर से आये दिन लो - वोल्टेज एवं बिजली कटौती हो रही है द्य जिसके लिए छ्ग छात्र संगठन जोगी के प्रदेश सचिव सुशील बंजारे के नेतृत्व मे भाठागांव के पंच व ग्राम प्रमुखों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लो -वोल्टेज एवं बिजली कटौती बंद करने व ग्राम भाठागांव मे एक नये ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है द्य साथ ही जोगी कांग्रेस के नेता सुशील बंजारे ने बताया की क्षेत्र मे दो सप्ताह से लगातार लो वोल्टेज व बिजली कटौती हो रही है साथ ही ग्राम भाठागांव मे लगे हुए ट्रांसफार्मर पुराने होने के कारण आये दिन खराब हो जाती है द्य जिसके कारण बिजली सप्लाई अवरूद्ध हो जाती है वहीं यहां स्थित शासकीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास, शासकीय प्राथमिक शाला व शासकीय कस्तूरबा गाँधी आवासीय विधालय को बाहर से आये हुए मजदूरो के लिए क्वारेंटाइन सेंटर बनाया गया है द्य जिससे बिजली बंद होने के कारण वहाँ पानी सप्लाई की समस्या बनी रहती है उमस भरी गर्मी और ऊपर से हो रही लगातार बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है उमस भरी गर्मी से छोटे बच्चे, महिलाओ और बुजुर्गो को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है खासकर ग्रामीण क्षेत्र मे बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीणो मे सरकार के प्रति रोष व्याप्त है बिजली की आँखमिचौली के चलते लो -वोल्टेज से अचानक हाई वोल्टेज आने के कारण कुछ घरों मे पंखे, टी.वी.,ट्यूबलाईट, एल ई डी आदि फूँक गये तथा कई ऐसे परिवारों को भारी भरकम बिजली बिल मिलने से वो हलाकान हो गए है वहीं एक ओर प्रदेश के भूपेश सरकार बिजली बिल हाफकरने की बात कहती है लेकिन उनके राज मे बिजली ही हाफमिल रही है द्य ज्ञापन सौंपने वालों मे प्रमुख रूप से सुशील बंजारे प्रदेश सचिव छ्ग छात्र संगठन जोगी, पंच प्रकाशसिंह राउतराय, नीलमकुमार बांधे, प्रशांतकुमार घृतलहरे, युजेश कुमार चतुर्वेदी, आदि ग्राम प्रमुख उपस्तिथ थे।

पीसीसी चीफ व मंत्री लखमा ने प्रदेश में चलाए जा रहे विकास कार्यो पर की विस्तृत चर्चा

■ प्रवासी श्रमिकों के लिए सहायता केंद्र की आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने जिला कांग्रेस की सराहना की

कोंडागांव। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण पूरे देश में लॉक डाउन किया गया है, जिसके कारण बहुत से रोजगार बन्द हो गए है, और प्रवासी मजदूरों को बहुत ही ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, दूसरे जिलों व दूसरे राज्य में काम करने गए मजदूरों को अपने घर वापिस जाने में हो रही मुश्किलों को दूर करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक मोहन मरकाम ने जिला कांग्रेस कमेटी व महिला कांग्रेस कोंडागांव के साथ कोंडागांव में

अतिथि श्रमिकों के सहयोग के लिए स्थानीय रेस्ट हाउस के पास में सहायता केंद्र प्रारम्भ किया गया है। प्रवासी मजदूरों को खाने पीने की व्यवस्था के साथ ही आर्थिक सहायता भी की जा रही है। कोंडागांव आये वाणिज्यकर आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने अतिथि श्रमिक सहायता केंद्र के लिए कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी की प्रशंसा की साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के साथ आश्रय स्थल में बस्तर के पौष्टिक आहार पेज भी पिया वह भी पत्तो से बनाये गए पत्तों के साथ। प्रवासी श्रमिकों के सहायता स्थल कोंडागांव में पेज पीते हुए, प्रदेश में सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यो पर भी विस्तृत चर्चा किया गया।

लॉक डाउन के बाद से देश मे प्रवासी मजदूरों का अपने गृह ग्राम की ओर निकल पड़े हैं, इन प्रवासी मजदूरों को अपने घर जाने के लिए पैदल यात्रा व अन्य जो भी साधन मिल रहा है उससे ही अपने घर जा रहे है। वही इन प्रवासी मजदूरों की परेशानी दूर करने के लिए उनकी यहायता के लिए प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने 24 घण्टे यहायता केंद्र की शुरुआत की जिसमे आने वाले मजदूरों को नास्ता, पानी, मेडिकल सहित जरूरतमंद आर्थिक मदद की जा रही है। पीसीसी अध्यक्ष के द्वारा प्रवासी मजदूरों को नगद राशि भी दी जा रही है, उनकी भोजन, और साधन व्यवस्था कर धन राशि देकर मदद की जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों के द्वारा रात दिन आने वाले प्रवासी मजदूरों की मदद कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

फूलेश कुमार यादव बने पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष

स.लोहारा। छत्तीसगढ़ जन सेवा पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप वैष्णव की स्वी.ति से फूलेश कुमार यादव को पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष सहसपुर लोहारा नामित किया गया है छत्तीसगढ़ जनसेवा पार्टी यह पार्टी क्षेत्रीय पार्टी है। जिसमें पार्टी गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए मदद, गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह, बेरोजगार युवा के लिए रोजगार, निशक्त वृद्धजनों की आवश्यकताओं की पूर्ति, राह से भटके लोगो को सही राह दिखाना और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करना वृद्धाश्रम की आवश्यकताओं की पूर्ति करना हमारा मकसद सेवा भाव है।

अब खरीदा जाएगा टोकनधारी किसानों का धान

कवर्धा। कबीरधाम जिले के किसानों के लिए कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के प्रयास से टोकनधारी किसानो का धान खरीदने का आदेश जारी हुआ है, टोकन कटने के बाद भी नहीं बेच पाए थे धान, वही राज्य सरकार अब समितियों के माध्यम से 20, 21 और 22 मई को धान खरीदी के लिए आदेश दे चुके है। वन मंत्री मो.अकबर के आग्रह पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के धान खरीदी को तीन दिन के लिए आगे बढ़ाया है. खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष सचिव मनोज कुमार सोनी की ओर से तमाम कलेक्टरों और राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक को जारी पत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरुप टोकनधारी किसानों से 20, 21 और 22 मई को धान खरीदी करने को कहा गया है। बता दें कि खरीफ सीजन 2019-20 में धान खरीदी की अंतिम तारीख 20 फरवरी 2020 निर्धारित की गई थी. इसके बाद सरकार द्वारा लंबित टोकन का परीक्षण सचिव स्तर के अधिकारियों की निगरानी में होने के बाद धान खरीदी करने की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा की थी। कांग्रेसी कार्यकर्ता सहित सभी पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र एवँ बूथ के समस्त टोकनधारी किसानों का धान को सोसायटी से खरीदी करवाने का जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता को दिया जाता है। कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता तीन दिन समय निकाल कर टोकानधारी किसानों से आग्रह कर धान बेचवाना सुनिश्चित करे और टोकनधारी किसानों का धान खरीदी करने में किसी प्रकार की समस्या आते है तो जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी मो. न. 9691525121 को अवगत कराएं सभी समस्या का निराकरण कराया जावेगा।

अजिम प्रेम जी फाउण्डेशन द्वारा 300 पीपीई किट तथा 400 मास्क की सहायता

राजनांदगांव। कोविड-19 संक्रमण से बचाव एवं संक्रमित लोगों के इलाज की तैयारियों के लिए अजिम प्रेम जी फाऊण्डेशन द्वारा राजनांदगांव जिले को 300 नग पीपीई किट और 400 नग एन-95 मास्क बतौर सहयोग दिया गया है। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने इस सहायता के लिए अजिम प्रेम जी फाऊण्डेशन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

पुलिस महिला अधिकारी ने महामारी से बचाव के प्रति लापरवाही बरतने वालों को पढ़ाया पाठ

कवर्धा। पुलिस अधीक्षक के.एल. ध्रुव के द्वारा जिले में कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। कि शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों बाजार, हाट, दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन कराएं। मुंह में मास्क अनिवार्य रूप से लगाने आम जनों को प्रेरित करें ताकि कोरोना (बवअपक 19)महामारी से बचाओ हो सके। इसी तारतम्य में बुधवार को पेट्रोलिंग के दौरान महिला सेल प्रभारी उप निरीक्षक श्रीमती रमा कोष्टि के द्वारा गुरुनानक चैक, लोहा नाका, सिग्नल चैक रायपुर रोड, मिनीमाता चैक, में मोटरसाइकिल पर तीन सवारी ना बैठने तथा जो व्यक्ति मास्क नहीं लगाए थे, उन्हें तुरंत मास्क या गमछा बांधकर ही घरों से निकलने समझाइश दी गई। दुकानों वा भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने निर्देशित किया गया तथा भीड को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए दुकानों से बाजारों से सामान लेने कहा गया साथ ही इस बात से भी अवगत कराया गया कि सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक का जो समय दिया गया है, वह अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से निकलने के लिए दिया गया है, या अपनी जरूरत की सामग्री लेकर वापस अपने निवास स्थान पर पहुंचने के लिए यह समय दिया गया है, ना की व्यर्थ में घूमने के लिए, मुंह पर मास्क अवश्य लगाएं मोटरसाइकिल में 01 व्यक्ति एवं कार में तीन व्यक्ति से अधिक ना बैठने समझाइश दिया गया। महिला सेल प्रभारी उप निरीक्षक रमा कोष्टि के इस कार्य से आम जनता के द्वारा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित भी किया गया। पुलिस अधीक्षक के.एल. ध्रुव के द्वारा महिला अधिकारी के इस कार्य के लिए उन्हें बधाई दिया गया वा निरंतर इसी प्रकार से कार्य करने निर्देशित किया गया।

56258 किसानों के आवेदन में त्रुटि, सम्मान निधि राशि के लिए आ रही दिक्कत

कवर्धा। केन्द्र सरकार ने किसानों को हर साल तीन किस्त में दो-दो हजार रूपए दिए जाने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत जिले के करीब 1 लाख 80 हजार से अधिक किसानों से आवेदन लिए गए है। इन किसानों में करीब 56258 को राशि लेने के लिए परेशानी हो सकती है। क्योंकि इनके आवेदन में त्रुटि पाई गई है।

ज्यादातर किसानों के नाम सरनेम समेत बैंक अकाउंट में त्रुटि है। अफसरों की मानें तो लॉकडाउन लागू होने के कारण शुरूआती दौर मे दतर खुलने के बाद किसान सम्मान निधि पोर्टल मे त्रुटि सुधार की जाएगी। कलेक्टोरेट के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्मान निधि दो प्रकार से दी जा रही है। पहला सामान्य किसान व दूसरा वनाधिकार पत्रधारक शामिल है। सामान्य किसान की संख्या 1 लाख 69 हजार 90 है। वहीं व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों की संख्या करीब 13 हजार 530 है।

लगभग 68.43 प्रतिशत एंट्री

जनवरी से मार्च के बीच में विशेश फोकस किया गया। क्योंकि ऑनलाइन एंट्री को लेकर कलेक्टर से रूचि ली। तब ऑनलाइन एंट्री का प्रतिशत करीब 30 के आसपास था। प्रतिशत कम होने पर कलेक्टर ने कृशि विभाग के अफसर एमडी डड़सेना का जनवरी व फरवरी का वेतन रोक दिया। कलेक्टर के फटकार बाद मार्च में एंट्री प्रतिशत 50 के पार पहुंच गया। वहीं लॉकडाउन के चक्कर में अब तक 68.43 प्रतिशत में रूका हुआ है।

ब्लॉकवार सहित एक नजर आवेदन, त्रुटियों पर

वनाधिकार पत्रधारक किसान

तहसील का नाम	कुल आवेदन	त्रुटि वाले किसान
सहसपुर लोहारा	220	07
बोड़ला	7976	1649
पंडरिया	5334	3418
कुल	13530	3418

सामान्य किसान

तहसील का नाम	कुल आवेदन	त्रुटि वाले किसान
कवर्धा	43544	13617
पंडरिया	50614	20903
बोड़ला	36130	5922
सहसपुर लोहारा	38802	12935
कुल	169090	53377

जिले में अब तक लगभग 1600 लोगों का किया गया सैम्पल कलेक्ट

कवर्धा। कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर्स, नर्सेस, काउंसलर्स, महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ-साथ एम एल टी भी अति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा सही समय पर कोरोना की सैम्पलिंग व जांच की जा रही है। जांच के लिए कलेक्ट सैम्पल को रायपुर एम्स भिजवाया जा रहा है। जिले के कोरोना जांच हेतु सैम्पल लेने में लगे एम एल टी के मेहनत का परिणाम है कि 8 लोगों की बीमारी पकड़ में आई और रायपुर से इलाज के बाद 6 लोग स्वस्थ होकर वापस भी आ गए। ऐसे ही कोरोना योद्धा के रूप में जिले के जिला अस्पताल में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सेवारत उज्जैन साहू एवं बोड़ला सीएचसी में पदस्थ विनोद चंद्रवंशी, कुबेर सेन, राजकुमार चंद्रवंशी, अजय कुर्रे, बीरेंद्र चंद्राकर, तरुणेंद्र तिवारी, अनिल देशलहरा व वेदप्रकाश भी लोगों को कोरोना से बचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। जिले में अब तक लगभग 1600 लोगों का सैंपल कलेक्शन हो चुका है, आगे भी क्वारेण्टाईन सेंटर के व अन्य लोगों जिनमें कोरोना सम्बन्धी साइन सिमटम्स दिख रहे हैं उनका चिकित्सकों के सलाह से सैंपल लिया जा रहा है। सभी एम एल टी बताते हैं कि उन्हें इस महामारी के दौर में लोगों को बचाने के लिए अपना योगदान देकर खुशी महसूस हो रही है। इस कार्य में उन्हें खुद को सुरक्षित रखते हुए परिवार को भी सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है, उनके परिवार की ओर से भी पर्याप्त सहयोग मिल रहा है।

कोरोना योद्धाओं की मेहनत सम्माननीय - कलेक्टर

जिला कलेक्टर ने जिले में कोरोना नियंत्रण में लगे सभी अधिकारियों - कर्मचारियों की मेहनत को सम्माननीय कहा है। उन्होंने जिले के टीम वर्क को सराहा है व लगातार खामियों को दूर करके कार्य करते रहने के जज्बे की तारीफ भी की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि कोरोना के विरुध्द जंग में उनकी टीम के सभी योद्धा आगे भी ऐसे ही लगन व जिम्मेदारी से कार्य करके अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च के साथ लोगों को किया जागरूक

कवर्धा। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक के.एल. ध्रुव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, उप पुलिस अधीक्षक बी.आर. मंडावी के मार्गदर्शन में मंगलवार को थाना कोतवाली परिसर में रक्षित निरीक्षक श्रीमती नरगिस तिग्गा बघेल के नेतृत्व में पुलिस के अधिकारी एवं जवानों के द्वारा शहर में लैग मार्च निकालकर आम जनों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए लॉकडाउन का पालन करने शहर वासियों को लाउडस्पीकर के माध्यम से समझाइश दिया गया। अनावश्यक घरों से बाहर ना निकलने, भीड़भाड़ वाले इलाकों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, मास्क लगाने, साबुन से बार-बार हाथ धोने कहा गया।

पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था, कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आम जनता को जागरूक कर लॉक डाउन का पूर्णता पालन करने समझाइश दें इसी तारतम्य में जिले के सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लैग मार्च के माध्यम से आम जनता के बीच जाकर उन्हें लॉक डाउन का पूर्णता पालन करने समझाइश दिया गया साथ ही लॉक डाउन का पालन नहीं करने पर आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा कहा गया।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने किया भाजपा की निंदा

■ राजीव गांधी किसान न्याय योजना किसानों के लिए संजीवनी होगा साबित:- नीलू

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिला अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और छत्तीसगढ़ में विपक्ष में बैठे भाजपा के नेताओं द्वारा अब तक जिला के लोगों के लिए कोई खास प्रकार का मदद या राहत पैकेज प्रदेश की जनता को नहीं पहुंचाया गया है उल्टा सरकार के द्वारा किए जा रहे हर संभव प्रयास का मजाक उड़ाया गया जोकि निंदनीय है।

कोरोना वायरस नामक महामारी का शुरुआत चीन के वुहान शहर से हुआ। जोकि धीरे धीरे पूरे विश्व को अपने चपेट में ले लिया। शुरुआत से ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को लगातार चेतावनी दे रहे थे कि कोरोना वायरस से भारत देश को बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान हो सकता है जिस बात को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गंभीरता से लेते हुए शुरुआत से ही महामारी से लड़ने के लिए इंतजाम करना शुरू कर दिया था चाहे वह स्वास्थ्य सुविधाएं हो या फिर जनता को आर्थिक सहायता पहुंचाने का प्लान हो छत्तीसगढ़ सरकार ने पहले से ही सब चीज का इंतजाम कर लिया था आज उसी वजह से ही छत्तीसगढ़ कोरोना वायरस लड़ने वाला सबसे संघर्षशील प्रदेश बनकर उभरा है। जहां पूरे देश में लगभग 1 लाख के ऊपर कोरोना मरीज पाए गए हैं। वही प्रदेश में कोरोना वायरस मरीजों की संख्या सैकड़ो तक ही पहुंच पाया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने पर्याप्त मात्रा में रैपिड टेस्टिंग किट, मास्क सैनिटाइजर, का पुख्ता इंतजाम कर लिया था एवं शासन प्रशासन विभिन्न संस्थाओं के द्वारा प्रदेश के सभी लोगों तक मास्क, सैनिटाइजर, हाथ धोने का साबुन, सुखा राशन सहायता, मुत में सभी राशन कार्ड धारियों को चावल, शहरी क्षेत्रों में लगातार सूखा राशन बांटा जा रहा है। फिजिकल दूरी का पालन करते हुए महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत (मनरेगा) का भी शुरुआत किया गया है छत्तीसगढ़ प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख मजदूर खाने कमाने के लिए अन्य प्रदेशों में लॉकडाउन के वजह से फंसे हुए थे जिन्हें लाना भी सरकार की जिम्मेदारी थी लगातार मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र से अपील किया गया मगर कोई भी उचित कार्रवाई ना करते देख वर्तमान में कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने यह ऐलान किया कि प्रदेश कमेटी के द्वारा प्रवासी मजदूरों को प्रदेशे में वापस लाने का खर्चा वाहन किया जायेगा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयास से अभी तक 28 ट्रेनों का इंतजाम कर लिया गया है जिसमें प्रवासी मजदूरों को छत्तीसगढ़ लाया जाएगा जिसका पूरा खर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी उठाएगी। नीलू चंद्रवंशी ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा हर क्षेत्र में जिला को भरपूर मदद मिला है।

कार्यकर्ता पर आई मुसीबत में साथ देने के लिए सांसद संतोष पांडे पहुंचे डोंगरगढ़

राजनांदगांव। डोंगरगढ़ शहर भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष अनिल पांडे के ऊपर कांग्रेस के एक युवा नेता के द्वारा जातिवाद भड़काने का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर थाना डोंगरगढ़ द्वारा अनिल पांडे को थाना में गिरफ्तार कर ले जाने की खबर डोंगरगढ़ भाजपा कार्यकर्ता एवं राजनंदगांव क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद संतोष पांडे तक पहुंची। कार्यकर्ताओं की पीड़ा को महसूस करते हुए कवर्धा से डोंगरगढ़ थाना घेराव हेतु पहुंचे, किंतु उनके पहुंचने के पूर्व ही शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा पूछताछ कर श्री पांडे को छोड़ दिया गया है, जैसे ही डोंगरगढ़ थाना में अनिल पांडे को लाने की बात कार्यकर्ताओं को पता चली एक के बाद एक थाना पहुंचने लगा थे और कार्यकर्ता सांसद श्री पांडे से दूरभाष पर बात करते रहे सभी कार्यकर्ता अनिल पांडे के साथ थाना से उनके घर पर सांसद श्री पांडे का इंतजार करते रहे कुछ देर पश्चात सांसद संतोष श्री पांडे अनिल पांडे के घर पहुंच कर वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि जितने भी राष्ट्रवादी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को राष्ट्र व जनहित के प्रति लोगों को जगाने का कार्य कर रहे हैं, वे स्वतंत्र है अपनी बात सब के बीच रखने के लिए और ऐसे लोगों को सांसद संतोष पांडे ने आश्वासन दिया है कि वह राष्ट्रवादी व जनहित मुद्दों को आम लोगों के बीच रखने वाले के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।

करंट की चपेट में आने से दो मावेशियों की मौत

स.लोहारा। विकासखंड स.लोहारा के ग्राम पंचायत बामी मे टूटकर गिरे करंट प्रवाहित 11 केवी विद्युत केवल की चपेट मे आने से मंगलवार की सुबह दो मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। इस दुर्घटना से पीडित मवेशी पालको को बैठे बैठाए बडा नुकसान उठाना पडा। ज्ञात हो कि आंधी तूफान के दौर में और विद्युत विभाग की अनदेखी के चलते करंट प्रभावित विद्युत केबल जहां तहां टूट कर गिर रहे है और लोगो तथा मवेशियों के लिए काल साबित हो रहा है। जानकारी के मुताबिक मंलवार की सुबह ग्राम बामी के सदनराम का बैल और बल्ला यादव की गाय बाहर खेत में चरने निकले थे। इसी दौरान वे पास ही खेत में टूट कर गिरे पडे करंट प्रवाहित 11 केवी विद्युत केबल की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

प्रान नंबर में लापरवाही को लेकर नगरीय निकाय की सचिव नाराज

■ तत्काल कार्यवाही का जारी किया निर्देश

कवर्धा। शिक्षाकर्मियों के प्रान नंबर निर्माण में लगातार हो रही लापरवाही को लेकर जानकारी नगरीय प्रशासन के सचिव महोदय तक पहुंच गई है और जिस प्रकार का खेल स्थानीय कार्यालयों द्वारा खेला जा रहा है उसे लेकर वह काफी नाराज हैं । नगरीय प्रशासन के अपर संचालक ने इस संबंध में पत्र जारी करके उन सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की जानकारी तत्काल डाटा सेंटर में मंगाई है जिनका प्रान अकाउंट जनरेट नहीं हुआ है। स्थानीय कार्यालयों के रवैये से परेशान संविलियन अधिकार मंच के प्रदेश संयोजक विवेक दुबे ने नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक सौमिल चैबे को प्रान एकाउंट में हो रही लापरवाही से अवगत कराया था और बताया था कि बड़ी मात्रा में लंबे समय से दे रहे सेवा दे रहे शिक्षाकर्मियों का प्राण अकाउंट जनरेट नहीं किया गया है जबकि इसके लिए वह कई बार आवेदन दे चुके हैं ऐसे में उन्हें काफी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है साथ ही संविलियन के बाद वेतन भुगतान में भी उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा जिसके बाद अपर संचालक सौमिल चैबे और विभागीय सचिव ने पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए शिक्षाकर्मियों की समस्याओं को हल करने की दिशा में पहल किया है ।

कोरोना ड्यूटी के दौरान दिवंगत हुए शिक्षक को जिले के शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

कवर्धा। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के नियंत्रण व रोकथाम हेतु ड्यूटी कर रहे बलरामपुर जिले के एक शिक्षक की मंगलवार को मौत हो गई। इसको लेकर शालेय शिक्षाकर्मी संघ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। संघ के सदस्यों ने अपने-अपने घर में उक्त दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि दी।

शालेय शिक्षाकर्मी संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी व प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह राजपूत ने बताया कि बलरामपुर जिले में क्वारन्टीन सेंटर में कोरोना ड्यूटी के दौरान शिक्षक सियाराम भगत की अचानक मौत हो गई। इस दुखद घटना से प्रदेश का पूरा शिक्षक समूह स्तब्ध है। संघ के प्रांतीय आह्वान पर दिवंगत शिक्षक के सम्मान में जिले के शिक्षकों द्वारा अपने-अपने घर में मोमबत्ती, दीपक जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही सरकार से दिवंगत शिक्षक के परिवारजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा राशि व अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने की मांग की।

घर वापसी | श्रमिकों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किए

दो श्रमिक स्पेशल ट्रेन से 308 श्रमिकों की सकुशल वापसी

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सतत प्रयासों से लॉकडाउन में अन्य राज्यों में फंसे छत्तीसगढ़ के श्रमिकों की लगातार वापसी हो रही है। दो श्रमिक स्पेशल ट्रेन से हैदराबाद और चेन्नई के श्रमिकों की सकुशल राजनांदगांव वापसी हुई। इसमें राजनांदगांव और कवर्धा जिले के श्रमिक थे। आज नागलपल्ली हैदराबाद से श्रमिक स्पेशल ट्रेन से 113 श्रमिकों की वापसी हुई। इसमें 50 राजनांदगांव जिले और 63 कवर्धा जिले के श्रमिक आए। वहीं चेन्नई से आने वाली श्रमिक स्पेशल ट्रेन से 195 श्रमिक राजनांदगांव आए। इसमें 187 राजनांदगांव जिले और 8 कवर्धा जिले के श्रमिक हैं। लॉकडाउन के कारण पिछले दो माह से अन्य राज्यों में फंसे श्रमिकों ने सकुशल छत्तीसगढ़ पहुंचने की व्यवस्था और संवेदनशील मदद के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के मार्गदर्शन में ट्रेन के राजनांदगांव पहुंचने से पहले और जाने के बाद प्लेटफार्म को सेनेटाइज किया गया। शारीरिक दूरी का पालन करते हुए ट्रेन से श्रमिकों को उतारा गया।

राजनांदगांव जिले के श्रमिकों को रेल्वे स्टेशन से बस द्वारा रैन बसेरा ले जाया गया और वहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कवर्धा जिले के श्रमिकों का रेल्वे स्टेशन में ही स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें बस से रवाना किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उन्हें भोजन भी कराया गया।

राजनांदगांव जिले के ग्राम मुढ़ीपार निवासी घनश्याम ने बताया कि वे अपनी पत्नी और बच्चे के साथ हैदराबाद गए थे। लॉकडाउन होने के कारण सब काम बंद हो गया। अब वे घर आना चाहते थे। उन्होंने कहा आज मैं राज्य सरकार की मदद से घर वापस आ गया हूं। जिससे मुझे बहुत खुशी मिल रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

छुईखदान विकासखंड के ग्राम गाड़ाघाट निवासी तुलसी राम चेलक ने बताया कि चेन्नई गए दो ही महीने हुए थे और लॉकडाउन हो गया। जिसके कारण पूरा परिवार घर आना चाहता था। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने वापस घर आने के लिए अच्छी व्यवस्था की है और इस व्यवस्था के कारण हमारा सफर रोमांचक रहा। ट्रेन में ही भोजन, पानी और नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। ट्रेन के सफर में सभी चीजों का पूरा ध्यान रखा गया। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को शुक्रिया कहा।

चावल की अफरा-तफरी मामले में 2 गिरफ्तार, सेल्समेन व एक अन्य फरार

भाटापारा। ग्रामीण पुलिस ने सरकारी चावल को गाड़ी में भरकर ले जाने के मामले में राशन के 62 कट्टा चावल के साथ 2 लोग को पकड़ा है वही सेल्समेन व् उसका साथी फरार हो गए। पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवहि कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में थाना से मिली जानकारी के अनुसार चंद्रशेखर ध्रुव पिता खोलबहरा ध्रव उम्र 25 वर्ष ,निवासी ग्राम खपरी एस ने दिनांक 19 मई 2020 को एक लिखित शिकायत दर्ज कराया गया है जिसमें उनके व्दारा दी गयी कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सेल्समेन तुलेश ध्रुव ने सोसायटी के चांवल को गलत तरीके से उपयोग कर अपने साथीयों के साथ मिलकर एक वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक एम एच 38 ई 2922 पर 62 कटटा चांवल प्रत्येक में 50-50 किलो भरी हुई जिसकी कीमत 3100 रूपये को शासन के साथ छल कर धोखाधडी कर अवैध धन प्राप्ति हेतु अमानत मे खयानत कर परिवाहन किया जा रहा है ,जिस पर पुलिस के व्दारा त्वारित कार्यवाही करते हुये आरोपीगणों को रंगे हाथ् परिवाहन करते हुये पकड कर उनके खिलाफ धारा 406,34, भादवि एवं 03,07 वस्तु अधिनियम के तहत जुर्म कायम किया गया है ।संबंधित घटना क्रम की जानकारी वरिष्ठ अधिकारीयों को दी गई । पुलिस पूछताछ में आरोपी सुन्दर धुव,थानुराम धुव ने बताया की सेल्समेन तुलेश ध्रुव उचित मूल्य के दुकान में बैठकर चांवल को बोलेरो वाहन में भरवाये तथा दिलीप मानिकपुरी भी उनके कार्य मे सहयोग किया।

अवैध शराब के विरूद्ध थाना खम्हरिया एवं चौकी कंडरका पुलिस की कार्यवाही

बेमेतरा/साजा। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस व उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा एवं एसडीओपी बेरला श्रीमती ममता देवांगन के मार्गदर्शन में प्रतिदिन समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 19 मई को थाना खम्हरिया पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि देशी शराब भट्ठी के सामने खम्हरिया साजा रोड में एक व्यक्ति बिना अनुज्ञप्ति पत्र के अपने कब्जे में शराब रखकर अवैध रूप से धन अर्जित करने के नियत से शराब बिक्री करने हेतु रखा है कि सूचना पर थाना खम्हरिया स्टाफ गवाहो के साथ मौके में पहुच कर आरोपी को पकडा ।

सैनैटाईजेशन में मानक पर ध्यान नहीं, निगरानी तंत्र मौन

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। भारी वाहनों और प्रवासी मजदूरों के लिये चल रही यात्री बसो की सैनिटाईजेशन में जरूरी रसायन की मानक मात्रा की जांच कौन करेगा ? शायद कोई नही ऐसा इसलिये कहा जा सकता है क्यों कि बाजार में तीनों प्रकार के सैनिटाईजर बिक रहे है दिलचस्प यह है कि इन तीनों में सबसे ज्यादा बिक्री उस सैनिटाईजर हो रही है जिसमें मानक मात्रा सबसे कम है और कीमत भी अपेक्षाकृत आधी है अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपदा की इस घडी में निगरानी तंत्र कितनी सजग है । पहले मास्क फिर गल्बस ,फिर समय समय पर हाथ धोने की सलाह ने डिटेल सहित दूसरे साबुन और हैन्डवाश का बाजार बढाया । कीमतें अनाप शनाप वसूली गई यह कहकर कि कंपनीयों ने स्कीम बंद कर दी है । कैश डिस्काउंट की सुविधा भी बंद करने का फरमान सुना दिया गया । अब सैनिटाईजर की बडी पैकिंग में उपलब्ध 3 कीमतों और 3 मानक मात्रा का खेल खेला जा रहा है । यह तब से शुरू हुआ है जब खादय सामाग्री का अंतरराज्यीय परिवाहन करने वाली भारी वाहनों का आवागमन शुरू करने की अनुमति मिली इस शर्त पर कि शहर प्रवेश के पहले उनकी ट्रक और उनके स्टाफ को सैनिटाईजेशन कराना होगा । काम चालू भी हो गया क्योंकि यह जरूरी था लेकिन अधिकारी सैनिटाईजर में जरूरी केमिकल की मानक मात्रा की जानकारी देना शायद भूल गये तभी तो 3 किस्मो के तीन कीमत वाले सैनिटाईजर की बिक्री होने लगी है । इसमें सबसे कम मानक मात्रा और सबसे कम कीमत वाले सैनिटाईजर की मांग सबसे ज्यादा है ।

मानक की जानकारी का अभाव

सेनेटाईजर में छोटे पैक में तो मानक की जानकारी दी गई है लेकिन बडे पैक में इसका अभाव साफसाफ देखा जा सकता है । निगरानी तंत्र से जुडे किसी भी सरकारी एजेंसी के पास सेनेटाईजर में जरूरी मानक मात्रा कितनी होनी चाहिये इसकी जानकारी नही है क्यों कि पूछे जाने पर किसी ने सवाज का जवाब दूसरे अधिकारियों पर डाल दिया ऐसे में बाहर से आ रही ट्रक और प्रवासी मजदूरो को लेने आ रही यात्री बसो को सेनेटाईजेशन की प्रक्रिया संदेह के घेरे में है ।

निजी क्षेत्र गंभीर

शहर में चल रही लगभग सभी खादय पदार्थ की युनिटे इसे लेकर गंभीर है सभी ईकाईयां ने अपनी अपनी यूनिटो में अपने स्तर पर सैनेटाईजेशन की पूरी सूविधा की हुई है जरूरी सेनेटाईजर में भी मानक पर भी ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है लेकिन सबसे ज्यादा लापरवाही बाहर से आ रही ट्रको के लिये चालू किये गये सेनेटाईजेशन सेंटर में बरती जाने की खबरे आ रही है क्योंकि जांच के लिये किसके पास समय है और ना ही जानने की कोशिश की जा रही है कि सैनेटाईजेशन में जरूरी केमिकल की मात्रा कितनी होनी चाहिये।

कल से न्याय योजना शुरू किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर: सुखचंद बेसरा

देवभोग। न्याय योजना कल से शुरू होने को लेकर किसानों के अलावा स्थानीय कांग्रेस जनप्रतिनिधियों में खुशी की लहर देखने को मिल रहा है क्योंकि ब्लॉक के करीब 6 हजार 981 किसानों को एमएसडी की पहली किस्त की राशि दिए जाने की शुरुआत गुरुवार से किया जाएगा। बकायदा इसके लिए बधाई का सिलसिला भी शुरू हो गया है। इसी तर्ज पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए कहा कि देश का पेट भरने वाले किसानों की आर्थिक स्थिति जब तक नहीं उठाई जाती तब तक राज्य देश सशक्त नहीं हो सकता बावजूद इसके किसानों को उनकी हक नहीं मिल रहा था लेकिन राज्य में भूपेश सरकार बनने के बाद किसानों को काफी उम्मीदें है । बकायदा सशक्त किसान मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल किसानों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतर कर बड़े-बड़े चुनौतियों का सामना करते लगातार किसानों के हित में फैसला कर रहे हैं । जिसकी तारीफ पूरा राज्य के साथ देश भी सराहना कर रहा है । इसके अलावा ब्लॉक के किसानों में भी खुशी की लहरें साफ साफ दिखाई दे रही है । क्योंकि न्याय योजना के तहत किसानों को चार किस्तों में राशि दिया जाएगा जिसकी शुरुआत राजीव गांधी की पुण्यतिथि से होगी और देवभोग ब्लॉक के करीब 6हजार 981 किसानों को 22 करोड़ 31 लाख से अधिक राशि दिया जाएगा मतलब पहली किस्त के रूप में किसानों के लिए लगभग 5 करोड़ पचास लाख दिया जाएगा जिससे किसानों को इस महामारी काफी हद तक राहत मिलेगा और पिछले वर्ष की तुलना इस बार किसान बढ़-चढ़कर खेती के लिए आगे आएंगे मतलब भूपेश सरकार की मंशा अब पूरी नजर आ रही है क्योंकि कांग्रेस की पहली प्राथमिकता किसानों की मेहंताना अनुसार उनकी आर्थिक स्थिति को बढ़ाना है ताकि हर किसान अपने आप में सक्षम होकर खेती किसानी कर सके यही कारण है । कि किसानों को न्याय योजना से एमएसडी की राशि देने की शुरुआत कल से शुरू किया जाएगा जिसके लिए सुखचंद बेसरा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया है।

3 घंटे से ज्यादा समय क्वॉरेंटाइन सेंटरों का निरीक्षण कर देर रात वापस लौटे कलेक्टर

देवभोग। कोरेना वायरस की महामारी के बीच बाहर से आए मजदूरों की वस्तु स्थिति को जानने आज संवेदन कलेक्टर श्याम धावड़े पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार लहंगे करीब 12 बजे देवभोग पहुंचकर क्वॉरेंटाइन सेंटर का मुआयना किया । साथ ही क्वॉरेंटाइन में रखे गए मजदूरों से स्थानीय प्रशासन द्वारा किए गए इंतजाम की पूछ परख भी किया कलेक्टर धावडे करीब 3 घंटा ब्लॉक के अंतिम भवन को बनाए गए क्वॉरेंटाइन सेंटर का निरीक्षण किया सबसे पहले कलेक्टर धावडे शासकीय महाविद्यालय पहुंचकर बाहर से आ रहे मजदूरों को किस तरह चेकअप करने के साथ व्यवस्थित ढंग से रखने को लेकर दिशा निर्देश दिया इसके साथ क्वॉरेंटाइन में रखे गए मजदूरों को किसी भी तरह परेशानी ना हो इसका ख्याल रखने के लिए स्थानीय अधिकारियों को कहा गया । तत्पश्चात कलेक्टर श्याम धावडे पूरी टीम के साथ सुपेबेड़ा पहुंचे क्वॉरेंटाइन में रखे गए मजदूरों को सोशल डिस्टेंस को ध्यान में रखते हुए मजदूरों का हालचाल जाना इसके बाद कलेक्टर खोकसरा पहुंचकर मजदूरों और जनप्रतिनिधियों से छत्तीसगढ़ी भाषा में सोशल डिस्टेंस और सरकार की गाइडलाइन का पालन करने की अपील किया क्योंकि अंतिम सीमा को पूरी तरह सील करना ही अब तक अच्छा परिणाम हैं । इसी तरह आगामी आदेश तक कोरेना के रोकथाम के लिए सब बढ़-चढ़कर सहयोग करें तब कहीं जाकर कोरेना को रोकने में सफल होंगे अंतिम में कलेक्टर ने क्वॉरेंटाइन में रहे मजदूरों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि पूरा प्रशासनिक अमला पूरी सुविधा देने मैं लगा हुआ है ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आज से किसानों को...

कृषकों के खातों में ऑनलाइन अंतरण की जाएगी। कार्यक्रम में जिलों से सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि, किसान और विभिन्न योजनाओं के हितग्राही भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंगग से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को यहां अपने निवास कार्यालय में योजना के शुभारंभ के लिए की जा रही तैयारियों की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा भी की। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ देश में पहला ऐसा राज्य है जो किसानों को सीधे तौर पर बैंक खातों में राशि ट्रांसफर कर 5700 करोड़ रुपए की राहत प्रदान कर रहा है।

ये हैं योजना की अन्य...

-गन्ना फसल के लिए पेराई वर्ष 2019-20 में सहकारी कारखाना द्वारा क्रय किए गए गन्ना की मात्रा के आधार पर एफआरपी राशि 261 रुपए प्रति क्विंटल और प्रोत्साहन एवं आदान सहायता राशि 93.75 रूपए प्रति क्विंटल अर्थात अधिकतम 355 रूपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। - इसके तहत प्रदेश के 34 हजार 637 किसानों को 73 करोड़ 55 लाख रुपए चार किश्तों में मिलेगा। जिसमें प्रथम किश्त 18.43 करोड़ रुपए की राशि 21 मई को अंतरित की जाएगी। -योजना के तहत वर्ष 2018-19 में सहकारी शक्कर कारखानों के माध्यम से खरीदे गए गन्ना की मात्रा के आधार पर 50 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रोत्साहन राशि (बकाया बोनस) भी प्रदान करने जा रही है। - इसके तहत प्रदेश के 24 हजार 414 किसानों को 10 करोड़ 27 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। -इस योजना के तहत खरीफ 2019 में सहकारी समिति, लैम्पस के माध्यम से उपार्जित मक्का फसल के किसानों को भी लाभ मिलेगा। - योजना में राज्य सरकार ने खरीफ2020 से इसमें धान, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी, रामतिल, कोदो, कोटकी तथा रबी में गन्ना फसल को शामिल किया गया है। - सरकार ने यह भी कहा है कि अनुदान लेने वाला किसान यदि गत वर्ष धान की फसल लेता है और इस साल धान के स्थान पर योजना में शामिल अन्य फसल लेता हैं तो ऐसी स्थिति में उन्हें प्रति एकड़ अतिरिक्त सहायता दी जायेगी।

अब हफ्ते में सभी...

कार्य हेतु पंजीयन कार्यालयों में आने वाले पक्षकारों एवं संबंधित व्यक्तियों को कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए फिजिकल एवं सोशल डिस्टेंसिंग सहित सभी आवश्यक सावधानियों को अपनाना जरूरी होगा। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के सभी जिला पंजीयकों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

15 नग हीरों के साथ...

हीरे की कीमत लगभग 20 लाख रुपये हैं। उन्होंने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी की ग्राम जाडापदर के मोबाइल टॉवर के सामने एक लाल रंग की सुपर स्प्लेंडर (क्रमांक ओडी 26-4997) पर सवार दो व्यक्ति अपने पास रखे हीरों को बेचने की फिराक में घुमकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधर पर थाना प्रभारी मैनपुर भूषण चंद्राकर को टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। चन्द्राकर द्वारा व टीम के द्वारा घेराबंदी कर दोनों तस्करों को पकड़ा गया। आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास से 125 नग हीरे जब्त किए गए। आरोपियों से पूछताछ करने पर उनके पास से हीरों को लेकर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। जिसके बाद आरोपियों के विरुद्ध थाना मैनपुर में धारा 379, 34 भादंवि, 4(21) माइनिंग एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 35/2020 दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से 125 नग हीरा, तौल यंत्र, 3 नग मोबाइल एवं दोपहिया सुपर स्पलेंडर वाहन को जप्त किया गया।

लॉकडाउन में 630 लीटर शराब भी जब्त, 107 पकड़ाए

वहीं लॉकडाउन के दौरान अवैध कारोबारियों के विरुद्ध जारी इस अभियान में 830 लीटर अवैध शराब के साथ 107 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल किया गया। नारकोटिक्स एक्ट के तहत 4 प्रकरण में लगभग 14 कि.ग्रा. गांजा जप्त कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया। जिले में जुआ/सट्टा पर नकेल कसते हुए 8 सटोरियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रेसवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर भी मौजूद थे।

सीएम भूपेश ट्रेन चलवाने में...

विपक्षी पलटवार की वजह भी मंत्री टीएस सिंहदेव का एक बार फिर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फैसलों को लेकर है। पहले से ही शराब बिक्री और निर्णयों पर सिंहदेव ने खुलकर विरोध में बयान दिया है। हालाकि उनका बयान बड़ा ही संतुलित रहता है, लेकिन उनके कहने का मतलब सीधे तौर पर फैसलो को ही हिट करता है। लगातार दूसरे राज्यों में फंसे छत्तीसगढ़ के छात्रों को बसों से लेकर आने के निर्णय के बाद से मजदूरों के लिए संचालित श्रमिक स्पेशल ट्रेन को लेकर सिंहदेव ने खतरनाक फैसला बताया है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने पहले श्रमिकों व अन्य लोगों को ट्रेन के जरिए प्रदेश लाने पर कहा था कि कोरोना का संकट प्रदेश में बढ़ेगा। उनका कहना है कि बाहर से प्रदेश लौटने वालों के साथ ही कोरोना का खतरा बढ़ा है। कहना भी सहीं है कि प्रदेश में स्थिति पूरी तरह नियंत्रित थी, लेकिन जब से यह लाने-ले जाने का सिलसिला शुरु हुआ है पॉजिटिव मरीजों की संख्या तिहाई हो गई है। इधर राज्य सरकार के ट्रेन चलाने और मंत्री के विरोध करने पर भाजपा ने कटाक्ष किया है कि भूपेश सरकार के फैसलों पर उनके मंत्री ही सहमत नहीं है।

सीएम ने घर वापसी...

समन्वय कर (राशन एवं नगद) आदि की व्यवस्था भी की जा रही है। प्रदेश के 26 हजार 102 श्रमिकों को 36 करोड़ रूपए बकाया वेतन का भुगतान कराया गया है। लॉकडाउन के द्वितीय चरण में 21 अप्रैल से शासन द्वारा छूट प्रदत्त गतिविधियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 98 हजार श्रमिकों को पुनः रोजगार उपलब्ध कराया गया है। वहीं छोटे-बड़े 1246 कारखानों में पुनः कार्य प्रारंभ हो गया है।

सुरक्षाबलों पर आतंकी हमला...

के पंदाच इलाके में सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम पर आतंकियों ने हमला कर दिया। इस हमले में बीएसएफके दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आननन-फानन में अस्पताल भेजा गया। हमलावरों को मौका मिला और वे इन जवानों की राइफल्स लेकर फरार हो गए।

डिप्टी कलेक्टर के ड्राइवर ...

तो यह आंकड़ा 113 हो गया है। इनमें से 59 मरीज स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिए गए हैं।

डोंगरगढ़ में संपूर्ण लॉकडाउन

डिप्टी कलेक्टर के ड्राइवर की रिपोर्ट पॉजिटिव आने की पुष्टि के बाद पूरे डोंगरगढ़ शहर में संपूर्ण लॉकडाउन कर दिया गया है। दोपहर 12 से 12:30 बजे के बीच पुलिस ने अनाउंसमेंट करवाकर शहर की दुकानें बंद करा दी। वहीं सूत्रों के मुताबिक डिप्टी कलेक्टर व ड्राइवर के संपर्क में आने वाले अन्य लोगों को क्वारंटाइन किया जा रहा है। बता दें कि राज्य में डिस्चार्ज किए गए कुल 59 मरीजों में से 57 मरीज अकेले एम्स से ही डिस्चार्ज किए गए हैं।

मेसर्स सुलभ अग्रवाल लाईमस्टोन क्वारी
ग्राम-सालिकझिटिया, तह. डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव

आम सूचना

यह कि मेरे नाम पर 345/2, 357/1, 358/1, पार्ट 358/2, पार्ट 358/3 और 361 पार्ट का कुल रकबा 1.920 हे. ग्राम- सालिकझिटिया, तहसील-डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव में निम्न श्रेणी चुना पत्थर के उत्खनन हेतु उत्खनि पट्टा स्वीकृति है। जिसकी वैधता 16.03.2048 तक है, जिस हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त हो गई है, एवं पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र की प्रतियां सचिवालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इसका अवलोकन भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की वेबसाईट www.envfor.nic.in एवं एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ की वेबसाईट www.seiaacg.org पर भी किया जा सकता है।

भवदीय
सुलभ अग्रवाल

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रु. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
40/63752	RENOVATION OF SAINIK KALYAN BOARD, D.K.S. PARISAR, RAIPUR (C.G)	रु. 36.24 लाख	दिनांक 08.06.2020 समय 17:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
जी-80935/2 लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र.-1
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 506/2019-2020
वार्ड का नाम- रामसागर पारा-17

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रामसागर पारा वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 17/ शाप नं. आदिश्वर काम्पलेक्स जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती गोविन्द अग्रवाल पिता स्व. रामकिशन अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती विशाल अग्रवाल पिता स्व. गोविन्दलाल अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 507/2019-2020
वार्ड का नाम- रामसागर पारा-17

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रामसागर पारा वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 17/ ई 565 ए (समता कालोनी) जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती गोविन्द अग्रवाल पिता स्व. रामकिशन अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. संतोष अग्रवाल पति/पिता स्व. गोविन्दलाल अग्रवाल 2. विशाल अग्रवाल पिता स्व. गोविन्द लाल अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 480/19-20
वार्ड का नाम- शंकर नगर-31

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-31 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 218 द्वितीय तल वेलकम हाईट्स जो कि निगम अभिलेख में मे. नवकार मार्केटिंग (इंडिया) प्रा.लि. श्री लोकेश कावड़िया s/o शांतिलाल एवं श्री दिलीप कुमार तेजवानी s/o इंदरलाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती श्वेता शुक्ला w/o संजय शुक्ला रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 20/05/20 जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी आरंग, जिला-रायपुर में निर्मित अटल विहार योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-48 (1) श्रीमती आशा गुप्ता पति श्री अनिल गुप्ता (2) सुश्री सविता गुप्ता पिता स्व. श्री जुड़ावन साव के संयुक्त नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 1538 दिनांक 27.03.2014 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा दि. 23.03.2018 को हस्तांतरण विलेख (फ्री होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को आबंटी (1) श्रीमती आशा गुप्ता पति श्री अनिल गुप्ता (2) सुश्री सविता गुप्ता पिता स्व. श्री जुड़ावन साव, दोनों निवासी- पोस्ट आफिस के पास, खजांची टोली, विष्णु बगान, जशपुर, तहसील व जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा क्रेता श्रीमती उमा पाल पति श्री मुकेश कुमार पाल निवासी- वार्ड क्र.-09, अग्रवाल पारा आरंग, थाना व तहसील- आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 28.12.2019 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्रीमती उमा पाल पति श्री मुकेश कुमार पाल, द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड पश्चात अपने नाम पर नामांतरण किए जाने इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के फ्री होल्ड पश्चात नामांतरण किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-05, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, जोन क्रमांक-3, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 13/न.पा.नि./जोन-03/19-20 रायपुर, दिनांक 12.05.2020

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 27.05.2020 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 28.05.2020 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 02.06.2020 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 03.06.2020 कार्यालयीन समय 4.00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण	समयावधि
01	कालीमाता वार्ड क्र. 11 अंतर्गत क्षतिग्रस्त पाईप लाईन बदलने का कार्य।	2.70	3000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई. एस.ओ.आर. दिनांक 07.02.2013 संशोधित)	01 माह
02	सिविल लाईन वार्ड अंतर्गत क्षतिग्रस्त पाईप लाईन नाली से हटाने का कार्य।	3.15	3500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई. एस.ओ.आर. दिनांक 07.02.2013 संशोधित)	01 माह
03	जोन क्र. 03 अंतर्गत विधानसभा समवेल वाल चेम्बर मरम्मत एवं पानी निकासी हेतु पाईप बिछाने का कार्य।	1.03	2000/-	300/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.एच.ई. एस.ओ.आर. दिनांक 07.02.2013 संशोधित)	01 माह

1. नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ,ब, स अंकित होना अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
6. समक्ष ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक सालवेंसी, लास्ट तीन साल आईटीआर एवं क्लीयरेंस डिटेल, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं लास्ट तीन माह क्लीयरेंस डिटेल, अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियों कार्यालय अवधि /दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

पेयजल, सड़कबत्ती, सफाई समस्या निराकरण संपर्क निदान-1100

कार्यपालन अभियंता,
जोन क्रमांक- 03,
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

यूलिया वंतूर को लांच करेंगे सलमान खान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी फ्रेंड यूलिया वंतूर को फिल्म इंडस्ट्री में लांच कर सकते हैं। सलमान खान को बॉलीवुड में गॉडफादर माना जाता है। सलमान ने कई कलाकारों को लांच किया है। काफी समय से चर्चा हो रही है कि सलमान खान अपनी फ्रेंड यूलिया वंतूर को फिल्म जगत में लॉन्च कर सकते हैं, जो अबतक नहीं हुआ। ऐसी चर्चा है कि अब सलमान खान ने यूलिया को बॉलीवुड में लाने का मन बना लिया है। यूलिया सिंगिग में अपना हाथ आजमा चुकी हैं।बताया जा रहा था कि यूलिया वंतूर सलमान खान के अगली प्रोडक्शन फिल्म कभी ईद कभी दिवाली में दिखाई दे सकती हैं। हालांकि, अभी आधिकारिक जानकारी आना बाकी है। यूलिया लॉकडाउन में सलमान खान के फार्म हाउस पर ही रह रही हैं। उनके साथ जैकलीन फर्नांडीस भी हैं, जिन्होंने हाल ही में सलमान खान के साथ गाना भी शूट किया था। यूलिया हाल ही में सोशल मीडिया पर सलमान के फार्म हाउस पर मस्ती करते हुए फोटो और वीडियो शेयर कर रही हैं।

लॉकडाउन पर मनीष पॉल ने बनाई शॉर्ट फिल्म

मुंबई (वार्ता)। टीवी के पॉपुलर होस्ट मनीष पॉल ने लॉकडाउन पर एक शॉर्ट फिल्म 'व्हाट इफ़' बनायी है जिसकी अमिताभ बच्चन समेत कई सेलेब्स ने तारीफ़की है।

देशभर में लॉकडाउन चल रहा है और लोग घरों में सेल्फ़आइसोलेशन में हैं। इतने दिनों तक घर में बंद रहने के प्रभावों को मनीष ने अपनी शॉर्ट फ़िल्म 'व्हाट इफ़' में दिखाया है।सात मिनट 27 सेकंड की इस शॉर्ट फिल्म में मनीष पॉल ने लोगों को घर पर सुरक्षित रहने और लॉकडाउन के नियमों का पालन करने का संदेश दिया है. मनीष पॉल की ये शॉर्ट फिल्म महानायक अमिताभ बच्चन को पसंद आई है। उन्होंने मनीष की तारीफकरते हुए अपने ट्विटर अकाउंट पर इस शॉर्ट फिल्म को शेयर किया है।अमिताभ बच्चन ने कैप्शन में लिखा ,÷मनीष पॉल ने वर्तमान की परिस्थितियों पर एक शॉर्ट फिल्म बनाई है। हर ड्रॉप मायने रखता है। हर प्रयास मायने रखता है।

अमिताभ के अलावा करण जौहर, रितेश देशमुख , मनोज बाजपेयी, अर्जुन कपूर, सोनाक्षी सिन्हा समेत कई सेलेब्स ने मनीष को इस प्रयास के लिए सराहा है।

अपने आइकॉनिक स्टाइल से डरते हैं शाहरूख खान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान को अपने आइकॉनिक स्टाइल से डर लगता है। शाहरुख खान जब सिल्वर स्क्रीन पर अपनी बांहें फैलाते हैं, तो हर कोई उनके इस स्टाइल का कायल हो जाता है। दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे से शुरू हुआ उनका यह आइकॉनिक स्टाइल लड़कों में काफी फेमस है। शाहरुख अपने इसी स्टाइल की वजह से बहुत डरते भी हैं।एक शो में शाहरुख ने अपने सबसे बड़े डर का खुलासा किया था। उन्होंने बताया था कि उन्हें डर है कि कोई उनके हाथ ना काट डाले। शाहरुख ने बताया कि उन्हें बांहे खोलने वाले अपने सबसे पॉपुलर स्टाइल से ही डर लगता है। उन्हें डर लगता है कि कोई कभी उनके हाथ ना काट ले। दर्जी के सामने जब मेजरमेंट भी देते हैं तो वे नर्वस हो जाते हैं।बड़ी ही असहजता से वे अपने हाथ ऊपर उठाते हैं। शाहरुख के डर को लेकर यह भी चर्चा थी कि उन्हें स्टारडम खोने का डर है। लेकिन शो के दौरान शाहरुख ने अपने उस बयान पर सफाई देते हुए कहा था कि स्टारडम खोना उनका सबसे बड़ा डर नहीं है।

लॉकडाउन में अरशद ने घटाया छह किलो वजन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में अपने कॉमिक अभिनय के लिये मशहूर अरशद वारसी ने लॉकडाउन के दौरान अपना छह किलो वजन कम कर लिया है। अरशद ने ट्विटर पर वजन कम करने और डायट प्लान के बारे में बताया। अरशद ने लिखा, ÷एक महीने के लिए बहुत सख्त डाइट पर था। जीरो कार्ब्स, रुक-रुक कर कार्डियो और वेट ट्रेनिंग, 30 दिनों में छह किलोग्राम कम, चार और कम करने योजना। मैंने कार्ब्स लिया और हे भगवान, यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ चीज है। अब मुझे फिट रहने का अन्य जरिया ढूंढ़ना है। अरशद के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए रवीना टंडन ने भी बताया कि उन्होंने भी इसी नियम का पालन किया, लेकिन वह असफल रहीं। रवीना ने लिखा, ÷कैसे, मैं भी ऐसी ही कोशिश की। वजन का कांटा डेढ़ किलो के बाद नीचे ही नहीं गया÷ रवीना को अपना फिटनेस रुटीन बताते हुए अरशद , ÷एक विशेष प्रकार का कार्डियो व्यायाम, बीच में रुक-रुक कर ट्रेडमील पर कीटो और इस पर मैं कोई दौड़ नहीं लगाता हूं। यह मेरा आविष्कार है, आपको एक वीडियो भेजता हूं, कोशिश करें, आपको यह पसंद आएगा।

स्टेडियमों में दर्शकों को आने की अनुमति नहीं दी जाएगी- संदीप

स्टेडियमों में अनिवार्य होगा मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग

चंडीगढ़ (वार्ता)। हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि कोविड-19 की रोकथाम के मद्देनजर भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य के खेल परिसरों और स्टेडियमों को खोलने की अनुमति दे दी गई है जिसमें खिलाड़ियों और कर्मचारियों को मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।

संदीप ने मंगलवार को यहां बताया कि स्टेडियमों में दर्शकों को आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी खेल कर्मचारियों और खिलाड़ियों के लिये आरोग्य सेतु का उपयोग करना अनिवार्य किया गया है। खेल विभाग के भवनों में पीडब्ल्यूडी द्वारा एयर-कंडीशनर के उपयोग के सम्बंध में जारी निर्देश का सख्ती से पालन किया जाएगा। खेल विभाग गैर- थर्मल तापमापी से स्वास्थ्य जांच का प्रावधान सुनिश्चित करेगा और इस तरह की स्क्रीनिंग का रिकॉर्ड रखा जाएगा। स्टेडियमों के प्रवेश द्वार पर हैंड-सेनेटाइजर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सेनेटाइजर/किसी भी अन्य सेंसर आधारित सेनेटाइजर को सभी खेल-केंद्रों के अलावा चिकित्सा केंद्र, डाइनिंग हॉल/मेस और अन्य प्रवेश बिंदुओं पर रखा जाएगा। व्यक्तिगत उपकरण जैसे धनुष, बंदूक, तलवार, भाला, डिस्कस, रैकेट आदि का बिना साझा किए उपयोग किया जाएगा और हरेक को उपयोग के बाद कीटाणुरहित किया जाएगा। खेल के विशिष्ट सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, आई प्रोटेक्टर, फेस प्रोटेक्टर आदि साझा नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण गतिविधियों को छोटे समूहों (अधिकतम 8-10 खिलाड़ी) में किया जा सकता है। एथलीटों को उन खेल-अभ्यासों से बचना चाहिए जिनसे शारीरिक संपर्क होता है। प्रशिक्षुओं को इस अवधि के दौरान फ्री-हैंड अभ्यास करने और बड़े पैमाने पर योग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

कोच बनने के लिए अधिक मैच खेलना जरुरी नहीं: गंभीर

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज और अब सांसद बन चुके गौतम गंभीर का मानना है कि टीम का कोच बनने के लिए अधिक मैच खेलना जरुरी नहीं है।

हाल ही में टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ पर निशाना साधते हुए कहा था कि उनके पास अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव नहीं है इसलिए उन्हें बल्लेबाजी कोच नहीं बनना चाहिए था। हालांकि युवराज के पूर्व साथी खिलाड़ी

गंभीर की राय इस मामले में उनसे अलग है। गंभीर ने स्टार स्पोटर्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, ÷एक सफल कोच बनने के लिए जरुरी नहीं कि आपके पास अधिक मैचों का अनुभव हो। यह पैमाना चयनकर्ता के लिए सही है लेकिन कोच बनने के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा, ÷संभव है कि आप टी-20 प्रारुप के लिए एक अलग टी-20 कोच नियुक्त कर लें। लेकिन यह सच नहीं है कि आप अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों के अनुभव के बिना सफल कोच नहीं बन सकते हैं। पूर्व ओपनर ने कहा, ÷टी-20 के कोच मूल रुप से खिलाड़ियों की मानसिकता स्थिर रखने का काम करते हैं और ऐसी मानसिकता तय करते हैं जिससे खिलाड़ी बड़े शॉट खेल सके।

इंग्लैंड दौरे के लिए खिलाड़ियों पर दबाव नहीं डालूंगा : होल्डर

जमैका (वार्ता)। वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर का कहना है कि वह कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए संभावित इंग्लैंड दौरे पर जाने के लिए किसी खिलाड़ी पर दबाव नहीं बनाएंगे। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच चार जून से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज होनी थी जिसे कोरोना के खतरे को देखते हुए स्थगित कर दिया गया था। हालांकि क्रिकेट वेस्टइंडीज और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड

(ईसीबी) को उम्मीद है कि यह सीरीज जुलाई में कराई जा सकती है। इस बात की स्पष्टता होनी चाहिए कि जब भी हम इंग्लैंड दौरे पर जाएं तो खिलाड़ियों के लिए वहां सुरक्षित माहौल रहे। मेरे नजरिए से मैं किसी भी खिलाड़ी पर दौरे पर जाने के लिए दबाव नहीं बनाऊंगा। उन्होंने कहा, हमें क्रिकेट वेस्टइंडीज से इस बात का आश्वासन चाहिए कि जब भी खिलाड़ी इंग्लैंड जाएं वहां वे सुरक्षित रहें। इसमें कोई शक नहीं कि यह ऐसा है जैसे कोई स्वास्थकर्मी पैसे कमाने के लिए अपनी जान पर खेल कर रोज अस्पताल जाए।

एमपी में पदक विजेता खिलाड़ियों से खेलवृति के लिये आवेदन आमंत्रित

भोपाल (वार्ता)। मध्यप्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने पर राज्य शासन द्वारा खेलवृत्ति दिए जाने का प्रावधान है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2019-20 के राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों से खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग द्वारा कोविड-19 संक्रमण के मद्देनजर इस वर्ष खिलाड़ियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई, 2020 निर्धारित की गयी है। इस सिलसिले में संचालक खेल और युवा कल्याण वी के सिंह द्वारा प्रदेश के समस्त संभागीय तथा जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

रोनाल्डो 10 सप्ताह बाद जुवेंटस के ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे

रोम (वार्ता)। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोरोना वायरस के कारण 10 सप्ताह तक मैदान से दूर रहने के बाद मंगलवार को जुवेंटस के ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पांच बार के बैलन डीओर विजेता रोनाल्डो ने ट्रेनिंग शुरु करने से पहले मेडिकल और शारीरिक टेस्ट कराया। 35 वर्षीय फॉरवर्ड खिलाड़ी गत चार मई को पुर्तगाल से इटली आए थे और तुरिन में 14 दिनों तक क्वारंटीन में रहे थे।

मुंह की लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध अजीब फैसला: हेडन

मेलबोर्न (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए गेंदबाजों के मुंह की लार के इस्तेमाल पर रोक और पसीने की इजाजत देने के फैसले को अजीब करार दिया है।

भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के नेतृत्व वाली आईसीसी की तकनीकी समिति ने कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए गेंदबाजों के गेंद पर मुंह की लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी लेकिन गेंदबाजों को पसीने के इस्तेमाल की इजाजत दी गयी है।

हेडन ने कहा, ÷मेरे ख्याल से आईसीसी का मुंह की लार पर प्रतिबंध और पसीने के इस्तेमाल की इजाजत देने का फैसला अजीब है। यह चीजें क्रिकेट का अहम हिस्सा हैं और मुझे नहीं पता इसमें कैसे बदलाव किया जा सकता है। सबसे सही यह होता कि आप गेंदबाजों का कोरोना टेस्ट कराएं और नतीजा नेगेटिव होने पर उसे खेलने की इजाजत दें। अगर गेंदबाज को कोरोना नहीं है तो आईसीसी को मुंह की लार और पसीने दोनों की इजाजत देनी चाहिए। हेडन को आईसीसी का द्विपक्षीय सीरीज में गैर तटस्थ अंपायर रखने का फैसला अच्छा लगा लेकिन दर्शकों के बिना मैच कराए जाने पर उन्होंने असहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा, ÷क्रिकेट में दर्शकों का अहम रोल होता है और दर्शकों के बिना मैदान में खेलना मूल रुप से सही नहीं है। इससे खेल का आकर्षण कम होगा। दर्शकों के बिना टी-20 विश्वकप आयोजित होने पर पूर्व बल्लेबाज ने कहा, ÷मुझे लगता है कि इस साल ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप की संभावना बहुत कम है। हालांकि अगले सप्ताह यहां रग्बी लीग शुरु हो रही है लेकिन टी-20 विश्वकप जैसा वैश्विक टूर्नामेंट अगर दर्शकों के बिना आयोजित होता है तो इससे मुझे बड़ी हैरानी होगी।

कोरोना के कारण धोनी की वापसी मुश्किल : हेडन

मेलबोर्न (वार्ता)। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू हेडन का मानना है कि कोरोना वायरस के कारण क्रिकेट गतिविधियां ठप्प होने से भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी मुश्किल हो गयी है। धोनी पिछले साल इंग्लैंड में हुए आईसीसी क्रिकेट विश्वकप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों टीम के हारने के बाद से अब तक मैदान पर नहीं उतरे हैं। उनके इस साल आईपीएल से क्रिकेट में वापसी की उम्मीद थी लेकिन कोरोना वायरस के कारण आईपीएल के 13वें सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। हेडन ने कहा, ÷अंतरराष्ट्रीय टी-20 टूर्नामेंट कब और कहां होंगे इसकी कोई जानकारी नहीं है। यह क्षमता की बात नहीं है बल्कि लॉजिस्टिक की बात है।

श्रीलंका दौरे पर फैसला करेगा बीसीसीआई

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अंतर्राष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों पर स्पष्टता होने के बाद ही जुलाई में होने वाले श्रीलंका दौरे पर कोई फैसला करेगा। कोरोना वायरस के कारण क्रिकेट गतिविधियां ठप्प होने के बीच श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने कहा है कि वह इस वर्ष जुलाई में भारत की मेजबानी के लिए तैयार है। भारत को जून के अंत में श्रीलंका का दौरा करना है जहां उसे तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। कोरोना के कारण भारत में लॉकडाउन 31 मई तक बढ़ा दिया गया है और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर भी 31 मई तक प्रतिबन्ध जारी है।

अरुण सिंह धूमल का कहना है कि अभी तक कुछ फैसला नहीं किया गया है क्योंकि अभी यह पता नहीं है कि उस समय यात्रा प्रतिबन्ध क्या होंगे। इस बारे में अभी कोई स्पष्टता नहीं है इसलिए इस मामले पर इन्तजार करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। भारत के श्रीलंका दौरे के बाद बंगलादेश को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत श्रीलंका के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

दहशत में जिले की तीन तहसील, कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने से जिला प्रशासन की बढ़ी चिंता

नव प्रदेश संवाददाता

बालोद। बालोद जिले में लगातार कोरोना पजेटिव मरीजों की संख्या में इजाफा होता चला जा रहा है। राहत की बात तो सोमवार को रही जब एक भी कोरोना पजेटिव मरीज की पुष्टि बालोद जिले से नहीं हुई। लेकिन अभी भी प्रशासन पूरे जिले के ऐसे गांवों में गिद्द की आंख गड़ाये हुए हैं जहां अन्य राज्यों से मरीज पहुंचे हैं। तीन दिन पहले बालोद जिले में पहला कोरोना मरीज मिलने के कारण हड़कम मच गया था। उसके बाद दूसरे दिन फिर उसी क्षेत्र से दूसरा मरीज भी पजेटिव मिला। इसी तरह तीसरे दिन दोपहर तक दो और मरीज मिलने की पुष्टि एम्स ने की और शाम तक सात और मरीज जिले के तीन तहसील से मिले। जिसको मिलाकर कुल 11 केस जिले में हो गए हैं। जिसके बाद प्रशासन की नींद हराम हो गई थी। सभी प्रवासी मजदूर होने की पुष्टि जिला प्रशासन ने की थी। बताया जा रहा है कि सभी मजदूरों का सेम्पल लेकर एम्स भेज दिया गया था, इसमें से कुछ जिला क्वेरिन्टेन सेंटर में थे तो कुछ अपने गांव के सामुदायिक भवन, स्कूल भवन में ठहरे हुए थे।

क्वारेनटाईन में ठहरे मजदूरों को सम्भालना बनी चुनौती

बालोद जिले में लगातार दूसरे राज्यों से मजदूरों के आने के सिलसिला जारी है। सभी मजदूरों को मुख्यालय में डॉक्टरों की निगरानी में रख पाना सम्भव नहीं है। जिसके चलते दूसरे राज्य से आये ग्रामीण अंचल के लोगों को उसी के निवास स्थान के गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामाजिक भवन या फिर शासकीय स्कूलों में क्वेरिनटाईन में रखा गया है। लेकिन ग्रामीण अंचलों में प्रशासन की टीम हर एक समय में नहीं रह पाते जिसके कारण कई गांवों में क्वेरिनटाईन में ठहरे मजदूर प्रशासन की आंख में धूल झोंककर वहां से निकल कर घुमते फिरते भी देखे जा रहे हैं। जिससे कोरोना महामारी फैलने का खतरा कई गुणा बढ़ गया है।

90 लोगों के सम्पर्क में आये थे पहले चार मरीज

मिली जानकारी के अनुसार पहले जो चार मरीज बालोद जिले में मिले थे वह 90 से अधिक लोगों के सम्पर्क में आये थे। प्रशासन को सभी व्यक्तियों की जानकारी मिल गई है जिन्हें मुख्यालय के क्विरन्टीन सेंटर में रखा गया है। जिसके बाद प्रशासन उन सात पजेटिव मरीजों के संपर्क में आये लोगो की कुंडली खंगाल रही है।

क्वारेंटाइन सेंटर में रूके दिल्ली से लौटे 25 वर्षीय छात्र की कोरोना जांच रिपोर्ट पाजिटिव

■ देर शाम कलेक्टर ने किया निरीक्षण, ईलाज के लिए कोविड अस्पताल बिलासपुर भेजा गया

नव प्रदेश संवाददाता



कोरबा। राजधानी एक्सप्रेस से 13 मई को दिल्ली से बिलासपुर आकर कोरबा पहुंचे 25 वर्षीय छात्र की कोरोना जांच रिपोर्ट आज पाजिटिव आ गई है। युवक को दिल्ली से लौटने के बाद शहर के महाराजा इन होटल में बने पेड क्वारेंटाइन सेंटर में 14 दिन के क्वारेंटाइन में रखा गया था। युवक की रिपोर्ट पाजिटिव आते ही कलेक्टर किरण कौशल सहित मेडिकल टीम और वरिष्ठ अधिकारी तत्काल क्वारेंटाइन सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने छात्र की टेव्हल हिस्ट्री और संपर्क में आये लोगों के बारे में जानकारी ली। छात्र को परेशान नहीं होने और धैर्य रखने की समझाईश दी। संक्रमित छात्र में कोविड-19 से संबंधित कोई भी प्रारंभिक लक्षण नहीं हैं। पूरे सुरक्षा मापदण्डों के साथ छात्र को ईलाज के लिए विशेष कोविड अस्पताल बिलासपुर भेज दिया गया।

उल्लेखनीय है कि यह छात्र दिल्ली के पटेल नगर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। कोरोना संक्रमण के कारण हुए लॉक डाउन के दौरान छात्र दिल्ली में ही फंस गया था। नई दिल्ली से बिलासपुर तक चली विशेष राजधानी एक्सप्रेस से यह छात्र इस महिने की 13 तारीख को बिलासपुर पहुंचा था। जहां से उसे जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य जांच के बाद विशेष बस से कोरबा लाया गया था। छात्र को होटल महाराजा इन में 14 दिन के क्वारेंटाइन में रखा गया था। इस दौरान कोरोना जांच के लिए छात्र का सेम्पल 14 तारीख को रायपुर एम्स भेजा गया था जिसकी रिपोर्ट आज शाम पाजिटिव मिली है। कलेक्टर किरण कौशल ने आज शाम इस पेड क्वारेंटाइन सेंटर में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए किये गये इंतजामों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस होटल में दिल्ली से तेरह तारीख को ही आये अन्य 18 लोगों को भी क्वारेंटाइन में रखा गया है। संक्रमित छात्र की संपर्क हिस्ट्री ट्रेस करने का काम शुरू कर दिया गया है। पूरे होटल को शाम को ही सेनेटाईज किया गया है। होटल में काम करने वाले स्टाफ को बाहर नहीं जाने और स्टाफ की भी जरूरी जांच के निर्देश कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं।

ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, दबने से 2 लोगों की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

आरंग। थाना क्षेत्र के ग्राम गिधवा में आज शाम 5 बजे हुई दुर्घटना में 2 लोगों की ट्रेक्टर के नीचे दब जाने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आरंग के ग्राम छटेरा के तेजराम यादव (34) और रामजी यादव(37) आज सुबह पड़ोस ग्राम गिधवा के यशवंत चंद्राकर का नया ट्रेक्टर लेकर खेत की जोताई करने गए हुए थे। शाम 5 बजे दोनों काम ख़त्म कर ट्रेक्टर वापिस करने यशवंत के घर गिधवा जा रहे थे। गिधवा के गौठान के पास उनकी ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी, जिससे दोनों ट्रेक्टर के ही नीचे दब गए और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी लेखधर दीवान स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रेक्टर को उठवाकर लाशों को बाहर निकालकरआरंग के मरचुरी भेजा। उक्त ट्रेक्टर मालिक यशवंत चन्द्राकर द्वारा अंचल के किसानों के खेत जुताई का ठेका लिया जाता है। इसके लिए उसने कर्मचारी रखे हुए हैं, जो इन दिनों छुट्टी पर हैं जिसे देखते हुए उसने छटेरा के तेजराम और रामजी को एवजी में काम पर रखा था और आज उनके काम का पहला ही दिन था, जो दोनों के लिए जीवन का अंतिम काम साबित हो गया। दोनों की दर्दनाक मौत से उनके परिजनों के अलावा समूचे छटेरा ग्राम में शोक व्याप्त है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोयला से भरा ट्रक खेत में पलटा

नव प्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। बलौदा-जांजगीर मार्ग में कोयला से भरा ट्रक सड़क किनारे खेत में पलट गया। हालांकि इसमें किसी को कोई चोट नहीं आई। चालक भी पूरी तरह से स्वस्थ है। दुर्घटना का कारण ट्रक का स्टेयरिंग फेल होना बताया जा रहा है।

हिंद एनर्जी कोलवाशरी से कोयला लोडकर ट्रक क्रमांक ओडी 14 के 2277 बलौदा से जांजगीर की ओर जा रहा था। तभी वह जर्वे गांव के पास पहुंचा ही था कि अचानक अनियंत्रित होकर ट्रक सड़क किनारे जाकर खेत में पलट गया। हालांकि इससे कोई जनहानी नहीं हुई। चालक भी सुरक्षित है। हादसे का कारण ट्रक के स्टेयरिंग का फेल होना बताया जा रहा है। इस दौरान अन्य कोई वाहन आगे व पीछे नहीं आ रहा था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। चालक ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई।कोयला से भरी ट्रक पलटने से पूरे सड़क में कोयला बिखर गया। इस दौरान आने जाने वाले लोगों को पूरे दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग को ट्रक खेत में होने से जानकारी नहीं मिल पा रही थी। स्पीड होने के कारण कोयला में फिसलने से कई बाइक चालक गिरते-गिरते बच भी गए।

दिन भर चलता है भारी वाहन

बलौदा क्षेत्र के आसपास करीब 8 कोलवाशरी है। कोलवाशरी के कारण पूरे दिन व रातभर ट्रेलरों का आना-जाना लगा रहता है। ये ट्रेलर चालक हमेशा तेज वाहन चलाते रहते हैं। इसके कारण क्षेत्र में हर माह सड़क दुर्घटना होता रहता है। इसके अलावा एक्सीडेंट से छह माह में आधा दर्ज लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

कोर्ट और रजिस्ट्री शुरू

रायपुर(नवप्रदेश)। रजिस्ट्री ऑफिस में बुधवार से जमीन की खरीदी-बिक्री शुरू।

कोर्ट में बुधवार से कामकाज शुरू

प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय रोजाना खुलेंगे

■ विभाग ने जारी किया आदेश

भाटापारा। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर(पंजीयन) विभाग ने एक आदेश जारी कर प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालयो को रोजाना खोलने का आदेश जारी कर दिया है। शासन के निर्देश पर पंजीयन विभाग के महापंजीयक ने भी इ फाइलिंग साफ्ट वेयर कम्पनी को उक्ताशय का पत्र भेज सभी पंजीयक अधिकारीयो को प्रदेश में रोजाना पंजीयन कार्यालय खोलने का आदेश दिया है।

विदित हो की लाक डाउन के चलते प्रदेश के पंजीयन कार्यालयो को अ ब स वर्ग में बांटा गया था और उनकी केटेगरी के अनुसार उनको खोलने और कार्य करने का निर्देश दिया था। लेकिन अब लाक डाउन 4 चल रहा है और केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को बहुत से अधिकार दे दिए है ऐसे में राज्य सरकार ने अपने पूर्व में कोरोना संक्रमक को देखते हुए लाक डाउन का पालन हेतु दिए गए आदेश और निर्देशो का पालन सुनिश्चित करते हुए बुधवार से प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालयो को रोजाना कार्यदिवस में खोले जाने का निर्देश जारी कर दिया है। शासन के निर्देशो का पालन करते हुए पंजीयन और मुद्राक् विभाग के महानिरीक्षक ने भी विभाग के साफ्ट वेयर को पूर्व की भांति करते हुए बुधवार से सभी पंजीयन कार्यालयो को रोजाना खोलने का आदेश दे दिया है जिसका पालन शुरू हो गया है। विभाग ने फ़िलहाल पंजीयन कार्यालयो को उस तहसील के अंतर्गत आने वाली सम्पतियों का ही पंजीयन करने का निर्देश दिया है, दूसरे तहसील में स्थित सम्पति की रजिस्ट्री पर फ़िलहाल रोक लगाई गई है। इस संबंध में विभाग द्वारा संबंधितों को इस संबंध में निर्देश जारी किया गया है । लॉक डाउन के दौरान पंजीयन कार्यालय में अधिक भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से केवल उन पक्षकारों का दस्तावेज पंजीयन कराने की अनुमति दी गई है जिन्होंने पहले से ही अपॉइंटमेंट बुक कराया हुआ है ।

> राज्य सरकार के आदेश के बाद प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालयो को लाक डाउन का पालन करते हुए रोजाना खोलने का आदेश दे दिया गया है।
>
> **धर्मेश साहू ,** आई ए एस, महानिरीक्षक पंजीयन एव अधीक्षक मुद्रांक छत्तीसगढ़

कोरोना लड़ाई में पूरा विश्व मोदीजी को लोहा मान रहा :सुनील सोनी

■ कलेक्टर से मिलकर एम्स का लिंक एप्प जुड़वाया

भाटापारा। क्षेत्रीय सांसद सुनील सोनी ने अपने जिले के दौरे के दौरान भाटापारा के विधायक शिवरतन शर्मा एवं बलौदा बाजार के विधायक प्रमोद शर्मा के साथ जिला के कलेक्टर कार्तिकेय गोयल से मिले इस दौरान उन्होंने कलेक्टर बलौदा बाजार को दूसरे प्रदेशों से आ रहे मजदूरों के समुचित देखभाल करने को कहा तथा उन्होंने रायपुर एम्स अस्पताल के प्रबंधक से बात कर एम्स अस्पताल के एप लिंक से जुड़वाया जिससे कलेक्टर बलौदा बाजार को जिले के कोरोना पीडितो के स्वास्थ्य की जानकारी तुरंत मिल सकेगी ।

भाटापारा में भाजपा कार्यालय में विधायक शिवरतन शर्मा ,पूर्व मंडल अध्यक्ष महाबल दास बघेल आदि नेताओ की उपस्थिति में पत्रकारों से चर्चा करते हुए सांसद सुनील सोनी ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना से निजात के लिए हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है जिसका लोहा आज पूरा देश ही नहीं अपितु पूरा विश्व मानने लगा है और उनके इसी जीवटता को देखते हुए उन्हें विश्व के अनेक प्रमुख देश के नेताओं ने डब्ल्यूएचओ का अध्यक्ष भी बनाया है श्री सोनी ने आगे कहा कि केंद्र की सरकार ने कोरोना महामारी से देश के लोगों को बचाने के लिए 20 लाख करोड़ रुपए का खजाना खोल दिया है जिसका विवरण देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं उनके सहयोगी अनुराग ठाकुर रोज दे रहे हैं परंतु यह दुर्भाग्य है कि हमारे प्रदेश के मुखिया इसे सीरियल बता रहे हैं ।

श्रमिक ट्रेनों में श्रमिकों को पिलाया जा रहा है पानी

भाटापारा। भाटापारा सहित रायपुर रेल मंडल में रायपुर, दुर्ग, स्टेशनों से प्रतिदिन लगभग 20 से 25 श्रमिक ट्रेनें गुजरती है । जिसमें श्रमिक यात्रियों को भोजन एवं पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। रायपुर रेल मंडल ने अपने प्रमुख स्टेशनों दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के भारत स्काउट्स एंड गाइड के सदस्यों द्वारा श्रमिकों को सीधे ट्रेन की खिड़कियों से पानी के पाईप द्वारा पीने का पानी को उपलब्ध कराया जा रहा हैं। जिसके लिए स्काउट एंड गाइड ठंडे पेयजल को पाइप के माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए श्रमिकों को पानी उपलब्ध करा रहे हैं जिससे श्रमिक यात्रियों को प्लेटफार्म पर उतरना ना पड़े।

■ न्यूज गैलरी

आरोग्य सेतु एप सभी जियो फोन के केएआईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामरी कोरोना वायरस 'कोविड-19' के संक्रमित व्यक्ति के आसपास होने पर सतर्क करने वाला आरोग्य सेतु एप अब सभी जियो फोन के केएआईओएस प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध है। आरोग्य सेतु एप की तरफ से यह जानकारी दी गई है। कोरोना संकट की चुनौती से निपटने में करीब 11 करोड़ जियो फोन इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता भी अब आरोग्य सेतु एप लोड कर अपना योगदान वायरस के खिलाफ संघर्ष में दे सकते हैं। इससे पहले आरोग्य सेतु एप मात्र 50 लाख जियोफोन उपभोक्ताओं के लिए ही उपलब्ध कराया गया था। अब यह ग्यारह करोड़ के लिये मुहैया है।

सोने-चांदी की कीमतों में एक और बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। मंगलवार को बुरी तरह गिरने के बाद सोना एक बार फिर उठ खड़ा हुआ है। बुधवार सुबह 10 ग्राम 24 कैरेट सोना महंगा हो गया। अब 10 ग्राम गोल्ड 999 के लिए 47356 रुपये चुकाने पड़ेंगे। इससे पहले मंगलवार को सोने की कीमत में भारी गिरावट हुई थी। सोना करीब 48000 रुपये से 46966 रुपये पर आ गया था। वहीं चांदी के तेवर एक बार फिर गरम हो गए हैं। सुबह के कारोबार में चांदी 1515 रुपये प्रति किलोग्राम का उछाल आया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट उनकी औसत कीमत अपटेड करती है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन दिल्ली के मीडिया प्रभारी राजेश खोसला के मुताबिक द्वड्ढद्वड्ड देशभर के 14 सेंटरों से सोने-चांदी का करेंट रेट लेकर इसका औसत मूल्य बताता है। खोसला कहते हैं कि सोने-चांदी का करेंट रेट या यूं कहें हाजिर भाव अलग-अलग जगहों पर अलग हो सकते हैं पर इनकी कीमतों में मामूली अंतर होता है।

नई कर व्यवस्था में भी एनपीएस निवेश पर ले सकते हैं छूट का लाभ

नई दिल्ली। नया वित्त वर्ष शुरू हुए करीब दो महीने होने वाला है। ऐसे में आपने नियोक्ता को जानकारी दे दी होगी कि आप नई या पुरानी कर व्यवस्था के साथ जाना चाहते हैं। अगर, आपने नई कर व्यवस्था का चुनाव किया है तो तमाम तरह के निवेश पर मिलने वाला कर छूट का फायदा नहीं मिलेगा लेकिन क्या आपको पता है कि नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में किए निवेश पर कर छूट का लाभ मिलता रहेगा। एनपीएस में किए निवेश पर आपको आयकर कानून 1961 के तहत लाभ मिलेगा। एक बात का ख्याल रखें कि अगर आपने नई कर व्यवस्था को अपनाया है तो ईपीएफ, एनपीएफऔर सेवा निवर्तन निधि में निवेश 7.5 लाख रुपये से अधिक न हो। अगर इस से अधिक आप निवेश करेंगे तो जितनी रकम अधिक होगी उस पर कर का भुगतान करना होगा।

वैश्विक रैंकिंग में पांच पायदान फिसला दिल्ली हवाई अड्डा, अब 17वें स्थान

मॉन्ट्रियल/नई दिल्ली (वार्ता)। यात्रियों की संख्या के मामले में दुनिया के शीर्ष हवाई अड्डों की सूची में दिल्ली का इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पाँच पायदान फिसलकर 17वें स्थान पर आ गया है।

एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) ने वर्ष 2019 में हवाई अड्डों पर आवाजाही के हिसाब से मंगलवार को नयी रैंकिंग जारी की। दिल्ली हवाई अड्डे पर गत वर्ष यात्रियों की संख्या दो प्रतिशत घटकर 6,84,90,731 रह गयी। वर्ष 2018 में यह दुनिया में 12वें स्थान पर रहा था। पिछले साल इसकी रैंकिंग घटकर 17वें पायदान पर आ गयी। इसके बावजूद शीर्ष 20 में जगह बनाने वाला यह भारत का एक मात्र हवाई अड्डा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली हवाई अड्डे पर इस साल की पहली तिमाही में यानी जनवरी से मार्च के बीच हवाई यात्रियों की संख्या में 7.1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी है। मार्च के अंतिम सप्ताह में लॉकडाउन के कारण देश में यात्री उड़ानें पूरी तरह बंद रहीं। कोविड-19 के मद्देनजर इससे पहले से ही कई अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानें बंद कर दी गयी थीं। देश में 22 मार्च से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की आवाजाही बंद कर दी गयी थी। आँकड़ों के अनुसार इस साल 31 मार्च को समाप्त तिमाही में दिल्ली हवाई अड्डे पर 1,56,18,233 यात्रियों की आवाजाही रही। एसीआई की यात्री संख्या आधारित रैंकिंग में अमेरिका का एटलांटा हवाई अड्डा और चीन का बीजिंग हवाई अड्डा क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने रहे। यात्री की संख्या 3.1 फीसदी की घटने से दुबई हवाई अड्डा एक स्थान खिसककर चौथे स्थान पर चला गया जबकि अमेरिका का लॉस एंजिलिस हवाई अड्डा एक स्थान की छलाँग लगाकर तीसरे पायदान पर पहुँच गया। जापान की राजधानी टोक्यो के हनेदा हवाई अड्डे ने अपना पाँचवाँ स्थान बरकरार रखा है।

शीर्ष 10 में अमेरिका के चार हवाई अड्डे हैं और चीन के दो हवाई अड्डे हैं। अमेरिका का शिकागो छठे और डैलस हवाई अड्डा 10वें स्थान पर रहा। लंदन का हिथ्रो हवाई अड्डा सातवें, चीन का शंघाई आठवें और फ्रांस की राजधानी पेरिस का चार्ल्स डी गुएला हवाई अड्डा नवें स्थान पर रहा। किसी हवाई अड्डे पर उतरने और वहाँ से उड़ान भरने वाले विमानों की संख्या कि मामले में दिल्ली हवाई अड्डा 13वें से फिसलकर 16वें स्थान पर चला गया है। पिछले साल यहाँ 4,66,452 लैंडिंग और टेकऑफ हुये जो 2018 के मुकाबले तीन प्रतिशत कम है। देश के दूसरे नंबर की विमान सेवा कंपनी जेट एयरवेज के बंद होने का असर दिल्ली एयरपोर्ट के आँकड़ों पर साफ दिख रहा है। इस मामले में अमेरिका का शिकागो हवाई अड्डा पहले और एटलांटा हवाई अड्डा दूसरे स्थान पर रहा।

उबर के बाद अब ओला के 1400 कर्मचारियों पर कोरोना की मार

राइडर्स, फाइनेंशियल सर्विसेज और फूड बिजनेस में छंटनी

नई दिल्ली। कैब एग्रीगेटर ओला ने राइडर्स, फाइनेंशियल सर्विसेज और फूड बिजनेस के 1,400 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही। कोरोवायरस वायरस महामारी के कारण पिछले दो महीनों में कंपनी के राजस्व में 95 फीसदी की गिरावट आई है। इसको लेकर कंपनी के सीईओ भावेश अग्रवाल ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण पिछले दो महीनों में सवारी, वित्तीय सेवाओं और खाद्य कारोबार से उसकी आमदनी 95 प्रतिशत घटी है और इसके चलते वह 1,400 कर्मचारियों को निकाल रही है।

कमाई में 95 प्रतिशत की कमी

कर्मचारियों को भेजे एक ईमेल में अग्रवाल ने यह साफ किया कि व्यापार का भविष्य ''बेहद अस्पष्ट और अनिश्चित है और ''निश्चित रूप से इस संकट का असर हम पर लंबे समय तक रहेगा। उन्होंने कहा, ''खासतौर से हमारे उद्योग के लिए वायरस का असर बहुत खराब रहा है। पिछले दो महीनों में हमारी कमाई में 95 प्रतिशत की कमी आई है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस संकट ने हमारे लाखों ड्राइवरों और उनके परिवारों की आजीविका को प्रभावित किया है। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने 1,400 कर्मचारियों की छंटनी करने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि यह छंटनी एकमुश्त होगी और सवारी सेवा के लिए इसे इस सप्ताह के अंत तक, ओला फूड और ओला फाइनेंशियल सर्विसेज के लिए अगले सप्ताह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कवायद के बाद कोविड-19 संबंधी कोई और छंटनी नहीं की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि अधिक से अधिक कंपनियों के बड़ी संख्या में कर्मचारी घर से काम करेंगे, हवाई यात्रा सीमित होंगी और छुट्टियों की योजना टाल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे में पक्का है कि संकट का असर लंबे समय तक रहेगा। कोरोना के बाद दुनिया अचानक बदलने वाली नहीं है। सामाजिक दूरी, चिंता और सावधानी लंबे समय तक चलेगी। पिछले कुछ सप्ताह में ऊबर, जोमैटो और स्वीगी जैसी तकनीकी आधारित कंपनियों ने छंटनी की घोषणा की है। जोमैटो ने अपने 4,000 कर्मचारियों में 13 प्रतिशत की छंटनी की है, जबकि स्वीगी ने कहा है कि वह दुनिया भर में 3,000 लोगों की छंटनी कर रही है। इसी तरह ऊबर भी दुनिया भर में 3,000 लोगों की छंटनी कर रही है। उबर ने लगभग 45 कार्यालय स्थानों को बंद करने का प्लान किया है। अगले 12 महीनों में उबर अपने सिंगापुर कार्यालय को भी बंद कर सकता है।

अग्रवाल ने कहा कि अधिक से अधिक कंपनियों के बड़ी संख्या में कर्मचारी घर से काम करेंगे, हवाई यात्रा सीमित होंगी और छुट्टियों की योजना टाल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे में पक्का है कि संकट का असर लंबे समय तक रहेगा। कोरोना के बाद दुनिया अचानक बदलने वाली नहीं है। सामाजिक दूरी, चिंता और सावधानी लंबे समय तक चलेगी। पिछले कुछ सप्ताह में ऊबर, जोमैटो और स्वीगी जैसी तकनीकी आधारित कंपनियों ने छंटनी की घोषणा की है। जोमैटो ने अपने 4,000 कर्मचारियों में 13 प्रतिशत की छंटनी की है, जबकि स्वीगी ने कहा है कि वह दुनिया भर में 3,000 लोगों की छंटनी कर रही है। इसी तरह ऊबर भी दुनिया भर में 3,000 लोगों की छंटनी कर रही है। उबर ने लगभग 45 कार्यालय स्थानों को बंद करने का प्लान किया है। अगले 12 महीनों में उबर अपने सिंगापुर कार्यालय को भी बंद कर सकता है।

लगातार दूसरे दिन चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर मजबूत निवेश धारणा से घरेलू शेयर बाजारों में आज दो फीसदी से अधिक तेजी रही। यह लगातार दूसरा दिन है जब बाजार बढ़त में बंद हुआ है। बीएसई का सेंसेक्स 622.44 अंक यानी 2.06 प्रतिशत चढ़कर 30,818.61 अंक पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 187.45 अंक अर्थात् 2.11 फीसदी की बढ़त में 9,066.55 अंक पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में आज शुरू से ही तेजी रही। लॉकडाउन के चौथे चरण में लगभग सभी तरह की आर्थिक गतिविधियों की अनुमति देने से निवेशकों का विश्वास अर्थव्यवस्था में बढ़ा है। इससे मझौली और छोटी कंपनियों में भी उन्होंने लिवाली की। बीएसई का मिडकैप 1.49 प्रतिशत चढ़कर 11,278.22 अंक पर और स्मॉलकैप 1.13 फीसदी की मजबूती के साथ 10,472.37 अंक पर पहुंच गया। स्वास्थ्य, पूंजीगत वस्तुएं तथा टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद जैसे समूहों में लिवाली का अधिक जोर रहा। दूरसंचार को छोड़कर अन्य समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर छह फीसदी के करीब, एचडीएफसी के साढ़े पांच प्रतिशत और एलएंडटी के करीब पांच फीसदी चढ़े। टाटा स्टील में भी चार प्रतिशत की बढ़त रही। इंडसइंड बैंक के शेयर तीन फीसदी के करीब टूटे। सेंसेक्स 36.58 अंक की गिरावट के साथ 30,159.59 अंक पर खुला और 30,157.75 अंक के दिवस के निचले स्तर को छूने के बाद कुछ ही देर में हरे निशान में पहुंच गया। धीरे-धीरे इसका ग्राफ ऊपर की ओर बढ़ता गया। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 30,878.31 अंक रहा। अंत में गत दिवस की तुलना में 2.06 फीसदी की बढ़त में 30,818.61 अंक पर बंद हुआ।

कोरोना की मार: विश्वबैंक ने 100 देशों को दी 160 अरब डॉलर की सहायता

6 करोड़ लोग गरीबी की दलदल में फंसेंगे

वाशिंगटन। विश्वबैंक ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी के कारण दुनिया भर में 6 करोड़ से अधिक लोग निपट गरीबी के दलदल में फंसेंगे। इस वैश्विक निकाय ने इस वैश्विक संकट से उबरने के अभियान के तहत 100 विकासशील देशों को 160 अरब डॉलर की सहायता देने की घोषणा की है। यह पूरी सहायता पंद्रह महीने की अवधि में दी जाएगी।

विश्वबैंक के अध्यक्ष डेविड मालपॉस ने एक कांफ्रेंस कॉल में संवाददाताओं से कहा, ''इस महामारी और विकसित अर्थव्यवस्थाओं के बंद होने से 6 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की दलदल में फंस जाएंगे। हाल के दिनों में गरीबी उन्मूलन की दिशा में हमने जो प्रगति की है, उसमें से बहुत कुछ खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''विश्वबैंक समूह ने तेजी से कदम उठाया है और 100 देशों में आपात सहायता अभियान शुरू किया है। इसमें अन्य दानदाताओं को कार्यक्रम के तेजी से आगे बढ़ाने की अनुमति होती है। उन्होंने कहा कि 160 अरब डालर की राशि 15 माह में दी जाएगी।

100 देशों में दुनिया की 70 प्रतिशत आबादी

विश्वबैंक से सहायता पा रहे इन 100 देशों में दुनिया की 70 प्रतिशत आबादी रहती है। इनमें से 39 अफ्रीका के उप-सहारा क्षेत्र के हैं। कुल परियोजनाओं में एक तिहाई अफगानिस्तान, चाड, हैती और नाइजर जैसे नाजुक और चरमपंथ प्रभावित क्षेत्रों में हैं। मालपॉस ने कहा, ''वृद्धि के रास्ते पर लौटने के लिए हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य आपात से निपटने को लेकर तीव्र और लचीला रुख होना चाहिए। साथ ही गरीबों की मदद के लिए नकद और अन्य सहायता, निजी क्षेत्र को बनाये रखना तथा अर्थव्यवस्था की मजबूती और पुनरूद्धार को मजबूत बनाना होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को देशों के हिसाब से तैयार किया है ताकि वे स्वास्थ्य, आर्थिक सामाजिक झटकों से प्रभावी तरीके से निपट सके, जिसका वे सामना कर रहे हैं।मालपॉस ने कहा कि इस कार्यक्रम से स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी और जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरणों की खरीद में मदद मिलेगी।

हुंडई ने लॉन्च किया सिडान वेरना का नया संस्करण

नई दिल्ली। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को सेडान वरना के नए संस्करण की पेशकश की, जिसकी दिल्ली में शोरूम कीमत 9.3 लाख रुपये से 15.09 लाख रुपये के बीच है। कंपनी ने बताया कि इस संस्करण का नाम 'दि स्प्रिटेड न्यू वरना है और इसमें बेहतर डिजाइन, इंटेलीजेंट तकनीक, बेहतर परफॉरमेंस और नए फीचर्स पर जोर दिया गया है। कंपनी के एमडी और सीईओ एस एस किम ने कहा वरना के नए संस्करण में भविष्य की डिजाइन, स्मार्ट संपर्क और सुपीरियर डायनामिक्स का इस्तेमाल किया गया है। कंपनी ने बताया कि ये मॉडल बीएस-6 मानकों के अनुरूप है और 1.5 लीटर पेट्रोल और डीजल संस्करण तथा एक लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन संस्करण में उपलब्ध है। कारदेखो के मुताबिक इस 5-सीटर कार की फीचर लिस्ट में ब्लूलिंक कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी और सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है। इसमें पहले की तरह ही वेन्टीलेटेड फ्रंट सीटें और वायरलैस चार्जिंग की सुविधा भी है। गाड़ी के फेसलिफ्ट वर्जन में हैंड्स-फ्री बूट ओपनिंग, सनरूफ, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम और फ्रंट पार्किंग सेंसर्स दिए गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसमें एबीएस के साथ ईबीडी, रियर पार्किंग सेंसर्स और स्पीड अलर्ट जैसे सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं।

फेसलिफ्टेड वरना में दो पेट्रोल इंजन और एक डीजल इंजन दिए गए हैं। गाड़ी का 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन और 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन क्रमशः 115 पीएस/144 एनएम और 120 पीएस/172 एनएम की पावर ट्यूनिंग के साथ आता है।

आज का भविष्यफल

मेष: आज आपको अपने खर्च पर संतुलन बनाना होगा। आय की तुलना में खर्च अधिक हो सकता है। यदि आप किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था से कर्ज लेना चाहें तो कदापि न लें, आज लिए गए कर्ज का उतरना कठिन रहेगा।

वृषभ: आज पूरा दिन मेहनत के अनुपात में दोगुना लाभ आपको अवश्य मिलेगा। सहयोग देंगे तो सहयोग प्राप्त होगा। कार्य में रोमांचक अनुभव होगा।

मिथुन: भाग्य के साथ आज कार्य की व्यस्तता रहेगी। आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है।



कर्क: भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

सिंह: आज का दिन मिश्रित फलकारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी।

कन्या: आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग प्राप्त होगा।

तुला: आज का दिन आपके लिए शुभकारक है। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। आज आप अपने गुरू के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें।

वृश्चिक: आज आपका मन अशांत एवं परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं।

धनु: आज आपकी विद्या और ज्ञान की वृदि होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रूचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

मकर: आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

कुंभ: आज का दिन बुद्धि विवके से नई खोज करने में व्यतीत होगा। दिन की शुरुआत धन लाभ से होगी और चिंतामुक्त होकर कार्यक्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

मीन: संतान से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा।

सू- दोकू क्र.028

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.27 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3

शब्द सामर्थ्य -028

(भगवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, साँस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. जब सोने का पंख 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानदार 17. अनुग्रह, कांका, अनुपम, शैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का हानिकर संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 27 का हल


किसानों को मिलेगा 'न्याय'
आज शुरुआत होगी छत्तीसगढ़ से
राजीव गांधी किसान न्याय योजना
छत्तीसगढ़
राजीव गांधी किसान न्याय योजना
स्व. राजीव गांधी के शहादत दिवस, 21 मई से होगी शुरुआत
❖ धान, मक्का और गन्ना के 19 लाख किसानों को मिलेगा लाभ
❖ धान के किसानों को मिलेगा 10,000 रु प्रति एकड़ अतिरिक्त
❖ 4 किस्तों में 5700 करोड़ रुपए पहुचेंगे किसानों के खातों में
❖ 355 रुपए समर्थन मूल्य से 250 करोड़ रुपए की गन्ना खरीदी
❖ 83.67 मी. टन धान के लिए 15,231 करोड़ का भुगतान हुआ
जो कहा, सो किया
☑ सरकार बनने के बाद किया 17.87 लाख किसानों का 8755 करोड़ का कर्ज माफ़
☑ किसानों को धान के बोनस के साथ मिले 20,095 करोड़ रुपए
☑ ख़रीफ़ बीमा/आरबीसी के तहत 1000 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी गई
☑ 260 करोड़ रुपए का सिंचाई कर माफ़ किया गया
छत्तीसगढ़ शासन
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्रीमती सोनिया गांधी एवं श्री राहुल गांधी करेंगे योजना का लोकार्पण
संवाद-25416/14